सूर्योदय प्रातः 6:28 सूर्यास्त संध्या 5:38 पखवाड़ा माघ शु. षष्ठी/सप्तमी संवत 2081 तापमान अधिकतम 28° न्यूनतम 13°



# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित



रांची, मंगलवार, 04 फरवरी 2025, वर्ष : 15, अंक : 350, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter

**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 77,186.74 | -319.22 (-0.41%) |
| निफ्टी | 23,361.05 | -121.10 (-0.52%) |

**सर्राफा बाजार** (प्रति 10 ग्राम)

| | |
|---|---|
| सोना (24 carat) | 82,790.00 |
| चांदी | 1070.00 |

## मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की गम्भीरता ने रंग दिखलाया

# राज्य में स्टार्टअप को बढ़ावा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन राज्य में स्टार्टअप को बढ़ावा देने के प्रति गम्भीर हैं। इसी के मद्देनजर 07 दिसम्बर 2023 को हुई कैबिनेट की बैठक में राज्य की नयी झारखंड स्टार्टअप नीति 2023 को स्वीकृति मिली थी। अब झारखंड सरकार द्वारा राज्य में नयी झारखंड स्टार्टअप पॉलिसी 2023 के अंतर्गत http://abvil.jharkhand.gov.in पोर्टल के माध्यम से नये स्टार्टअप आइडिया 04 फरवरी 2025 से प्रारम्भ किया जा रहा है। इस पोर्टल के माध्यम से एप्लिकेंट अपने आइडियाज दे सकेंगे।

**राज्य में नयी झारखंड स्टार्टअप नीति 2023 है लागू**

**राज्य** में नयी झारखंड स्टार्टअप नीति 2023 लागू है। इसके सफल संचालन एवं क्रियान्वयन हेतु ABVIL का गठन कम्पनीज एक्ट 2013 के तहत सेक्शन 8 के रूप में किया गया है। इस एजेंसी का कार्य राज्य में स्टार्टअप का चयन करना, स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा देना तथा पॉलिसी में प्रावधानित फिस्कल एवं नॉन फिस्कल इंसेंटिव्स का कॉमन इंसेंटिव डिसबर्समेंट गाइडलाइन के तहत क्रियान्वयन करना है। ● शेष पृष्ठ 11 पर

- नयी झारखंड स्टार्टअप पॉलिसी 2023 के अंतर्गत http://abvil.jharkhand.gov.in पोर्टल के माध्यम से नये स्टार्टअप आइडिया आज से किये जायेंगे आमंत्रित
- मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में 07 दिसम्बर 2023 को हुई कैबिनेट बैठक में मिली थी राज्य की नयी झारखंड स्टार्टअप नीति 2023 की स्वीकृति



## महिलाओं को सशक्त बना रही राज्य सरकार : मुख्यमंत्री



**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को खिजुरिया, दुमका स्थित आवास पर विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आम लोगों ने मुलाकात कर अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने लोगों की समस्याओं के शीघ्र निराकरण करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि यह अबुआ सरकार है। आप सभी के आशीर्वाद से राज्य में एकबार पुनः मजबूत सरकार का गठन हुआ है। आपकी समस्याओं का निराकरण हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार के विगत कार्यकाल में 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम के अंतर्गत गांव-गांव और पंचायत-पंचायत में लगे शिविरों में लाखों की संख्या में लोगों ने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने हेतु आवेदन दिये और उनका त्वरित निष्पादन भी हुआ। अधिकारियों ने आपके घर के दरवाजे पर पहुंच कर पूरी संवेदनशीलता के साथ आपकी समस्याओं को सुना और उसका समाधान किया। वर्तमान समय में सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं ● शेष पृष्ठ 11 पर

## लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा...

# विधानसभा चुनाव से पहले महाराष्ट्र में जोड़े गये हिमाचल जितने मतदाता



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले कथित तौर पर बड़ी संख्या में मतदाता जोड़े जाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनावों के बीच हिमाचल प्रदेश की आबादी जितने मतदाताओं को महाराष्ट्र की मतदाता सूची में जोड़ा गया। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में पांच साल में इतने मतदाता नहीं जुड़े, जितने लोकसभा और विधानसभा चुनाव के बीच के समय में जोड़े गये हैं। शिरड़ी की एक बिल्डिंग में 07 हजार मतदाताओं का पंजीकरण हुआ है।

लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान ● शेष पृष्ठ 11 पर

### राहुल गांधी का राजनीतिक झूठ राष्ट्र के लिए नुकसानदायक : जयशंकर



**विदेश** मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने सोमवार को लोकसभा में राहुल गांधी की टिप्पणी को झूठ करार देते हुए कहा है कि उनकी राजनीतिक टिप्पणी विदेश में राष्ट्र को नुकसान पहुंचाती है। जयशंकर ने 'एक्स' पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री के निमंत्रण के बारे में उनकी अमेरिकी यात्रा के दौरान किसी भी स्तर पर चर्चा नहीं की गयी। यह सामान्य ज्ञान है कि प्रधानमंत्री इस तरह के आयोजनों में शामिल नहीं होते हैं। वास्तव में भारत का प्रतिनिधित्व आम ● शेष पृष्ठ 11 पर

### बिधूड़ी ने आम आदमी पार्टी पर साधा निशाना

**लोकसभा** में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान सोमवार को भाजपा सदस्य रामवीर सिंह बिधूड़ी ने दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य के विकास के लिए केन्द्र सरकार की हर योजना और कार्य को आआपा ने रोका है। बिधूड़ी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र ● शेष पृष्ठ 11 पर

## राज्यसभा में महाकुम्भ त्रासदी पर तत्काल चर्चा से इनकार के बाद विपक्ष ने किया सदन से वॉकआउट

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : राज्यसभा में विपक्षी दलों ने महाकुम्भ में पिछले सप्ताह हुई भगदड़ की घटना पर सोमवार को तत्काल चर्चा की मांग को स्वीकार न किये जाने पर सदन से वॉकआउट किया। महाकुम्भ की इस घटना में कई लोगों की मौत हो गयी थी। सोमवार को सुबह सदन की कार्रवाई शुरू होने पर सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि उन्हें नियम 267 के तहत दिन के सूचीबद्ध कार्य को स्थगित करने और नोटिस में उल्लिखित मुद्दों को उठाने के लिए नौ नोटिसें मिली हैं, जिसमें महाकुम्भ मामले पर चर्चा भी शामिल है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस पार्टी के प्रमोद तिवारी और दिग्विजय सिंह, तृणमूल कांग्रेस की सागरिका घोष, समाजवादी पार्टी के जावेद अली और रामजी लाल सुमन और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जॉन ब्रिटास ने महाकुम्भ मुद्दे पर चर्चा की मांग करते हुए नोटिसें दी थीं। अन्य नोटिस 'संविधान और डॉ. भीमराव आम्बेडकर के प्रति अनादर की घटनाओं में वृद्धि' और 'केन्द्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री के दिये गये भेदभावपूर्ण और जातिवादी बयानों' से सम्बन्धित थे। ● शेष पृष्ठ 11 पर




### महाकुम्भ भगदड़ में हुई मौतों पर खड़गे की टिप्पणी को लेकर हंगामा

**कांग्रेस** अध्यक्ष एवं राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को कहा कि पिछले सप्ताह महाकुम्भ में मची भगदड़ में हजारों लोगों की मौत हो गयी, जिन्हें मैं श्रद्धांजलि देता हूं। उनके इस बयान को लेकर सदन में जोरदार हंगामा हुआ और सभापति जगदीप धनखड़ ने उनसे यह बयान वापस लेने को कहा। खड़गे ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर राज्यसभा में हुई चर्चा में भाग लेते हुए ● शेष पृष्ठ 11 पर

### महाकुम्भ भगदड़ की घटना पर पर्दा डालने की हो रही कोशिश : जया

**समाजवादी** पार्टी की राज्यसभा सदस्य एवं फिल्म अभिनेत्री जया बच्चन ने आरोप लगाया है कि महाकुम्भ में हुई भगदड़ की घटना पर पर्दा डालने की कोशिश हो रही है। जया बच्चन ने सोमवार को संसद परिसर में मीडियाकर्मियों से कहा कि महाकुम्भ में गरीबों और आम आदमी की कोई सहायता नहीं की जा रही है और न ही उसके लिए कोई व्यवस्था की जा रही है। ● शेष पृष्ठ 11 पर

## नॉन स्टेट सिविल सेवा से कंचन सिंह समेत छह अधिकारी बने आईएएस

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड कैडर के नॉन स्टेट सिविल सेवा से कंचन सिंह समेत छह अधिकारियों को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में प्रोन्नति दी गयी है। इनमें धनंजय कुमार सिंह, सीता पुष्पा, बिजय कुमार सिन्हा, प्रीति रानी और राजेश प्रसाद शामिल है। इस सम्बन्ध में केन्द्रीय कार्मिक मंत्रालय भारत सरकार के अवर सचिव ने सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी है। वर्ष 2023 की रिक्तियों के विरुद्ध इन्हें प्रमोशन मिला है।

अधिसूचना में कहा गया है कि गैर-राज्य सिविल सेवा के निम्नलिखित सदस्यों को राज्य सरकार के परामर्श से उक्त विनियमावली के विनियम 3 के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा निर्धारित रिक्तियों के विरुद्ध भारतीय प्रशासनिक सेवा में 2023 (गैर-एससीएस) की चयन सूची के लिए अगले आदेश तक परिवीक्षा पर नियुक्त करते हैं। इन्हें भारतीय प्रशासनिक सेवा (संवर्ग) नियमावली, 1954 के नियम 5 (1) के अंतर्गत झारखंड संवर्ग को आवंटित करते हैं।

## सरकार की मंजूरी के बाद झारखंड डीजीपी के पद पर पदस्थापित किये गये अनुराग गुप्ता

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : आईपीएस अनुराग गुप्ता झारखंड डीजीपी के पद पर पदस्थापित किये गये। इस सम्बन्ध में सोमवार की दोपहर गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के जरिये अधिसूचना जारी कर दी गयी। इससे पहले रविवार की रात सरकार ने अनुराग गुप्ता को डीजीपी के पद पर नियमित नियुक्ति करने की मंजूरी दे दी थी। उनकी नियुक्ति दो साल के लिए होगी। उनका कार्यकाल 26 जुलाई 2024 से दो साल के लिए होगा। अनुराग गुप्ता अभी झारखंड के प्रभारी डीजीपी थे। साथ ही, वह सीआईडी डीजी और एसीबी के डीजी पद के अतिरिक्त प्रभार में हैं। उल्लेखनीय है कि साल 2022 में सरकार ने अनुराग गुप्ता को डीजी रैंक में प्रोन्नति दी थी। प्रोन्नति मिलने के बाद वह डीजी ट्रेनिंग के पद पर पदस्थापित रहे। 26 जुलाई 2024 को सरकार ने उन्हें झारखंड का प्रभारी डीजीपी बनाया।



गत विधानसभा चुनाव के दौरान चुनाव आयोग ने उन्हें प्रभारी डीजीपी के पद से हटाने का आदेश जारी किया था और अजय सिंह को डीजीपी बनाया गया था। इसके बाद बीते 28 नवम्बर को सरकार ने अनुराग गुप्ता को दुबारा झारखंड पुलिस का प्रभारी डीजीपी बनाया। वह 1990 बैच के तेज तर्रार आईपीएस अधिकारी हैं।

## झारखंड में होने लगा गर्मी का एहसास, सुबह व रात में पड़ रही ठंड

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड में अब लोगों को गर्मी का एहसास होने लगा है। लोग अब रात में पंखे और एसी चला कर सो रहे हैं। हालांकि, अभी लोगों को सुबह और रात में ठंड लग रही है। मौसम विभाग के अनुसार अगले पांच दिनों तक तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। रांची का न्यूनतम तापमान 14 से 15 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। वहीं, मंगलवार और बुधवार को राजधानी और आसपास के इलाकों में हल्के बादल छाये रह सकते हैं, लेकिन बारिश की कोई सम्भावना नहीं है। वहीं, पिछले 24 घंटे में रांची का न्यूनतम तापमान 15.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से लगभग चार डिग्री अधिक है। वहीं, अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो सामान्य से 04 डिग्री अधिक है। इधर, चाईबासा और जमशेदपुर का तापमान 31.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 05 से 06 डिग्री तक अधिक है। दोनों शहरों का न्यूनतम तापमान भी 16.0 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा।

# सिरसी-ता-नाले को किया जायेगा आदिवासी तीर्थस्थल के रूप में विकसित : लिंडा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने कहा है कि धर्म समाज को एकजुट करने की शक्ति प्रदान करता है। आदिवासी समाज सदियों से सूर्य, चन्द्रमा, धरती, जल, जंगल और प्रकृति की पूजा करता आ रहा है और यही हमारी पहचान का मूल आधार है। उन्होंने घोषणा की, कि सिरसी-ता-नाले क्षेत्र को आदिवासी तीर्थस्थल के रूप में विकसित किया जायेगा और इसे राष्ट्रीय स्तर पर कुम्भ मेले की तरह मान्यता दिलाने के प्रयास किये जायेंगे। कल्याण मंत्री चमरा लिंडा सोमवार को गुमला जिले के डुमरी प्रखंड स्थित अकासी पंचायत में आयोजित सिरसी-ता-नाले (दोन) कंकड़ो लता राजकीय में समारोह में लोगों को सम्बोधित कर रहे थे।



मंत्री श्री लिंडा ने कहा कि अब हर साल माघ पंचमी के अवसर पर इस स्थल पर भव्य आयोजन किया जायेगा, जिसमें लाखों की संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे। इस आयोजन को उन्होंने आदिवासी धर्म और संस्कृति को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह स्थल आदिवासियों के आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक जागरूकता का केन्द्र बनेगा, जहां लोग आत्मिक शांति और अपने दुखों से मुक्ति प्राप्त कर सकेंगे।

- आदिवासी धर्म और संस्कृति को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में सिरसी-ता-नाले एक महत्त्वपूर्ण कदम
- गुमला जिले के डुमरी प्रखंड में किया गया सिरसी-ता-नाले (दोन) कंकड़ो लता राजकीय समारोह का आयोजन

श्री लिंडा ने सरना धर्म को भारत सरकार से मान्यता दिलाने के लिए चल रहे संघर्ष को जारी रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की और कहा कि यह आयोजन उसी दिशा में एक सशक्त कदम है। सिसई विधायक जिग्गा सुसारन होरो ने कहा कि अगले वर्ष इस आयोजन को और भी भव्य रूप दिया जायेगा। उन्होंने उन श्रद्धालुओं की भी सराहना की, जो उपवास करके लम्बी दूरी तय कर इस पवित्र स्थल तक पहुंचे।

खूंटी विधायक राम सूर्य मुंडा ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने जो परम्पराएं स्थापित की हैं, उन्हें संरक्षित रखना हमारा कर्तव्य है। हमें अपने जंगल, पहाड़ और सांस्कृतिक रीति-रिवाजों को सुरक्षित रखना होगा।

चक्रधरपुर विधायक सुखराम उरांव ने इसे ऐतिहासिक आयोजन बताते हुए कहा कि सरकार धार्मिक स्थलों के माध्यम से ऐतिहासिक परम्पराओं को पुनर्जीवित करने का प्रयास कर रही है। इस आयोजन से समाज अपनी संस्कृति से और अधिक जुड़ सकेगा। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयास से अब लोग कंकड़ो लता के ऐतिहासिक महत्त्व को जान सकेंगे। इस अवसर पर खिजरी विधायक राजेश कच्छप सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गण्यमान्य अतिथि गुमला के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी और हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## एक झलक

### कुलगाम हमला : पूर्व सैनिक की मौत, पत्नी व बेटी की हालत स्थिर

**श्रीनगर** : कश्मीर घाटी के कुलगाम जिले में आतंकवादियों द्वारा अपनी पत्नी और बेटी पर हुए हमले में पूर्व सैन्यकर्मी ने सोमवार को दम तोड़ दिया। एक अधिकारी ने बताया कि कुलगाम के बेहीबाग इलाके में आतंकवादियों के हमले में एक पूर्व सैन्यकर्मी, उनकी पत्नी और बेटी घायल हो गयीं। उन्होंने कहा कि तीनों को घायल हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां पूर्व सैन्यकर्मी मंजूर अहमद वागे की मौत हो गयी। उनकी पत्नी और बेटी की हालत स्थिर बतायी जा रही है। इस बीच सुरक्षाबलों ने हमलावरों को पकड़ने के लिए इलाके की घेराबंदी करके अभियान चला रखा है।

### कांकेर में एक वर्दीधारी नक्सली ढेर

**कांकेर** : छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के सीमावर्ती क्षेत्रांतर्गत पखांजूर-पानीडोबीर के इलाके में हुई मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर हो गया। सोमवार सुबह घटना स्थल की सर्चिंग करने पर एक वर्दीधारी पुरुष नक्सली का शव और एक नग एसएलआर रायफल व अन्य नक्सल सामग्री बरामद की गयी है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने इसकी पुष्टि की है। पुलिस के अनुसार, कांकेर-नारायणपुर सीमावर्ती क्षेत्रांतर्गत डीआरजी और बीएसएफ का संयुक्त बल प्रतिबंधित नक्सली संगठन उत्तर बस्तर-माड़ डिवीजन के सशस्त्र नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर रविवार 2 फरवरी को नक्सल विरोधी अभियान के लिए निकली थी।

### राजस्थान विस में धर्मांतरण विरोधी विधेयक पेश

**जयपुर** : राजस्थान विधानसभा में सोमवार को स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने धर्मांतरण विरोधी विधेयक 'राजस्थान विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक 2025' प्रस्तुत किया। इस विधेयक पर बजट सत्र में चर्चा के बाद इसे पारित किया जायेगा। विधेयक के पारित होने की तिथि बाद में तय की जायेगी। विधेयक के प्रावधानों के अनुसार स्वेच्छा से धर्म परिवर्तन करने पर भी कलेक्टर को सूचना देना अनिवार्य होगा। इच्छानुसार धर्म परिवर्तन करने के लिए 60 दिन पहले कलेक्टर को सूचना देना आवश्यक होगा और यह प्रक्रिया अपनाना अनिवार्य होगी।

### राज्यसभा के उप-सभापति पैनल का पुनर्गठन

**नयी दिल्ली** : राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने आज राज्यसभा के 267वें सत्र के लिए उप-सभापतियों के पैनल का पुनर्गठन करते हुए सदन के आठ सदस्यों को इसमें शामिल किया है। इनमें चार महिला सदस्य भी हैं। धनखड़ ने बजट सत्र के तीसरे दिन सदन को बताया कि उप-सभापतियों के पैनल का पुनर्गठन किया गया है।

## अंदर के पन्नों पर

3 रांची में विद्यादायिनी का हुआ भव्य अभिनन्दन...
5 ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा सम्पन्न...
7 सरस्वती पूजा में दिखा बच्चों का भक्ति भाव प्रति उमंग...
9 पुलिस ने 81 एकड़ भूमि पर लगी अफीम की फसल...
10 कबड्डी में उप्र की टीम ने जीता स्वर्ण...

# बेड़ो में धूमधाम से मनाया गया बसंत पंचमी का पर्व



फ्रीडम फाइटर संवाददाता
**बेड़ो :** प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में सोमवार को बसंत पंचमी के पावन अवसर पर विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा श्रद्धा पूर्वक की गई। शिक्षण संस्थानों गैर शिक्षण व क्लबों के द्वारा साज-सज्जा के साथ मां की प्रतिमा स्थापित कर विधि पूर्वक पूजा अर्चना की गई।जहां लोगों ने अपने-अपने घरों में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर और तस्वीर रख कर पूजा अर्चना किया। मां सरस्वती को प्रसाद के रूप में गाजर, बेर, सेब, केला, अंगूर व बुंदिया का भोग लगाया साथ ही आम का मंजर भी चढ़ाया गया। पूजा अर्चना के बाद श्रद्धालुओं ने मां सरस्वती से अपने लिए बुद्धि और ज्ञान देने के लिए प्रार्थना किया। इसके बाद प्रसाद ग्रहण किया। वहीं बेड़ो के गुमला रोड, अम्बा टोली,देवी मंडप चौक, बेड़ो बस्ती,एस एस प्लस 2 विद्यालय, राजकीय मध्य विद्यालय बालक व बालिका, डीएवी विवेकानंद पब्लिक, विद्या निकेतन पब्लिक स्कूल,लिटिल हैंड्स प्ले स्कूल,सरस्वती शिशु मंदिर केंवरा टोली तुको सहित विभिन्न सरकारी व निजी विद्यालयों में विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की पूजा हुई। इधर प्रखंड क्षेत्र में पूजा को शांति से मनाने के लिए बेड़ो पुलिस लगातार गश्त करती दिखी। वही मंगलवार को माता की प्रतिमा को स्थानीय जलाशयों में विसर्जित किया।

## एक झलक

### भसनंदा गांव में पुआल की गांज जल कर खाक



**बेड़ो :** थाना क्षेत्र के हरिहरपुर जमटोली पंचायत के भसनंदा गांव में सोमवार की दोपहर लगभग दो बजे किसान विनोद गोप के घर के समीप रखे पुआल का गांज आग लग जाने से सारा पुआल जलकर राख हो गया। जिससे किसान का मवेशियों के लिए रखा चारा जलकर राख हो गया। वहीं ग्रामीणों द्वारा आग बुझाने का प्रयास किया गया लेकिन तब तक देर हो गई थी। वहीं किसान को इससे हजारों रुपये की आर्थिक क्षति हुई है। इधर घटना की सूचना मिलने पर पूर्व मुखिया सुनील कच्छप ने घटना स्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि इस घटना से किसान को भारी क्षति हुई है। उन्होंने कहा कि घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है। साथ ही उन्होंने इस घटना को लेकर क्षतिपूर्ति के एवज में भुक्तभोगी किसानों को स्थानीय प्रशासन से मुआवजे देने की मांग किया है।

### कला संगम सरस्वती पूजा महोत्सव धूमधाम से मना



**रांची :** अपर बाजार स्थित दुर्गा मंदिर में कला संगम सरस्वती पूजा महोत्सव बड़े धूम -धाम से मनाया गया। इस वर्ष मां की प्रतिमा भव्य अजंता थीम में महिलाओं के सर सिंगार में मां का स्वरूप प्रदान कर मां को स्थापित किया गया। इस महोत्सव में मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता (मंटू), सचिव मनोज साहू, मुख्य पुजारी विजय गुप्ता,अनमोल सिंह, नमन भारतीय, सुशील साहू, राज साहू, आदित्य राज साहू और पूजा कों सफल बनाएं में इन सभी का मुख्य योगदान रहा।

### राज्यपाल महिला विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में होंगे शामिल

**रांची :** राज्यपाल संतोष गंगवार चार फरवरी को पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) महिला विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। विश्वविद्यालय के सिदगोड़ा कैंपस में कार्यक्रम होगा। दीक्षांत समारोह की तैयारी को लेकर विश्वविद्यालय और जिला प्रशासन जुटा हुआ है। एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि राज्यपाल के कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा-व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी। अन्य तैयारी भी लगभग पूरी हो चुकी है।

### नायक समाज ने किया भव्य सरस्वती पूजा का आयोजन

**अनगड़ा :** बसंत पंचमी के पावन अवसर पर पावन पर्व ज्ञान और विद्या की देवी मां सरस्वती पूजा की सभी देशवासियों वा झारखंड प्रदेश वासियो को हार्दिक शुभकामनाएं। इस पावन अवसर पर खूंटी जिला के नायक समाज के द्वारा भव्य सरस्वती पुजा का आयोजन किया गया व नामकुम चटकपुर में अशोक नायक सरस्वती पुजा के अध्यक्षता में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया जिसमें मुख्य अतिथी के रूप में सामिल हुए झारखंड प्रदेश नायक घासी समाज युवा अध्यक्ष संदीप टाईगर नायक व मुकेश कुमार नायक ने पुजा पंडाल का दोनों जगहों पर उद्घाटन किया गया। साथ में पंडाल अध्यक्ष खुंटी विनय नायक चटकपुर अशोक नायक, सचिव सावन नायक, बबलू नायक, सतीश आदित्य आदि शामिल हुए।

### कैम्ब्रिज ग्रुप के सभी शिक्षण संस्थानों में सरस्वती पूजा की धूम



**अनगड़ा :** कैंब्रिज ग्रुप के सभी शिक्षण संस्थानों में सरस्वती पूजा धूमधाम से आयोजित हुआ। सीआईटी, कैंब्रिज पॉलिटेक्निक, कैंब्रिज बीएड, गौतम बुद्धा इंटरनेशनल स्कूल, कैंब्रिज स्कूल सभी संस्थानों में माता की प्रतिमा स्थापित कर विद्यार्थियों ने पुरे विधि विधान से पूजा अर्चना की। पूजन के दौरान माता के जयघोष से वातावरण गुंजायमान हो उठा। प्रतिमा का विसर्जन मंगलवार को होगा।

## डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में सरस्वती पूजा का हुआ आयोजन



फ्रीडम फाइटर संवाददाता
**रजरप्पा (रामगढ़) :** सोमवार को डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सुकरीगढ़ा, (लारी) में विद्या कि देवी माँ सरस्वती की पूजा धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रितेश कुमार, प्रबंधन समिति के सचिव संजय प्रमाकर एवं प्रभारी प्राचार्य मो. परवेज अखतर मुख्य रूप से पूजा में उपस्थित हुए। मां सरस्वती की पूजा अर्चना पूरे विधि-विधान के साथ बी.एड. के सहायक प्राध्यापक नयन कुमार मिश्रा के द्वारा सम्पन्न कराया गया। पूजन कार्यक्रम के उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया, साथ ही सभी प्रशिक्षुओं एवं शिक्षकों की भोजन की व्यवस्था भी की गई। उपस्थित शिक्षकों में बी.एड. सहायक प्राध्यापक डॉ. अशोक राम, डी.एल.एड. प्रभारी विभागाध्यक्ष सुप्रिया बर्मन, व्याख्याता गुरारी कुमार दुबे, बाबुधन्द प्रसाद, डॉ. राजेश महतो, प्रतिभा कुमारी, वरूण कुमार तथा शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में नन्दलाल कुमार, श्रेया गुप्ता, दिनेश कुमार, पुजा कुमारी, मुनिता देवी, सुनीता वर्मा, उमेश कुमार, पंकज कुमार, पवन कुमार, निर्मल महतो इत्यादि मौजूद थे।

## लापुंग में धूमधाम व उल्लास के साथ मनी सरस्वती पूजा



**लापुंग :** लापुंग प्रखंड क्षेत्र के विद्या पब्लिक स्कूल, डीएवी किड्स पब्लिक स्कूल, आर्या पब्लिक स्कूल दोलैचा, लालगंज, डाड़ी, नवाटोली समेत अन्य शिक्षण संस्थानों, विद्यालयों , मोहल्ले व घरों में सोमवार को विद्या की देवी, वीणावादिनी मां सरस्वती की पूजा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ धूमधाम व उल्लास के साथ किया गया। इस मौके पर छात्र-छात्राएं उपस्थित होकर मां सरस्वती की पूजा पूरे भक्तिभाव से किया। पूजा के उपरांत अपने दोस्तों को अबीर गुलाल लगा कर गले मिल एक दूसरे को बधाई दी। वैदिक मंत्रों के उच्चारण से पूरा माहौल भक्तिमय हो रहा था। हर कोई इस पूजा को लेकर काफी उत्साहित दिखे।

## भुरकुंडा सहित आसपास सरस्वती पूजा हर्षोल्लास से सम्पन्न



**भुरकुंडा :** कोयलांचल सहित आसपास के क्षेत्र में मां सरस्वती की पूजा सोमवार को हर्षोल्लास से मनाई गई। जगह-जगह पूजा पंडाल में मां शारदे की प्रतिमा स्थापित कर विधि विधान से पूजा कर लोगों ने मंगलकामना की। पंचायत नीचे धौड़ा में श्री श्री सरस्वती पूजा समिति द्वारा भव्य पूजा पंडाल का उद्घाटन पूर्व जिप उपाध्यक्ष रामगढ़ मनोज राम ने विधिवत फीता काटकर पूजा पंडाल का उद्घाटन किया। वहीं पंचायत के मुखिया अजय पासवान ने अंगवस्त्र देकर मनोज राम का स्वागत किया। मौके पर आजाद भुइंया, मुन्ना करमाली, सघन करमाली, छोटू करमाली, बबलू करमाली, रतन पासवान, किशोरी पासवान, देवानंद करमाली, सागर करमाली, गुड्डू पासवान, दिलीप कुमार, लीलू देवी, सुमन देवी, मंजू देवी, सावित्री देवी, धनेश्वरी देवी, राखी कुमारी, नेहा कुमारी, अंतरा कुमारी, नीतू कुमारी, अंजलि कुमारी, खुशी कुमारी, काजल देवी, लक्ष्मी देवी, अनीता देवी, सोनम कुमारी, सीमा देवी सहित अन्य मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनी सरस्वती पूजा



**बुढ़मू :** बुढ़मू प्रखंड क्षेत्र के ठाकुरगांव सहित पूरे प्रखंड में सरस्वती पूजा धुमधाम से सोमवार को मनाई जा रही है। झारखंड में ग्रामीण स्तर पर ठाकुरगांव में सरस्वती पूजा की अलग ही धूम है। विवेकानंद युवा क्लब चापाटोली, वीणा संघ विष्णु चौक, शारदा संघ निराला चौक, न्यू स्टार क्लब बैंक मोड़, यंग हार्ट क्लब मंडा टांड़, समाज कल्याण समिति क्रांति चौक, झारखंड क्लब, किशोर संघ मिलन चौक बरटंगरा, युवा जागृति पूजा समिति, युवक संघ, द ब्लू डायमंड क्लब बाजार टांड़ और नया बाजार संघ ठाकुरगांव में भव्य तरीके से पंडाल सजाए गए और खूबसूरत लाईटिंग की व्यवस्था की गई। नया बाजार में भूत पिचाशों से सजावट की गई है, युवा जागृति पूजा समिति ने डमरू के आकार में सजावट की गई है। युवक संघ में जूट और सूप से सजावट की गई है। युवा जागृति क्लब और द ब्लू डायमंड क्लब बाजार टांड़ में 10 फिट से अधिक उचाई की मूर्ति स्थापित की गई है। इस तरह से पूरा ठाकुरगांव में दर्जनों पूजा पंडाल बनाए गये है और भव्य विद्युत सज्जा की गई है। उमेडंडा, बुढ़मू, उरूगुटू, नाउज, मुरूपीरी सहित प्रखंड के सभी गांव में विद्यालयों में भी मां की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गई। इस दौरान स्थानीय विधायक सुरेश बैठा ठाकुरगांव आये और सभी पूजा पंडालों में जाकर मां के दर्शन किये और मां का आशिष लिया।

## सौंदा डी पंचायत में भक्तिभाव से हुई सरस्वती पूजा



**भुरकुंडा :** सौंदा 'डी' पंचायत के हुसैनी नगर में एकता क्लब सरस्वती पूजा मंडप में भव्य रूप से मां सरस्वती की गई। पूजा को लेकर मंडप में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। पंडित घनश्याम वैध ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से मां शारदे की पूजा संपन्न कराई। जबकि यजमान के रूप में रविंद्र राम सपत्नीक पूजा पर बैठे। पूजा में बड़ी संख्या में महिलाएं, युवतियां सहित बच्चे भी सम्मिलित होकर मां सरस्वती की पूजा कर ज्ञान और सद्बुद्धि का आशीर्वाद मांगा। आरती के उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया। पूजा समिति ने बताया कि मंगलवार को भंडारे का आयोजन किया जाएगा और शाम में प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। पूजा के सफल आयोजन में संतोष रजक, जुगेश्वर यादव, राजकुमार, जितेंद्र यादव, किशन कुमार, शिवा रजवार, सुबोध कुमार, आकाश रजवार, अंजय ठाकुर, मनोज कुमार सहित अन्य का सराहनीय योगदान रहा।

## आरटीसी पब्लिक स्कूल अनगड़ा में धूमधाम से मनी सरस्वती पूजा



**अनगड़ा :** आरटीसी पब्लिक स्कूल अनगड़ा में सरस्वती पूजा के अवसर पर विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गई। पूजा में सभी विद्यार्थी, शिक्षक-शिक्षिकाएं मां सरस्वती की वंदना किए तथा आरती गान गाया। तत्पश्चात विद्यार्थियों तथा अतिथियों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य नरेन्द्र नाथ महतो ने सरस्वती पूजा के महत्व को बताते हुए कहा कि सरस्वती पूजा हमारे समाज में शिक्षा के महत्व को साबित करने और विद्या के प्रति समर्पण की भावना को बढ़ावा देती है। यह त्योहार बसंत ऋतु के आगमन का स्वागत करता है और उसकी मिसाल होता है। सरस्वती पूजा भारतीय संस्कृति में ज्ञान, शिक्षा और कला के प्रतीक के रूप में महत्वपूर्ण है। मौके पर शिक्षक आनंद प्रसाद महतो, सुमंत कुमार, विपिन प्रसाद , जयशंकर महतो, उमेश मंडल, भुनेश्वर कुम्हार एवं शिक्षिका ललिता महतो, अर्पणा कुमारी, गायत्री सुदर्शी, प्रियंका कुमारी सहित विद्यालय के बच्चे, बच्चियां तथा अभिभावक गण मौजुद रहें।

## शैक्षणिक संस्थाओं के अलावा प्रखंड में कई जगह पंडाल और मूर्ति स्थापित



फ्रीडम फाइटर संवाददाता
**रातू :** बसंत पंचमी पर सोमवार को रातू प्रखंड में सरस्वती पूजा श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाई गई। इस कड़ी में स्कूल, कॉलेजों के साथ विभिन्न पूजा पंडालो में भी सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया। सरस्वती पूजा को लेकर को छात्रों और युवाओं में भारी उत्साह और भक्ति का माहौल देखा गया। प्रखंड के कई इलाके में जोर-शोर के साथ माता सरस्वती की पूजा के लेकर तैयारी किए गए थे। एपीईजी अवासीय विद्यालय, सरस्वती शिशु मंदिर आदिवासी बाल विकास, इंग्लिश मीडियम स्कूल सहित कई शैक्षणिक संस्थाओं के अलावा इतवार बाजार, आमटांड़, झखराटांड़, आनंदमयी नगर आदि गावों में जगह-जगह पंडाल और मूर्ति स्थापित कर विधि विधान के साथ विद्यादायिनी माता सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। क्लबों, शिक्षण संस्थानों में विधि विधान से पूजा करने के बाद लोगो के बीच प्रसाद का भी वितरण किया गया। छात्राओं ने बताया कि मौसम के बदलाव की शुरूआत मां सरस्वती की पूजा से होती है। मां शारदे की पूजा से छात्रों को उत्साह मिलता है। ऐसी मान्यता है कि पूरे वर्ष पढ़ाई के दौरान मां सरस्वती की कृपा उन पर बनी रहेगी और बुद्धि-विवेक, नृत्य संगीत में ज्ञान अर्जित कर सकेंगे।

## अंजुमन इस्लामिया बड़ागाईं कमेटी का चुनाव सम्पन्न



फ्रीडम फाइटर संवाददाता
**रांची :** (मोहम्मद मेराजुद्दीन) अंजुमन इस्लामिया कमेटी के अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष के तीन पदों के लिए मतदान की प्रक्रिया रांची के बड़ागाईं बस्ती में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। मतदान इंतेजामिया और सदस्यों ने पूर्ण अनुशासन बनाए रखते हुए पारदर्शी माहौल में चुनाव प्रक्रिया का आयोजन किया। मतदान सुबह 08:00 बजे शुरू हुआ और शाम 03:45 बजे तक 1353 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर मतदान में अपनी रुचि दिखाई। मतदान के लिए दो मतदान केंद्र बनाए गए थे, जिनकी विशेष निगरानी मौलाना मंसूर आलम और हाफिज इमामुद्दीन ने की। सुबह से लेकर मतदान समाप्ति तक चुनाव संयोजक और इंतेजामिया के सदस्यों ने मुस्तैदी से अपनी भूमिका निभाई। मतदान समाप्त होने के बाद मतगणना शुरू हुई। मतदान की प्रक्रिया शाम चार बजे शुरू हुई। तीनों पदों के लिए कुल 1353 मतदाताओं ने वोट डाले, जिसमें अध्यक्ष पद पर महताब आलम 940 मत पाकर विजयी हुए, जबकि शफीउल्लाह को 327, अब्दुल हलीम को 44 वहीं 42 मत अस्वीकार हुआ। सचिव पद पर अब्दुल मुत्तलिब 654 वोट लाकर विजय प्राप्त की ,जबकि मोहसिन अख्तर को 636 वोट मिले नोटा में 26 वोट पड़े तथा 37 वोट अस्वीकृत कर दिया गया। कोषाध्यक्ष पद पर इबादत अंसारी को 677 वोट से जीत हासिल हुई , जबकि मो॰ मेराज को 628 वोट मिले,वहीं नोटा के लिए 19 वोट डाले गए,जबकि 29 वोट खारिज कर दिया गया।

## वेस्ट बोकारो के 46 युवा आउटडोर लीडरशिप कैम्प में हुए शामिल

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
**रामगढ़ :** टाटा स्टील फाउंडेशन ने तुमुंग में तीन दिवसीय आउटडोर लीडरशिप कैंप का शुभारंभ किया। इस वर्ष कैंप के लिए वेस्ट बोकारो से 46 युवाओं का चयन किया गया?। जहां उन्हें जागरूकता कार्यशालाओं, करियर काउंसलिंग और रोमांचक गतिविधियों जैसे क्लाइंबिंग, राफ्टिंग और बोटिंग का अनुभव मिला। कैंप का शुभारंभ टाटा स्टील, वेस्ट बोकारो डिवीजन के कैपेसिटी एन्हांसमेंट प्रोजेक्ट के चीफ राजेश कुमार ने किया। इस अवसर पर टाटा स्टील फाउंडेशन, वेस्ट बोकारो के यूनिट लीड आदित्य कुमार सिंह सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी एवं संगठन के सदस्य भी उपस्थित रहे। यह आउटडोर लीडरशिप कैंप प्रतिभागियों को उनकी रोजमर्रा की दिनचर्या से अलग हटकर खुद को तरोताजा करने के लिए आयोजित हुआ था। साथ ही नेतृत्व, विकास व नेटवर्किंग के महत्वपूर्ण पहलुओं पर केंद्रित होने का अवसर देता है। यह एक सुरक्षित और सहयोगी वातावरण में नए अवसरों की खोज करने में सहायक है। कैंप प्रतिभागियों को अपनी आंतरिक क्षमताओं, चुनौतियों और उन्हें पार करने की रणनीतियों को खुलकर साझा करने के लिए प्रेरित करता है। रोमांचक गतिविधियां टीमवर्क की भावना को मजबूत बनाती हैं, जिससे युवा और महिलाएं न केवल आत्मविश्वास हासिल करते हैं, बल्कि उद्यमिता और नए अवसरों से जुड़े नवीन विचारों पर मिलकर काम करने की प्रेरणा भी पाते हैं।

## डोरंडा ओल्ड जवेरियंस (डॉक्स)-चिकित्सा शिविर ध्वनि प्रदूषण एवं सस्टेनेबिलिटी की पहल का शुभारम्भ




फ्रीडम फाइटर संवाददाता
**रांची :** संत जेवियर्स स्कूल डोरंडा के पूर्ववर्ती छात्रों की संस्था, डोरंडा ओल्ड जवेरियंस (डॉक्स) ने आज संत जेवियर स्कूल के सभागार में वार्षिक मेगा चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक चले इस शिविर में आसपास के बस्तियों से एवं संत जेवियर्स स्कूल के आउटरीच प्रोग्राम के तहत स्कूली शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्र छात्राओं को मिलकर 410 लोगों को निःशुल्क जांच करवाई गयी। इस हेल्थ कैंप में 30 विशेषज्ञ चिकित्सक ने अपना योगदान दिया। शिविर में पंजीकरण के समय वजन, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर एवं महत्वपूर्ण परीक्षण किये गये। चिकित्सा शिविर में रक्तदान का भी आयोजन किया गया था। इस शिविर में सत्तर वर्ष से ऊपर के नागरिकों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा था। उपस्थित डॉक्टर्स में डॉ अत्रि गंगोपाध्याय, डॉ विराट हर्ष, डॉ विवेक राज, डॉ नीलेश मिश्रा, डॉ शुभाशीष चटर्जी , डॉ राजन पांडेय, डॉ अंशु साहू, डॉ तेजवीर सिंह, डॉ सुधीर पांडेय, डॉ शुभम कुमार, डॉ विवेक राव , डॉ इंद्रजीत मान , रिनपास से १२ डॉक्टर्स के टीम रही। शिविर के मुख्या आयोजन विशाल पाटोदिया एवं उत्सव पराशर ने किया। डॉक्स, रांची नगर प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस विभाग ने आज एक व्यापक ₹नो हॉन्किंग₹ पहल शुरू करने की घोषणा की, जिसका उद्देश्य शहर की सड़कों पर अनावश्यक हॉर्न बजाने को कम करके पूरे में ध्वनि प्रदूषण को कम करना है। इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट को जमा कर के रीसाईकल करने के प्रयासों में डॉक्स ने कोलकाता स्थित रीसाइक्लिंग कंपनी, हुल्लादेक के साथ साझेदारी की है।

## गमगीन माहौल में हुआ दोनों युवकों के शव का अंतिम संस्कार



फ्रीडम फाइटर संवाददाता
**बेड़ो :** थाना क्षेत्र के बारीडीह गांव के पड़हा मैदान के समीप रविवार की शाम लगभग साढ़े छह बजे हाइवा की चपेट में आने से एक स्कूटी पर सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत के बाद शनिवार की दोपहर पोस्ट मार्टम के बाद सलेस्टिन लकड़ा व आकाश किस्पोट्टा का शव प्रखंड के नगड़ी टोली पैतृक गांव में पहुंचने पर गांव में मातम छा गया। हर किसी की जुबान पर बस इसी बात की चर्चा रही तथा नम आंखों से लोग दोनों शव को देखते रहे। एक ही गांव में दो युवकों की मौत से हर किसी का कलेजा दर्द से बाहर आ गया। ग्रामीणों की आंखों के आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे। दहाड़े मार-मार कर रो रहे स्वजनों बच्चों के दर्द का अंदाजा नहीं लगाया जा सकता था। इधर सोमवार की अपराह्न गमगीन माहौल में शव का अंतिम संस्कार गांव के चिरई डहर कब्रिस्तान में ईसाई रीति रिवाज से मिट्टी दिया गया। गांव से एक साथ दो अर्थियां देख सभी का कलेजा कांप उठा। सलेस्टिन की पत्नी का रो रो कर बुरा हाल था। सलेस्टिन का तीन महीना का एक बेटा भी है। वह घर का इकलौता कमाऊ सदस्य था। इसकी दो बहनें है। दूसरी ओर पिता भी सड़क दुर्घटना में घायल होकर बेड पर है।

## रामगढ़ में माता वैष्णों देवी मंदिर का 34वां वार्षिकोत्सव आरम्भ

# गाजे-बाजे के साथ निकाली गयी भव्य कलश यात्रा



फ्रीडम फाइटर संवाददाता
**रामगढ़ :** शहर के झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर का 34वां वार्षिकोत्सव सोमवार को गाजे-बाजे के साथ निकाली गई भव्य कलश यात्रा से शुरू हुआ। कलश यात्रा के दौरान पूरा शहर जय माता दी के जयकारे से गूंजता रहा। कलश यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु महिलाएं लाल चुनरी ओढ़े सिर पर कलश लेकर चल रही थी। कलश यात्रा मंदिर परिसर से निकाली गई, जो शहर के झंडा चौक, गांधी चौक, मेन रोड, सुभाष चौक, शिवाजी रोड, लोहार टोला होते हुए चट्टी बाजार स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर में कलश में जल भरकर वापस माता वैष्णों देवी मंदिर पहुंची। कलश यात्रा में सुसज्जित वाहन पर माता का विशाल चित्र रखा गया था। इसके पीछे नव दुर्गा जागरण मंडली रामगढ़ के कलाकार भजन गायक राजू कैंथ, प्रीति पांडे व शालू विश्वकर्मा ने सांची जोतो वाली माता तेरी जय हो, गनपत तेरा साथ है हमारा तुम्हारा, रामगढ़ वाली मंईया तेरी शान निराली, मंईया की कृपा जिसपे हो जाय मौज उड़ाए आदि भजन गाते हुए अपनी पूरी टीम के साथ चल रहे थे। इस दौरान कलश यात्रा में शामिल महिलाएं और श्रद्धालु भी माता का जयकारा लगाते हुए चल रहे थे। नगर भ्रमण के दौरान शिवाजी रोड स्थित गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के सदस्यों ने कलश यात्रा का स्वागत किया। कलश यात्रा के आगे शतचंडी यज्ञ के मुख्य यजमान रवि खोसला व उनकी पत्नी रीतु खोसला साथ-साथ चल रहे थे। इस अवसर पर मंदिर की संचालक संस्था पंजाबी हिन्दू बिरादरी व माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरत चन्द्र वासुदेव, महासचिव महेश मारवाह, उपाध्यक्ष मनजीत साहनी, सहसचिव नरेश चन्द्र मारवाह, कोषाध्यक्ष सुशील खोसला, हेमेंद्र सौंधी, जेके शर्मा, सुरेन्द्र सोबती, राजीव चड्ढा, बलवंत राय मारवाह, रमण मेहरा, विश्वनाथ अरोड़ा, संजीव चड्ढा, मनीष मारवाह, विशाल वासुदेव, पवन मारवाह, संजीव धमीजा, हरिओम भसीन, प्रवीण शर्मा सहित बिरादरी के सभी सदस्यों के अलावे श्रद्धालु शामिल थे। ज्ञात हो कि आज से 34 वर्ष पूर्व स्थानीय झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर में माता की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई थी। लोगों का कहना है कि आज से 34 वर्ष पूर्व काफी आश्चर्यजनक तरीके से माता की प्रतिमा स्थापित हुई थी। लोग बताते हैं कि प्रतिमा स्थापना के वक्त काफी संख्या में लोग प्रतिमा को उठाकर नियत स्थान पर बैठा रहे थे, लेकिन प्रतिमा को लोग उठा नहीं पाए।

## भारतीय जनता पार्टी ने आम बजट पर हस्ताक्षर चलाया अभियान



फ्रीडम फाइटर संवाददाता
**रांची :** सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में संध्या 5:00 बजे पिस्का मोड चौक-चौक पर आम बजट पर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस अभियान में जनता का भरपूर समर्थन प्राप्त हो रहा है आजादी के बाद पहली बार मध्यमवर्गीय के लिए इतना अच्छा बजट आया है जिसकी प्रशंसा जनता कर रही है जिसके फल स्वरुप प्रतिक्रिया के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है जनता ने कभी कल्पना भी नहीं किया था आयकर में छूट की सीमा एक ही बार छलांग लगाकर 12 लाख पहुंच जाएगा। तभी तो कहते हैं कि मोदी है तो मुमकिन है। जिस प्रकार भारतीय किसान को किसान क्रेडिट कार्ड से लाभ प्राप्त होने वाला है इससे किसान वर्ग भी काफी उत्साहित है नरेंद्र मोदी जी की सरकार में छोटे व्यापारियों को भी क्रेडिट कार्ड की सुविधा दी गई है इस बजट से छोटे व्यापारी भी काफी खुश नजर आ रहे हैं मानो ऐसा लग रहा है कि यह बजट आम जनता की बजट है।हस्ताक्षर किये गए प्रमाण पत्र को भारत के वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी को भेट किया जाएगा।

## एक झलक

### सेल रांची इकाइयों में धूमधाम से मनी सरस्वती पूजा



**रांची :** सेल रांची इकाइयों में सरस्वती पूजा आज बड़े ही धूम धाम से एम.टी.आई. में मनाया गया।सुबह सेलकर्मियों ने माता सरस्वती की वंदना की कार्यपालक निदेशक-गण अनूप कुमार, एस.के.वर्मा, वेदप्रकाश, संदीप कुमार कर एवं संजय धर ने इस अवसर पर कर्मियों को प्रोत्साहित किया।

### तिरुपति अपार्टमेंट में सरस्वती पूजा हर्षोल्लास के साथ मनी




**कांके :** कांके रोड स्थित तिरुपति अपार्टमेंट में मां सरस्वती पूजा का उत्सव बड़े ही उमंग एवं आस्था के साथ मनाया गया?। सुबह तिरुपति अपार्टमेंट मे मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापना की गई। तथा अपार्टमेंट के महिलाओं-पुरुषों एवं बच्चों द्वारा शिक्षा, कला और संगीत की देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना पूरे विधि- विधान से की गई। पूजा के दौरान विशेष रूप से विद्यार्जन, कला और संगीत से संबंधित वस्तुएं जैसे किताबें, वाद्य यंत्र पूजा स्थल में रखा गया। पूजा के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया।

### श्री शिव बारात आयोजन महासमिति की हुई बैठक



**रांची :** श्री शिव बारात आयोजन महासमिति का बैठक, अध्यक्ष राजेश साहू के नेतृत्व में पहाड़ी मंदिर में हुआ। 3 फरवरी को पहाड़ी बाबा का भव्य तिलकोत्सव निकाला जाएगा इसको लेकर विशेष चर्चा किया गया। पहाड़ी बाबा का तिलकोत्सव का सारा तैयारी पूर्ण कर लिया गया हैं जो कि 3 फरवरी दोपहर 12 बजे से पंच शिव मंदिर रातू रोड से ढोल नगाड़े के साथ पूरे सनातनी विधि विधान के साथ निकल कर पहाड़ी मंदिर को आएगा, जहाँ सभी का स्वागत किया जाएगा एवं पूरे विधिवत पहाड़ी बाबा का तिलक चढ़ाया जाएगा एवं सभी भक्तों के लिए विशाल भंडारा का आयोजन पहाड़ी मंदिर के भक्तों द्वारा किया जाएगा । आज के बैठक में मुख्य रूप से अध्यक्ष राजेश साहू , सचिव राजकुमार तलेजा , प्रवक्ता बादल सिंह , कोषाध्यक्ष दीपक नन्दा ,रमन शर्मा ,राहुल जायसवाल,पंच शिव मंदिर से अशोक बजाज , नवीन पपनेजा , संदीप पप्पू जैन,प्रेम साहू,रोनाल्डो वर्मा , राम सिंह , अमन सिंह आदि लोग मौजूद रहे। ये जानकारी बादल सिंह ने दिया।

### नागरिक सुविधाओं से जुड़ीं समस्याओं की हुई समीक्षा



**रांची :** नगर निगम/परिषद् और नगर पंचायत से संबंधित समस्याओं पर आज चैंबर भवन में एक बैठक हुई। नगर विकास विभाग द्वारा प्रस्तावित भवन नियमितीकरण योजना को प्रभावी करने में होनेवाले विलंब पर सदस्यों ने चिंता जताई और सरकार से इसपर त्वरित कार्रवाई की मांग की। बाजार टांड स्थित दुकानों के किराया विवाद के समाधान में विलंब पर भी चिंता जताई गई और कहा गया कि निरंतर प्रयासों के बावजूद विभागीय उदासीनता से दुकानदार मानसिक रूप से परेशान हैं। रांची नगर निगम किरायेदार संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि बाजार टांड में आवंटित दुकानों में अतिरिक्त संरचना निर्माण के कारण किराया, ब्याज और उसपर फाइन की दर जुडते-जुडते काफी अधिक हो गई है जिस कारण यह मामला जटिल हो चुका है।

# रांची में विद्यादायिनी का हुआ भव्य अभिनन्दन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** राजधानी रांची में सोमवार को वसंत पंचमी के अवसर पर शहरभर में सरस्वती पूजा धूमधाम से मनाई जा रही है। विभिन्न चौक-चौराहों, गली-मोहल्लों और शैक्षणिक संस्थानों सहित रिम्स में मां सरस्वती की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। पूजा में विद्यार्थी, शिक्षक, संगीतकार, कलाकार, लेखक-पत्रकार समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हो रहे हैं। विभिन्न स्थानों पर सरस्वती देवी की प्रतिमा को विशेष रूप से सजाया गया है। ज्ञान, संगीत, कला और शिक्षा की देवी मां सरस्वती के चरणों में फल-फूल अर्पित किये जा रहे हैं। प्रसाद स्वरूप सेब, केला, बेर, बुंदिया, नारियल, इलाइची दाना, बादाम, सूजी से बना हलुआ सहित दूध, घी, शहद और गंगाजल को मिलाकर बनाया गया पंचामृत मां को अर्पित किये जा रहे हैं। मां सरस्वती की पूजा सुबह से ही शुरू हो गयी। सरस्वती देवी की मूर्ति को विशेष रूप से सजाया गया है। जहां पर मां सरस्वती की प्रतिमाएं विराजमान की गयी हैं। वहां फूल मालाएं और वृक्षों के पत्तों से स्टेज को संवारा-सजाया गया है। पूजा पंडालों के मुख्य द्वार को फूल मालाओं और विद्युत लाइटों से सजाया गया है। डीजे साउंड पर भक्ति गीत बजाये जा रहे हैं। विद्या की लक्ष्मी मां सरस्वती की आराधना में विधार्थी बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। विद्यार्थी अपनी पाठ्य पुस्तकें और लेखन सामग्री मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष रख कर पूजा कर रहे हैं। मां से ज्ञान और बुद्धि की कामना कर रहे हैं। कई पंडालों में पूजा संपन्न होने के बाद प्रसाद का वितरण किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर सरस्वती पूजा को लेकर पुलिस पूरी तरह से अलर्ट पर है। सरस्वती पूजा की सुरक्षा को लेकर जिलेभर में 400 अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती की गई है। जवानों की तैनाती विसर्जन तक के लिए किया गया है। सरस्वती पूजा को लेकर सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि सरस्वती पूजा के को लेकर पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। राजधानी में अतिरिक्त बलों की तैनाती की गई है, जिसमें महिला पुलिसकर्मी भी शामिल है। सरस्वती पूजा पंडालों के आसपास भी सुरक्षा के लिए जवानों को तैनात किया जा रहा है। खासकर छेड़खानी की वारदातों को रोकने के लिए शक्ति कमांडो को विशेष रूप से सतर्क रहने को कहा गया है।

## बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर श्री श्री शिव बारात आयोजित



**फ्रीडम फाइटर संवाददात**

**रांची :** सोमवार को बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर श्री श्री शिव बारात आयोजन समिति के तत्वाधान में देवाधिदेव महादेव की तिलकोत्सव की शोभा यात्रा बहुत ही धूमधाम से बजे-गाजे के साथ हरि ओम मंदिर, रातू रोड, रांची से चलकर मेट्रो गली, कृष्णा नगर कॉलोनी होते हुए इंद्रपुरी शिव मंदिर पहुंची। इंद्रपुरी शिव मंदिर पहुंचते ही तिलक में आए हुए भक्तों का आतिशबाजी एवं फूलों से भव्य स्वागत हुआ तत्पश्चात पूरे विधि विधान से मंदिर के पुरोहितों के द्वारा शुभ मंत्र उच्चारण के साथ बाबा की तिलक का कार्यक्रम महा आरती के साथ संपन्न हुआ।

शोभा यात्रा एवं तिलकोत्सव में मुख्य रूप से अध्यक्ष रमेश सिंह, शैलेंद्र कुमार, सुनीता देवी, अशोक यादव, दिलीप गुप्ता, बंटा, नवीन पपनेजा, हीरा लाल पपनेज, राकेश अरोड़ा, नीरज जायसवाल, रवि अरोड़ा, संजय अरोड़ा, नमन भारतीय, सत्येंद्र तिवारी, सरवन साहू, संजय अग्रवाल, गुड्डू मिश्रा, नंदलाल विश्वास, लाल नारायण गुप्ता, राजू चौधरी, कौशल चौधरी एवं समिति के अन्य सदस्य भी उपस्थित हुए।

## बसंत पंचमी पर बिरसा मुंडा फन पार्क में नृत्य प्रतियोगिता



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** सोमवार को बिरसा मुंडा फन पार्क रांची एवं रिलेशंस के संयुक्त तत्वावधान में सरस्वती पूजा के एवं बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर जेल मोड़ स्थित बिरसा मुंडा फन पार्क में बसंत पंचमी उत्सव सह एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 07 वर्ष से 15 वर्ष के आयु के बच्चों ने हिस्सा लिया। बच्चों ने एक से एक प्रस्तुति देकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के महासचिव श्री आदित्य मल्होत्रा जी उपस्थित थे। वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर बिरसा मुंडा जेल पार्क के संचालक आर्यन चोपड़ा एवं रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी ने संयुक्त रूप से विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन गुरुकुल शिक्षा के निदेशक सूरज प्रसाद ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन जेल पार्क के संचालक आर्यन चोपड़ा ने किया। इस नृत्य प्रतियोगिता की निर्णायक नीतू कुमारी, सोनी पोद्दार एवं पारी मुखर्जी थीं। आज के नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम - आयात आजमी द्वितीय -तनु कुमारी और तृतीय जैबा रही। इस अवसर पर रांची के उभरते गायक अयान खान ने अपनी मधुर गायकी से दर्शकों को खूब झुमाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कुंदन सोनी, अभिषेक कुमार, निरंजन राम, राधे भट्ट, दीपक कुशवाहा, इम्तियाज जी सहयोग रहा।

## मोटर की चोरी प्राथमिकी दर्ज

**रांची :** रातू थाना क्षेत्र के रिंग रोड स्थित सिमलिया के सीआईडी कॉलोनी में मंदिर निर्माण के लिए किये गए बोरवेल से चोरों ने मोटर की चोरी कर ली। बोरिंग में करीब 90 फीट पाइप के साथ समरसेबल मोटर 27 जनवरी को लगाया गया था, जिसे अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। चोर मोटर के साथ 90 फीट पाइप भी ले गए। इस संबंध में सीआईडी कॉलोनी निवासी श्रीकांत दुबे और बिनोद कुमार गुप्ता ने थाने में सोमवार को प्राथमिकी दर्ज कराई है। इस संबंध में भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि कॉलोनी में अपराधी इतने बेलगाम हो चुके हैं कि पुलिस को भी चुनौती दे रहे हैं।

### विश्व कैंसर दिवस पर पारस हॉस्पिटल ने लोगों को जागरूक रहने की दी सलाह

## कैंसर से डरें नहीं, लड़ें : डॉ गुंजेश कुमार सिंह

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** कैंसर जैसी बीमारी और इसकी गंभीरता के बारे में लोगों को जागरूक करने के मकसद से हर साल चार फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष 2025 में विश्व कैंसर दिवस की थीम ‘यूनाइटेड बाय यूनिक’ है, जो कैंसर के खिलाफ लड़ाई में व्यक्तिगत, रोगी-केंद्रित देखभाल की महत्वपूर्ण भूमिका को परिभाषित करती है। पारस हॉस्पिटल एचईसी के अन्कोलॉजी विभाग के डॉ गुंजेश कुमार सिंह ने कैंसर के प्रति लोगों को जागरूक रहने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि हमें कैंसर से डरना नहीं बल्कि लड़ना है। भारत में सबसे अधिक ब्रेस्ट कैंसर, फेफड़े का कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, ओरल कैंसर और पेट का कैंसर तेजी से बढ़ रहा है। हमारे गलत लाइफस्टाइल, खानपान, स्मोकिंग, ड्रिंकिंग, प्रदूषण, पेस्टिसाइड केमिकल से संक्रमित भोजन का सेवन कैंसर के प्रमुख कारण है।



बेशक कैंसर एक खतरनाक बीमारी है लेकिन जीवन शैली में बदलाव और कैंसर बढ़ाने वाले रिस्क फैक्टर को दूर कर इसके 30 से 50 प्रतिशत खतरे से बचा जा सकता है। जल्दी जांच, सही इलाज और देखभाल कैंसर से बचाव का रास्ता है। डॉ गुंजेश ने कहा कि कैंसर के इलाज में सर्जरी अहम है, जिसके जरिए शरीर से ट्यूमर हटाया जाता है। कीमोथेरेपी मेडिसिन के जरिए शरीर से कैंसर कोशिकाओं को खत्म किया जाता है और उनके ग्रोथ से बचाव किया जाता है। इम्यूनोथेरेपी के जरिए मरीज की रोग प्रतिरोधात्मक क्षमता बढ़ाई जाती है, जिससे मरीज मजबूती से कैंसर का मुकाबला कर सके।

## पूज्य गुरुदेवश्री का आत्मबोध-जन्मदिवस, सरस्वती पूजन, महायज्ञ व नि:शुल्क विभिन्न संस्कार त्रिदिवसीय सोल्लास सम्पन्न



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** दिव्य चेतना के साथ आत्म चेतना मिलन में अपनी योग्यता और क्षमता बढ़ानी चाहिए, अच्छा हो युग धर्म को पहचाना जाय, आज का युग धर्म समयदान है, विषयों पर गायत्री साधक जेएनपी ने अपने उद्बोधन में गायत्री महायज्ञ अनुष्ठान कार्यक्रम में बताया। इस अवसर पर दो दिन 9 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ हुआ और श्रद्धावान लभते ज्ञानम,भावनाशील वर्ग को युगांतरीय चेतना के साथ संबद्ध किया जाए। विचार क्रांति अभियान अपने समय का सशक्त महाक्रांति कहना चाहिए, हमने आँगन नहीं बुहारा, कैसे आएंगे भगवान, मन का मैल नहीं धोया तो कैसे आएंगे भगवान जैसे प्रज्ञागीत गायन परिव्राजक प्रमोद कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर गायत्री का शब्दार्थ और महामंत्र के भावार्थ पर प्रकाश डालकर, गायत्री परिवार, प्रज्ञा परिवार देवपरिवार, प्रज्ञा मंडल, महिला मंडल का प्रतिनिधित्व प्रगति, स्वाध्याय मंडल, दीया ग्रुप, बाल संस्कारशाला संचालन, रांची जिला अंतर्गत ज्योति कलश रथ-दर्शन भ्रमण यात्रा, ज्ञान रथ संचालन, मासिक पत्रिका-अखंड ज्योति, युग निर्माण योजना, प्रज्ञा अभियान पाक्षिक के पाठक, नये ग्राहक सदस्य निर्माण, अगले दिनों रांची राजधानी शक्तिपीठ में प्रशिक्षण सत्र आदि अनेक विषयों पर वरिष्ठ साधक-शिष्यों द्वारा चचार्एं हुईं।

## पश्चिम बंगाल, झारखंड व ओड़िशा में रेलवे के लिए 2025-26 में बजट अनुदान में हुई उल्लेखनीय वृद्धि



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** रेलवे दक्षिण पूर्व रेलवे दक्षिण पूर्व रेलवे प्रेस विज्ञप्ति पश्चिम बंगाल, झारखंड और ओडिशा सहित रेलवे के लिए बजट अनुदान (2025-26) में उल्लेखनीय वृद्धि कोलकाता, 3 फरवरी, 2025ः पश्चिम बंगाल, झारखंड और ओडिशा में रेलवे के लिए 2025-26 में बजट अनुदान में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। नई दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक प्रेस मीट को संबोधित करते हुए, माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रेलवे से संबंधित केंद्रीय बजट (2025-26) में बड़ा आवंटन किया गया है। इस बजट (2025-26) में पश्चिम बंगाल के लिए 13,955 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड आवंटन किया गया है, जबकि 2009 से 2014 की अवधि के दौरान औसत आवंटन 4,380 करोड़ रुपये था। 2025-26 का बजट आवंटन 2009-14 के औसत बजट आवंटन से 3 गुना (लगभग) अधिक है। इस मौजूदा बजट में झारखंड में रेलवे के आधुनिकीकरण और विस्तार के लिए कुल परिव्यय 7,306 करोड़ रुपये है, जबकि 2009 से 2014 के दौरान औसत परिव्यय 457 करोड़ रुपये था। 2025-26 का बजट आवंटन 2009-14 के औसत बजट आवंटन से 16 गुना (लगभग) अधिक है। ओडिशा के लिए 2009 से 2014 के दौरान 838 करोड़ रुपये के औसत परिव्यय की तुलना में 2025-26 के लिए कुल 10,599 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है।

## झारखंड के बजाय आदिवासी दूसरे राज्यों में ज्यादा सुरक्षित : राफिया

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने कहा है कि झारखंड के बजाय आदिवासी दूसरे राज्यों में ज्यादा सुरक्षित हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरने से राज्य के आदिवासी समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। राफिया ने यह बातें झारखंड मुक्ति मोर्चा के 46वें स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कही।

उन्होंने मुख्यमंत्री के बयान को हास्यास्पद बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री का यह बयान केवल हवा-हवाई है और इसकी कोई वास्तविकता नहीं है। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा था कि पूरे देश में जहां कहीं भी आदिवासी हैं, वे झारखंड आएं, हम उन्हें बसायेंगे।राफिया ने कहा कि हकीकत यह है कि झारखंड राज्य के आदिवासी भाई-बहन आज असुरक्षित महसूस कर रहे हैं, जबकि अन्य राज्यों में आदिवासी पूरी तरह से सुरक्षित हैं। झारखंड के आदिवासी समुदाय की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने आरोप लगाया कि बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण राज्य में आदिवासी समुदाय असुरक्षित महसूस कर रहा है। मुख्यमंत्री पहले राज्यभर के आदिवासी समुदाय की सुरक्षा को सुनिश्चित करें फिर आमंत्रण दें।

## मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा ने आयोजित की साधारण सभा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** रांची समर्पण शाखा के सत्र (2024 25) की साधारण सभा शाखा अध्यक्ष विनीता सिंघानिया की अध्यक्षता में हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में सम्पन्न हुई। इस बैठक की शुरुआत शाखा अध्यक्ष ने की। साथ ही, अनुपस्थिति एवं गणपूर्ति की सूचना भी दी गयी। शाखा अध्यक्षा विनीता सिंघानिया ने स्वागत उद्गार दिया। शाखा सचिव शुभा अग्रवाल ने जनवरी माह का प्रतिवेदन पेश किया। आगामी कार्यक्रमों के अंतर्गत कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर, कैंसर डे, गो सेवा, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर, जन सेवा से सम्बन्धित कार्यकमों के आयोजन पर चर्चा की गयी। आगामी 22-23 मार्च को होनेवाले प्रांतीय अधिवेशन पर विस्तृत चर्चा की गयी। ज्यादा से ज्यादा संख्या में पंजीकरण जल्द से जल्द करने का आग्रह किया गया। शाखा अध्यक्ष ने अधिवेशन की कार्यक्रम संयोजिका पूजा अग्रवाल को इस कार्य को सुचारु रूप से करने के लिए आग्रह किया गया। शाखा की तरफ से प्रांतीय अध्यक्षीय प्रत्याशी विनीता सिंघानिया ने प्रचार एवं अन्य कार्यों हेतु सबसे सहयोग मांगा जिस पर सभी सदस्यों ने कहा, 'हम आपके साथ हैं। पूरी शाखा इस हेतु प्रयासरत है।' शाखा द्वारा मार्च 2024 में सम्पन्न लघु अधिवेशन हेतु अंत में शाखा सचिव ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। अखिल भारतीय युवा मंच के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद सर्राफ को शाखा द्वारा श्रद्धांजलि स्वरूप दो मिनट का मौन रखा गया। राष्ट्रीय गान के उपरांत अध्यक्ष द्वारा सभा समाप्ति की घोषणा की गयी। साधारण सभा की बैठक में अध्यक्षा विनीता सिंघानिया, सचिव शुभा अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष सुमिता लाठ, मीना टाईवाला, विनीता विहानी, ज्योति अग्रवाल कार्यकारिणी सदस्य रितु पोद्दार, पूजा अग्रवाल, दिशा जैन, सौम्य सामंतों, स्मिता अग्रवाल, रंजू मालपानी, सदस्य पिंकी शर्मा, संगीता पोद्दार, अनीता सोमानी, वेदिका सिंघानिया, सोनम शर्मा, कविता जालान, पायल जैन उपस्थित थीं। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

## बसंत पंचमी के प्रसिद्ध व सर्वमान्य पर्व पर भगवान का हुआ महाभिषेक



**रांची :** दिव्यदेशम श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरूपति बालाजी) मंदिर में 03 फरवरी सोमवार को वाणी पूजन - वसंतोत्सव के उपलक्ष्य पर सुश्राव्य वेदध्वनियों से सब प्रकार के अनुग्रह - निग्रह करनेवाले सनातन परमात्मा श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर का विश्वरूपदर्शन, सुप्रभातम् , वेंकटेश प्रपत्ति और मंगलाशासनम् के बाद पांचरात्र आगम विधि से दीप, तुलसी दल और फूलों से समाकीर्ण दिव्य सुगंधित युक्त तथा धूप से सौरभ तिरूवाराधना की गयी। फिर कृपातरंग- मन्दहास्ययुक्त मुखवाले भगवान का दूध, दही, हल्दीचूर्ण ,सुगंधित चंदन, शहद, गंगाजल आदि औषधिये पदार्थों से क्रमवद्ध तरिके से महाभिषेक हुआ।

## 38वीं राष्ट्रीय खेल, उत्तराखंड में तीरंदाजी व लॉन बॉल्स की टीमों का चमकदार प्रदर्शन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची/देहरादून :** 38 वे नेशनल गेम्स, उत्तराखंड के दौरान आज देहरादून के इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में तीरंदाजी के रिकर्व पुरुष एवम महिला टीम ने फाइनल में प्रवेश किया। पुरुष टीम ने सर्विस (एस एस सी बी) टीम को एवं महिला टीम ने हरियाणा को हारकर फाइनल में प्रवेश किया। 6 फरवरी पुरुष की टीम का फाइनल उत्तर प्रदेश से एवं महिला टीम का मैच महाराष्ट्र टीम के साथ होगा। इंडियन राउंड मिक्स टीम माधो बिरुआ एवम मनीषा कुमारी की जोड़ी सेमीफाइनल में पहुंची। तीरंदाजी मिक्स में दीपिका कुमारी एवं गोल्डी मिश्रा की जोड़ी सेमीफाइनल में महाराष्ट्र से हार गई अब कांस्य पदक के लिए खेलेगी। लॉन बॉल्स महिला फोर्स बाउलिंग में लवली चौबे, रूपा रानी तिर्की, कविता कुमारी एवम रेशमा कुमारी सेमीफाइनल में पहुंची।



महिला एकल सरिता तिर्की महिला एकल मुकाबले में सेमीफाइनल में पहुंची। बालिका अंडर 25 वर्ग झारखंड की बसंती सेमीफाइनल में पहुंची। पुरुष ट्रिपल बाउलिंग झारखंड के प्रिंस, अभिषेक लकड़ा और आलोक लकड़ा की तिकड़ी ने दिल्ली को 20-10 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पुरुष डबल झारखंड की जोड़ी दिनेश और सुनील ने बंगाल को 22-06 से हरा कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

### एसबीयू में चेस प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन

## आनेवाले समय में एसबीयू राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता करा पाने में होगा सक्षम : डॉ. बलजीत सिंह




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू) द्वारा आयोजित ईस्ट जोन चेस चैंपियनशिप (पुरुष) 2024-25 का उद्घाटन आज सरला बिरला विश्वविद्यालय परिसर में किया गया। 8 फरवरी तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में 26 विश्वविद्यालयों के 180 से ज्यादा प्रतिभागी शिरकत कर रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एआईयू में संयुक्त सचिव डॉ. बलजीत सिंह सेखों ने इस अवसर पर अपने संबोधन में एआईयू की तरफ से उपस्थित सभी प्रतिभागियों और आयोजन समिति के सदस्यों का स्वागत किया और उन्हें शुभकामनाएं दी। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए समिति के सदस्यों के अथक परिश्रम की प्रशंसा करते हुए उन्होंने उम्मीद व्यक्त की कि आनेवाले समय में एसबीयू राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता करवा पाने में सक्षम होगा। उन्होंने भारतीय शतरंज के सबसे कम उम्र के चैंपियन का उल्लेख करते हुए इस प्रतियोगिता से भी इसी तरह के चैंपियन निकलने की उम्मीद भी जतायी। कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में विश्वविद्यालय के महानिदेशक डॉ. गोपाल पाठक ने राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप वर्मा से इस आयोजन की मिली प्रेरणा का जिक्र करते हुए इस टूर्नामेंट की सफलता की कामना की। उन्होंने कहा कि अगले 5 दिनों में हमें इस प्रतियोगिता के माध्यम से कई और प्रतिभाएं भी अवश्य दिखेंगी। कुलपति डॉ. सी जगनाथन ने उपस्थित प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए इस आयोजन को विश्वविद्यालय के लिए गर्व करार दिया। उन्होंने आयोजन समिति के सदस्यों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें एवं उपस्थित प्रतिभागियों को शुभकामनाएं भी दी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को विशिष्ट अतिथि डॉ. श्यामा प्रसाद विश्वविद्यालय के वीसी डॉ. तपन कुमार शांडिल्य, एआईयू के ऑब्जर्बर डॉ. एन. आर. रामकुमार एवं विवि के कुलसचिव डॉ. विजय कुमार सिंह ने भी संक्षेप में संबोधित किया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण डॉ. अशोक अस्थाना और धन्यवाद भाषण श्री सुभाष शाहदेव ने दिया। इस अवसर पर एआईयू के चीफ आर्बिटर श्री असित वरुण चौधरी, ऑल झारखंड चेस एसोसिएशन के सचिव मनीष कुमार एवं रांची डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन के सचिव नवजोत अलंग भी उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इस दौरान विश्वविद्यालय के अन्यान्य शिक्षक एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता के आयोजन पर विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान एवं राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

## नितांत सेवा फाउंडेशन ने किया रोज आइलैंड रांची में स्वच्छता अभियान आयोजित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** पर्यावरण जागरूकता और स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, नितांत सेवा फाउंडेशन नामक एनजीओ ने 1 फरवरी 2025 को रोज आइलैंड, रांची, झारखंड में एक स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। यह स्व-प्रेरित अभियान था, जिसमें स्वयंसेवकों ने अपने प्रयासों से इस पहल को सफल बनाया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सिर्फ सफाई करना ही नहीं, बल्कि नगर निगम और सरकार का ध्यान आकर्षित करना भी था, ताकि वे पर्यटन स्थलों की स्वच्छता और रखरखाव को प्राथमिकता दें। इस पहल के माध्यम से, स्वयंसेवकों ने संदेश दिया कि स्वच्छता केवल प्रशासन की ज़िम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। अभियान में 15 से अधिक स्वयंसेवकों, छात्र और पर्यावरण कार्यकर्ता शामिल थे, और सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी ने दस्ताने, कचरा बैग और सफाई उपकरणों के साथ प्लास्टिक कचरा, पॉलिथीन, और अन्य गैर-बायोडिग्रेडेबल कचरे को इकट्ठा कर क्षेत्र को साफ किया। नितांत सेवा फाउंडेशन के एक प्रतिनिधि ने बताया, हमारा उद्देश्य केवल सफाई नहीं, बल्कि लोगों में यह जागरूकता लाना है कि हमारे पर्यटन स्थलों की स्वच्छता और सुंदरता बनाए रखना हमारी सामूहिक ज़िम्मेदारी है। अगर हम इन्हें साफ नहीं रखेंगे, तो यह अपने आकर्षण और महत्व को खो देंगे। अभियान के अंत में सभी प्रतिभागियों ने स्वच्छता बनाए रखने और पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करने की शपथ ली। ऐसे प्रयास स्वच्छ भारत अभियान के संदेश को मजबूत करने और नागरिकों को स्वस्थ, स्वच्छ और सुंदर पर्यावरण के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## एक झलक

### डिगवाडीह गणेश पूजा मैदान में झमाड़ा एमडी का किया पुतला दहन

**जोड़ापोखर (धनबाद):** जल संयंत्र केन्द्र जामाडोबा से 18 इंची पाइप लाइन से पाथरडीह लाइन में पानी की सप्लाई वाल्व में आई तकनीकी गड़बड़ी के कारण जलापूर्ति नहीं होने से नाराज लोगों ने डिगवाडीह गणेश पूजा मैदान में झमड़ा के एमडी का पुतला दहन किया। पानी बिजली उपभोक्ता मंच के संरक्षक शुभाशीष राय ने बताया कि भागा, फुसबंग्ला, शालीमार, जेलगोड़ा, डिगवाडीह में 9 दिनों से पानी की सप्लाई बंद है। जबकि ऑपरेटर कामेश्वर एव चंदन द्वारा बार बार 8 इंची पाइप लाइन के कनेक्शन धारियों को ही लाभ पहुचाया जाता हैं। जिससे क्षेत्र की जनता में आक्रोश व्याप्त है। झमड़ा के अधिकारी अवकाश प्राप्त कर्मियों को ही पानी की सप्लाई ऑपरेटर क्यो रखा है यह सवाल लोगो के जेहन में दौड़ रहा है। कार्यक्रम में अभिमन्यु राम, उपेन्द्र शर्मा, मनोज प्रशाद, मिलन दता, गुफरान खान, मुख्तार अंसारी, सलीम इराकी, अली असगर, कलू मिस्त्री, संजय पांडेय, समीर गुहा आदि थे।

### सुदामडीह थाना प्रभारी की पहल पर मामला सुलझा



**पाथरडीह (धनबाद) :** सुदामडीह थाना प्रभारी सूरज कुमार रजक के पहल पर सोमवार को सुदामडीह थाना में ग्रामीण, प्रबंधन के साथ त्रिपक्षीय वार्ता हुई। इसमें एक माह में परियोजना में ओबी की भराई कर सुदामडीह मेन कालोनी से पुराने रास्ते को शुरू करने पर सहमति बनी। जिसके बाद परियोजना चालू हुआ। जिसके बाद प्रबंधन ने राहत की सांस ली। बताया जाता है कि बीसीसीएल के सुदामडीह एएसपी कोलियरी प्रबंधन ने फायर पैच का विस्तार को लेकर सुदामडीह मेन कालोनी से परियोजना के रास्ते मोहलबनी बिरसा जाने वाली मुख्य सड़क को ओबी गिराकर बंद कर दिया था। जिससे भड़के ग्रामीणों ने आउटसोर्सिंग परियोजना को बंद कर दिया था। ग्रामीण पुराने मार्ग को चालू करने पर अड़े थे। विवाद के कारण पिछले 7 दिनों से परियोजना बंद था। जिसे सुदामडीह थाना प्रभारी के पहल पर सुलझा लिया गया।
वार्ता में सुदामडीह एएसपी कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार, ग्रामीणों में गौतम रवानी, संजीव सिंह, गौरी शंकर रवानी आदि थे।

### किड्स गार्डन झरिया में मनी सरस्वती पूजा

**झरिया (धनबाद) :** किड्स गार्डन सेकेंडरी विद्यालय झरिया में सोमवार को विद्या की देवी मां शारदे की पूजा आराधना की गयी। विद्यालय निदेशिका डॉ. शोभा सिन्हा, प्रचार्या डॉ. स्नेहलता शैक्षणिक शिक्षक प्रभारी द्वय आशित बनर्जी, दीपा राय चौधरी, श्री एस. मलिक, श्री एम. के. सिन्हा, डॉ. कविता सिंह समेंत विद्यालय के सभी शिक्षकों तथा छात्रों के साथ मां भगवती की पूजा आराधना कीं। जूनियर किड्स गार्डन में आज विद्यारंभ समारोह में बच्चों ने भगवती के सामने विद्वान पंडित के मंत्रोच्चार के साथ विद्यारंभ किया गया। शिक्षक प्रभरिका श्रीमती रोजी फ्रांसिस की निर्देशन में सारा काम निर्विघ्न सम्पन्न हुआ। किड्स गार्डन सीनियर विंग में आज कक्षा नर्सरी से कक्षा पंचम तक के छात्रों को नि:शुल्क फॉर्म प्रदान किया गया तथा जिन छात्रों का नामांकन आज करवाया गया उनको विशेष स्कॉलरशिप प्रदान की गयी।

# ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा सम्पन्न



त्योहार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**झरिया (धनबाद):** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी चांद कुइयां न्यू कॉलोनी में मां सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया। पूजा अर्चना आचार्य विद्यासागर पांडे ने विधि विधान से कराई। विद्यासागर पांडे ने बताया कि सरस्वती पूजा के दिन ही भगवान शिव का तिलक होता है जबकि शिवरात्रि के दिन शुभ विवाह का आयोजन किया जाता है, सरस्वती माता विद्या बुद्धि और ज्ञान देने वाली मां है। दुर्गा का तीसरा स्वरूप है महालक्ष्मी महाकाली महासरस्वती के नाम से विराजमान रहती है, जो लोग सच्चे मन से मां से प्रार्थना करते हैं उनके मनोकामना माता पूर्ण करती हैं। इस अवसर पर 4 फरवरी को बालक भोजन एवं सुंदरकांड का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें मानस व्यास मंटू राय की टीम सुंदरकांड करेंगे। जजमान में अमन पांडे, अभिषेक सिंह, विवेक सिंह, शिवम सिंह, सूरज महतो, अविनाश मुंडा, अजय महतो, जीत कुमार, सौरभ यादव, करण सिन्हा, एकान्त सिंह, सुजीत, सोनू, मनोज, धन्नु, पप्पू सिंह, सुजीत सिंह, सुबोध सिंह, रोमित कुमार, रिशु, किशु, लक्ष्य, रुद्र, बनवारी सिंह, रवि चौहान, सूरज चौहान आदि लोग थे।

## फ्रीडम फाइटर कार्यालय में हुई सरस्वती पूजा



**फ्रीडम फाइटर** समाचार पत्र धनबाद के जिला स्तरीय कार्यालय में सोमवार को बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर सरस्वती पूजन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ब्यूरो चीफ अजय कुमार, एम मिश्र, अभिषेक अग्रवाल, जेके सिंह सीडी मिश्रा सहित अन्य पत्रकार मौजूद थे।



## सरस्वती विद्या मंदिर सिन्दरी में सरस्वती पूजा का आयोजन



**पाथरडीह/सिन्दरी (धनबाद) :** सरस्वती विद्या मंदिर सिंदरी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरस्वती पूजा का भव्य आयोजन किया गया। पूजा अर्चना आचार्य के द्वारा किया। वही पूजा के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें अजीत कुमार मिश्रा (अध्यक्ष) शशि भूषण कुमार गुप्ता (सचिव) महेंद्र यादव (कोषाध्यक्ष) सुनील कुमार पाठक (प्राचार्य) के साथ पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित था।

## जेपी कॉलेज ऑफ इंस्टीट्यूशंस में मां सरस्वती की हुई विधिवत पूजा-अर्चना

**धनबाद :** जेपी ऑफ इंस्टिट्यूशन में सोमवार को बसंत पंचमी के उपलक्ष्य पर विद्या की अधिष्ठात्री मां सरस्वती पूजा की विधिवत पूजा अर्चना की गई एवं हवन एवं मां सरस्वती की आरती की गई। प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक नृत्य, भजन एवं गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी। उपस्थित चेयरमैन प्रदीप मंडल मैनेजिंग डायरेक्टर नित्यानंद मंडल, डायरेक्टर डॉ.किमी नित्यानंद मंडल ने जे पी कॉलेज ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सभी प्रोफेसर्स, लेक्चरर्स एवं छात्र -छात्राओं को बधाई दी।


## बीआईटी सिन्दरी में धूमधाम से मनी सरस्वती पूजा



**पाथरडीह/सिन्दरी (धनबाद) :** बीआईटी सिंदरी में आज सरस्वती पूजा बड़े धूमधाम से मनाई गई, जिसमें संस्था के डायरेक्टर सर भी उपस्थित रहे। पूजा का आयोजन संस्थान के सभी छात्रों और कर्मचारियों की भागीदारी से हुआ, जिसमें फर्स्ट ईयर से लेकर फाइनल ईयर तक के छात्र शामिल हुए। इस अवसर पर पूजा और हवन का आयोजन हुआ और सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन की सफलता में प्रोफेसर मिश्रा जी की देखरेख महत्वपूर्ण रही। पूजा का आयोजन न केवल एक धार्मिक परंपरा का पालन था, बल्कि छात्रों के बीच एकजुटता और सामूहिकता को भी बढ़ावा देने वाला था। पूजा में बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया और सरस्वती माता से आशीर्वाद लिया। यह आयोजन शिक्षा के क्षेत्र में सफलता, ज्ञान और समृद्धि की कामना के प्रतीक के रूप में संपन्न हुआ। बीआईटी सिंदरी में हर साल इस तरह के आयोजन छात्रों को सांस्कृतिक और धार्मिक दृष्टिकोण से जोड़ने में मदद करते हैं। इस अवसर पर सभी उपस्थित थे और एक साथ मिलकर इस धार्मिक अनुष्ठान का भाग बने। प्रोफेसर के नाम डायरेक्टर पंकज राय अमर कुमारमिश्रा जी जे एन महतो उपेंद्र प्रसाद प्रकाश कुमार अमर प्रकाश सिंहा प्रफुल्लू कुमार एस पी सिंह आदि थे।

## कोयलांचल में रही सरस्वती पूजा की धूम

**झरिया (धनबाद) :** झरिया कोयलांचल में बसंत पंचमी के अवसर सोमवार को विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा धूमधाम जगह-जगह हुई। बालिका विद्या मंदिर, यशोमती श्री विद्या निकेतन, विवेकानंद विद्यालय, गुजराती हिदी विद्यालय, डीएवी स्कूल आदि स्थानों में पूजा हुई। मनन कोचिंग सेंटर कोयरीबांध व चार नंबर में विद्यार्थियों ने संस्थापक मनन पाठक के नेतृत्व में पूजा की। विद्यार्थियों व युवाओं में काफी उत्साह देखा गया। विभिन्न स्कूलों व पूजा पंडालों में भी मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर विद्यार्थियों ने भक्तिभाव से मां की पूजा की। जोड़ापोखर क्षेत्र के जवाहरलाल नेहरू स्कूल डिगवाडीह, न्यू ऐंजल होम स्कूल, मदर टेरेसा स्कूल, रेलवे स्कूल भागा, सेंट शहीद मेमोरियल स्कूल डिगवाडीह, फ्यूजन क्लासेस डिगवाडीह, एकलव्य क्लब डिगवाडीह में मां शारदे की पूजा हुई। भौंरा टैक्सी स्टैंड में सम्राट क्लब की ओर से मां शारदे की पूजा आकर्षक पंडाल बनाकर की गई।



## झरिया विधानसभा में आयोजित सरस्वती पूजा में शामिल हुई विधायक

**झरिया (धनबाद) :** वसंत पंचमी के शुभ अवसर पर झरिया विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित सरस्वती पूजा में झरिया विधायक श्रीमती रागनी शामिल हुई एवं विधि विधान से मां शारदे की पूजा अर्चना और माथा टेक कर आशीर्वाद लिया। बच्चों द्वारा प्रदर्शित विज्ञान प्रदर्शनी में उपस्थित हो कर बच्चों की कलाकृतियों का निरीक्षण कर उन्हें अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं को वसंत पंचमी की मंगलकामनाएं दी।

## सरस्वती पूजा सम्पन्न



**सिन्दरी (धनबाद) :** सरस्वती पूजन का शुभ मुहूर्त पंचागों के अनुसार 3 फरवरी को मनाया जा रहा है। ऐसे में सरस्वती मूर्ति विसर्जन शास्त्र सम्मत से चार फरवरी को कहा जा रहा है। सिंदरी विधानसभा के भाजपा नेता को सरस्वती विद्या मंदिर में मुख्य अतिथि के रूप में बुला कर प्राचार्य सुनील कुमार पाठक के द्वारा पूजन कार्य करवाकर मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। उसके बाद लक्की सिंह टीम को माता का भोग प्रसाद के रूप में दिया गया। लक्की सिंह एवं उनके लोगों से मिल कर स्कूल के सभी शिक्षक आदि प्रसन्न हुए।

## एनएसयूआई ने अनाथाश्रम में बच्चों के बीच बांटीं खुशियां



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**धनबाद :** सोमवार 03 फरवरी को एनएसयूआई के नेता जय प्रकाश यादव के सौजन्य से हीरापुर स्थित हिंदू मिशन अनाथालय में सरस्वती पूजा के उपलक्ष्य पर अनाथ बच्चों संग खुशियां बाटी गई। बच्चों को कॉपी, कलम और मिठाइयां बाटी गई। सभी बच्चों को आज के दिन की महत्ता बताकर उन्हें जीवन में शिक्षा के मूल्य को समझाया गया तथा उन्हें यह बताया गया कि शिक्षा ही एक मात्र रास्ता है अपने जीवन को बदलने के लिए। तथा एनएसयूआई के द्वारा अनाथ आश्रम के संचालक से यह भी वादा किया गया की एनएसयूआई आगे भी उनके लिए सहयोग को तत्पर रहेगी और महीने में चार दिन संघटन के लोग आकर बच्चों को शिक्षा देने का काम करेंगे। मौके पर एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी, एनएसयूआई के विश्वविद्यालय नेता जयप्रकाश सिंह, समाजसेवी मौशिम शेखावत, अमन प्रसाद, सौरव कुमार, राजीव कुमार व अन्य नेतागण मौजूद थे।

## वित्त मंत्री से मिला धनबाद कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल



**धनबाद :** धनबाद कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को रांची स्थित झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर से उनके आवास पर धनबाद में सील बंद पुराने कांग्रेस कार्यालय से संबंधित कागजात सौंपा गया। उक्त अवसर पर धनबाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, झारखंड प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष बृजेन्द्र प्रसाद सिंह, झारखंड प्रदेश कांग्रेस महासचिव मदन महतो, झारखंड प्रदेश प्रतिनिधि मनोज यादव थे।

## पहला कदम स्कूल के दिव्यांग बच्चों ने झारखंड राज्य पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में लिया भाग


**धनबाद :** नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित पहला कदम स्कूल के दिव्यांग बच्चों ने 2 फरवरी 2025 को रांची में आयोजित 21वीं झारखंड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लिया और अपनी प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया। पहला कदम के दो होनहार छात्र, पवन कुमार पासवान और विष्णु कुमार, ने न केवल स्कूल बल्कि पूरे राज्य का नाम रोशन किया। उनकी शानदार उपलब्धियां इस प्रकार हैं।

**पवन कुमार पासवान 100 मीटर दौड़**
**प्रथम स्थान**
200 मीटर दौड़
प्रथम स्थान, शॉर्ट पुट - तृतीय स्थान



विष्णु कुमार - सॉफ्टबॉल थ्रू--- प्रथम स्थान 50 मीटर दौड़ द्वितीय स्थान
पहला कदम दिव्यांग बच्चों के आत्मविश्वास और उज्जवल भविष्य के लिए निरंतर प्रयासरत है। हमें अत्यंत हर्ष हो रहा है कि हमारे ये प्रतिभाशाली बच्चे अब राष्ट्रीय स्तर पर झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। आगामी नेशनल पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप चेन्नई में आयोजित होगी, जिसमें हमारे बच्चे अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने के लिए पूरी मेहनत से तैयारी कर रहे हैं। इस गौरवशाली उपलब्धि पर बीसीसीएल के सीएमडी सहित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने बच्चों को हार्दिक शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया। सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं और आशा करते हैं कि वे राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे।

## इंजीनियरिंग कॉलेज के ओल्ड बॉयज संगठन ने संजय कुमार को दी विदाई, किया सम्मानित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**धनबाद :** चंद्रपुर इंजीनियरिंग कॉलेज ओल्ड बॉयज एसोसिएशन द्वारा होटल मिनारी में संजय कुमार, मुख्य प्रबंधक (खनन), जो डीटी (ओपी) सचिवालय में पदस्थापित थे, आज यादगार विदाई दी गई और सम्मानित किया गया। उन्होंने बीसीसीएल में विभिन्न क्षमताओं में कार्य किया और अंततः 31 जनवरी 2025 को सेवा निवृत्त हुए। इस अवसर पर बस्ताकोला क्षेत्र के महाप्रबंधक एके सिन्हा, ईजे क्षेत्र के महाप्रबंधक निखिल सिंह, सीएमसी के महाप्रबंधक अरविंद सिन्हा, सुरक्षा महाप्रबंधक आनंद कुमार, एस.के. सिंह (टी/एस टू डीटी ऑपरेशनल), रंजन कुमार, एम.आर. श्रीवास्तव, प्रभाकर कुमार, तपस खवास, अनिल कुमार, दिलीप कुमार तथा चंद्रपुर कॉलेज के अन्य पूर्व छात्र उपस्थित रहे। सभी ने श्री संजय कुमार के प्रति अपना सम्मान और स्नेह व्यक्त किया तथा उनकी सेवा के दौरान उनके समर्पण और मानवीय दृष्टिकोण की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

## 175 श्रद्धालुओं का दल कुम्भ स्नान के लिए प्रयागराज रवाना

**अनगड़ा :** अनगड़ा से 175 श्रद्धालुओं का एक दल सोमवार को कुम्भ स्नान के लिए प्रयागराज रवाना हुआ। अनगड़ा थाना प्रभारी हीरालाल साह व जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुंडा ने इस दल को भगवा झंडा दिखाकर रवाना किया। दल का नेतृत्व कर रहे ज्योतिष महतो ने बताया कि कुंभ स्नान के बाद सभी श्रद्धालु अयोध्या, चित्रकुट व काशी विश्वनाथ का भी दर्शन करेंगे। अनुराधा मुंडा ने कहा कि अपने धर्म अध्यात्म को जानने के लिए जीवन में एक बार कुंभ स्नान जरूरी है। इस बार कुंभ स्नान 144 साल बाद आया है। पूरे अनगड़ा क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। इस दल में उत्तम महतो, धनेश्वर बेदिया, बालसाय मुंडा आदि शामिल थे।

## मारवाड़ी विद्यालय झरिया में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**झरिया (धनबाद) :** सरस्वती पूजा के शुभ अवसर पर मारवाड़ी विद्यालय झरिया में छात्र-छात्राओं द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मां सरस्वती की पूजा अर्चना के बाद विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन मारवाड़ी सम्मेलन अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष जयप्रकाश देवरलिया, संयुक्त सचिव प्रमोद जलूका, दीपक अग्रवाल, प्रबंध समिति अध्यक्ष ललित कटेसरिया ने संयुक्त रूप से किया। छात्र-छात्राओं ने रेन हार्वेस्टिंग विंडमिल वॉटर प्यूरीफायर कॉसेस ऑफ कैंसर इलेक्ट्रिक सर्किट रोबोट फन वोल्कानो लाइटिंग कंडक्टर वाटर पंप और मिनी कूलर, रोड लाइट प्रोजेक्ट सोलर इलेक्ट्रिसिटी रोबोट ग्रीनहाउस जैसे दो दर्जन से अधिक मॉडल प्रस्तुत किये थे। निर्णायक के रूप में प्रखंड झरिया प्रवीण झा एवं अजय पाल मौजूद थे। निर्णायक द्विवेदी सभी मॉडलों का निरीक्षण कर अपनी अभिव्यक्ति प्रदान की जिसके आधार पर प्रथम श्रेणी द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी प्रदर्शन को प्रदान किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए मॉडल रेन इनफार्मेशन मॉडल की सराहना दर्शकों ने की। मौके पर विद्यालय प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष सत्यनारायण भुजगडिया, संयुक्त सचिव महेश जलूका, अनूप लीलहा, कोषाध्यक्ष नरेश अग्रवाल, अधिवक्ता विनोद शर्मा, प्रकाश शर्मा, अनिल केजरीवाल अजय अग्रवाल, अमित अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे। आगत अतिथियों का स्वागत प्रधानाध्यापक एम मिश्र, सह प्रभारी मनोज रवानी, वरीय शिक्षिका रेखा पोद्दार ने किया। विज्ञान प्रदर्शनी में विज्ञान शिक्षक संजय भट्ट, रेखा पोद्दार, ज्योति कुमार साव छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया था। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक संजीत जायसवाल, नागेंद्र प्रसाद, शिक्षिका माधवी वर्मा, प्रीति केसरी, पूनम कुमारी, स्वीटी हाजरा, कविता गुप्ता सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।

# सरस्वती पूजा को लेकर क्षेत्र में रही धूम





**पाथरडीह (धनबाद) :** बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर मां सरस्वती पूजा अर्चना के लिए क्षेत्र के विभिन्न स्कूल कॉलेज,एवं गली मोहल्लों में जगह जगह भव्य पंडाल बनाए गए है। जहां भक्ति भजन तो कही कही फिल्मी धुन के बाजे बज रहे है। सोमवार को मां सरस्वती पूजा अर्चना धूमधाम से की गई। चासनाला सम्राट नगर स्थित सूर्य मंदिर परिसर में स्थानीय युवा समिति के युवकों ने भव्य पूजा पंडाल का निर्माण कर पूजा अर्चना की। पाथरडीह अजमेरा मैदान में नव युवक संघ के युवकों ने माँ सरस्वती की पूजा अर्चना की। सुदामडीह रिवर साईड स्थित दोनों लाईन के बीच शिव मंदिर परिसर में युवकों ने माँ सरस्वती की पूजा अर्चना की। यहाँ भव्य पंडाल का निर्माण कर युवक पूजा अर्चना कर रहे है। चासनाला साउथ कालोनी चिल्ड्रेन पार्क में युवकों ने भव्य पंडाल का निर्माण कर पूजा अर्चना की। वहीं क्षेत्र के पाथरडीह मोहनबाजार, नुनुडीह आदि क्षेत्रों में सरस्वती पूजा की धूम रही। बच्चो ने खूब आनंद उठाया।

## सैनिक मिशन स्कूल पुटकी में सरस्वती पूजन सम्पन्न

**धनबाद :** सैनिक मिशन स्कूल, पुटकी में सरस्वती पूजन एवं विद्यारंभ संस्कार संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपस्थित बच्चे अपने माता-पिता के साथ विद्यारंभ संस्कार में सम्मिलित हुए। सनातन परंपरा में मनुष्य जीवन में संस्कारों का विशेष महत्व है। ऐसे 16 संस्कारों का प्रावधान वर्णित है। उनमें से एक प्रमुख संस्कार है 'विद्यारम्भ संस्कार'। मां सरस्वती के प्राकटय दिवस बसंत पंचमी पर सरस्वती पूजन के साथ विद्यारम्भ संस्कार को उत्सव के रुप में मनाया गया। स्कूल के निदेशक सुनील पांडे ने कहा कि सनातन धर्म में हर शुभ काम को करने का सही मुहूर्त होता है। ऐसी मान्यता है कि यदि शुभ कार्य को सही मुहूर्त पर किया जाए तो उसकी सफलता और फलदायी क्षमता बढ़ जाती है। विद्यारंभ संस्कार के दौरान, बच्चे को मंत्रोच्चार के साथ अक्षरों का ज्ञान कराया जाता है। शिक्षा जीवन की शुरूआत का प्रतीक होता है। विद्यारंभ संस्कार का उद्देश्य बच्चे को शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक करना और उसे ज्ञान की दिशा में प्रेरित करना है। इस दौरान विद्यालय परिसर में उपस्थित बच्चों का विद्यारम्भ संस्कार सम्पन्न हुआ। नन्हें बच्चों को उनके माता पिता व टीचर्स के सहयोग से पेन्सिल से ओम लिखवा कर व स्वास्तिक का चिह्न बनवाया किया गया व बच्चों को स्कूल की ओर से बच्चों को उपहार स्वरूप कॉपी-२पेंसिल दिया गया।



## सम्पादकीय.....

# सिद्दारमैया ने दिये संकेत

**कर्नाटक** कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। इस बाबत पिछले जनवरी माह के अंतिम सप्ताह में मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने संकेत दिया है कि वह अपने पद से हट सकते हैं। समझा जाता है कि इस कारण डी के शिवकुमार को अवसर मिल सकता है। ऐसा फॉर्मूला पहले भी अन्य कांग्रेस शासित राज्यों में आजमाया जा चुका है, लेकिन इससे कोई सफलता हासिल नहीं हुई। दरअसल, कर्नाटक में कांग्रेस उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। मुख्यमंत्री सिद्दारमैया के वक्तव्य के उपरान्त परदे के पीछे की गतिविधियां और तेज हो गयी हैं। मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने 23 जनवरी को पहली बार संकेत दिया कि राज्य में इसी वर्ष नेतृत्व परिवर्तन सम्भव है। अब तक ऐसे सवालों पर उनका दावा होता था कि उनकी सरकार पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा करेगी। इस बात की कभी औपचारिक तौर पर पुष्टि नहीं हुई, लेकिन 2023 में वर्तमान कांग्रेस सरकार बनने के बाद से ही कहा जा रहा है कि वहां रोटेशनल चीफ मिनिस्टर की व्यवस्था पर सहमति बनी थी। इसके तहत सिद्दारमैया 30 महीने मुख्यमंत्री रहेंगे और फिर अगले 30 महीने डी के शिवकुमार उस पद पर विराजित होंगे। चूंकि, सिद्दारमैया इसी वर्ष के अंत तक सीएम पद पर अपने 30 महीने पूरे कर लेंगे, इसलिए नेतृत्व परिवर्तन को लेकर सुगबुगाहट शुरू हो गयी है। इस तरह के फॉर्मूले की चर्चा कई अन्य कांग्रेस शासित राज्यों में भी होती रही है। लेकिन, उसका अमल में आना हमेशा मुश्किल रहा है। संदर्भ को लेकर छत्तीसगढ़ का उदाहरण दृष्टव्य है। वहां पिछले विधानसभा चुनाव में हुई कांग्रेस की पराजय की एक वजह टीएस सिंहदेव की नाराजगी को भी माना जाता है। उन्हें वादे के बावजूद सीएम नहीं बनाया गया था। कर्नाटक में भी वर्तमान मुख्यमंत्री का अब तक का रुख यही संकेत दे रहा था कि इस कथित फॉर्मूले को अमल में लाना मुश्किल साबित होगा। बहरहाल, नेतृत्व परिवर्तन का निर्णय सिद्दारमैया ने आलाकमान पर छोड़ दिया है। यदि इस दिशा में बात आगे बढ़ती है, तो दक्षिण के एक महत्त्वपूर्ण राज्य में पार्टी के पास युवा नेतृत्व को बढ़ावा देने का अवसर होगा। चूंकि, अभी चुनाव में देर है, इसलिए नये नेतृत्व के पास भी खुद को साबित करने के लिए पर्याप्त समय होगा। अब इसका अंततः परिणाम क्या होगा, यह तो भविष्य के गर्भ में है, लेकिन यह खबर अवश्य है कि राज्य में मुख्यमंत्री पद का सपना देख रहे कई नेताओं के समर्थकों ने पूजा-पाठ और अनुष्ठान कराने प्रारम्भ कर दिये हैं। यह घटनाक्रम विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी के अन्दर आलाकमान को मजबूती देते हुए अनुशासन की भावना बढ़ाता है या फिर प्रदेश में अंदरूनी गुटबाजी को तेज करता है, यह देखना दिलचस्प होगा।

## किसने क्या कहा



आम आदमी पार्टी ने दिल्लीवालों के साथ धोखा किया

अमित शाह
गृहमंत्री



राहुल गांधी का राजनीतिक झूठ राष्ट्र के लिए नुकसानदायक

डॉ. एस जयशंकर
विदेश मंत्री

# समाज के वंचित वर्ग को भी मिले पीने को दूध

विशेष | डॉ. सत्यवान सौरभ

**समान** दूध की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए नीतिगत उपाय सबसे पहले आते हैं। पोषण कार्यक्रमों में सुधार जैसे प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण और एकीकृत बाल विकास सेवा जैसी योजनाओं के लिए वित्तीय सहायता बढ़ायें, जो स्कूल के भोजन और घर ले जानेवाले राशन में दूध की आपूर्ति करती हैं। कर्नाटक और गुजरात जैसे राज्य वर्तमान में स्कूल पोषण कार्यक्रमों के माध्यम से दूध प्रदान करते हैं, लेकिन कवरेज का विस्तार करने से बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है। वितरण लागत को कम करने और सामर्थ्य बढ़ाने के लिए मजबूत डेयरी नेटवर्क वाले क्षेत्रों में जरूरतमंद परिवारों के लिए दूध वाउचर पेश करें।

**श्वेत** क्रांति से प्रेरित भारत का डेयरी क्षेत्र दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक बन गया है, फिर भी दूध की पहुँच बहुत असमान है। आय के अंतर, क्षेत्रीय विविधताओं और सामर्थ्य सीमाओं जैसे कारकों के कारण वंचित समूहों के बीच दूध की खपत सीमित है। कुपोषण और अतिपोषण के बारे में बढ़ती चिंताओं के साथ, इस अंतर को पाटने और समाज के सभी वर्गों के लिए समान पोषण सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए विशिष्ट नीतियों की आवश्यकता है। जब हम सामाजिक-आर्थिक और क्षेत्रीय समूहों के बीच दूध के सेवन में अंतर देखते हैं तो पाते है कि उच्चतम आय वाले परिवार प्रति व्यक्ति तीन से चार गुना अधिक दूध खाते हैं, जो निम्न आय वालों की तुलना में काफी आर्थिक असमानताओं को दर्शाता है। सबसे कम आय वाले 30% परिवार भारत के दूध का केवल 18% उपभोग करते हैं, जो उच्च समग्र उत्पादन के बावजूद निम्न-आय वाले समूहों में सामर्थ्य सम्बंधी मुद्दों को रेखांकित करता है। शहरी परिवार 30 प्रतिशत का उपभोग करते हैं। राजस्थान, पंजाब और हरियाणा जैसे पश्चिमी और उत्तरी राज्यों में प्रति व्यक्ति खपत अधिक है (333 ग्राम-421 ग्राम प्रतिदिन), जबकि छत्तीसगढ़ और ओडिशा जैसे पूर्वी राज्य प्रतिदिन केवल 75 ग्राम-171 ग्राम खाते हैं। हरियाणा की डेयरी-अनुकूल संस्कृति और सहकारी नेटवर्क घरों में उच्च दूध की खपत को बढ़ावा देते हैं। आदिवासी (एसटी) परिवार सामान्य रूप से अन्य परिवारों की तुलना में प्रति व्यक्ति चार लीटर कम दूध का उपभोग करते हैं, जो लंबे समय से चली आ रही सामाजिक असमानताओं को उजागर करता है। दूध के पोषण सम्बंधी लाभों के बावजूद, डेयरी बाजारों तक सीमित पहुँच और आर्थिक बाधाएँ एसटी समुदायों को कम खर्चीले, गैर-डेयरी विकल्पों पर निर्भर रहने के लिए प्रेरित करती हैं। धनी महानगरीय लोग अनुशंसित मात्रा से दोगुने से अधिक उपभोग करते हैं, मुख्य रूप से उच्च वसा, उच्च चीनी वाले डेयरी उत्पादों से, कम आय वाले परिवारों के लिए दूध महंगा है, जो 300 ग्राम की अनुशंसित दैनिक खपत को पूरा करने के लिए उनके मासिक खर्च का 10%-30% हिस्सा है। प्रतिदिन 300 कमाने वाला एक दिहाड़ी मजदूर सिर्फ. दूध के लिए 30-90 का बजट बनाने के लिए संघर्ष कर सकता है, जिसके परिणामस्वरूप आहार प्रभावित होता है। ग्रामीण उत्पादकों के पास पर्याप्त भंडारण और वितरण नेटवर्क की कमी है, जिसके परिणामस्वरूप कम आय वाले और अलग-थलग परिवारों तक पहुँचने में अक्षमता होती है। लैक्टोज संवेदनशीलता और आहार सम्बन्धी प्राथमिकताएं दूध के सेवन को प्रभावित करती हैं, विशेष रूप से पूर्वी और आदिवासी क्षेत्रों में, जहाँ वैकल्पिक प्रोटीन स्रोतों को प्राथमिकता दी जाती है। झारखंड में आदिवासी जनजातियाँ सांस्कृतिक खाद्य प्राथमिकताओं कारण दालों और बाजरा पर निर्भर हैं। वित्तीय प्रतिबंधों के कारण, कुछ राज्यों ने कल्याणकारी कार्यक्रमों से दूध के प्रावधान को समाप्त कर दिया, जिससे कमजोर समुदायों तक पहुँच सीमित हो गई। छत्तीसगढ़ ने दूध की आपूर्ति बंद कर दी। समान दूध की पहुँच सुनिश्चित करने के लिए नीतिगत उपाय सबसे पहले आते हैं। पोषण कार्यक्रमों में सुधार जैसे प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण और एकीकृत बाल विकास सेवा जैसी योजनाओं के लिए वित्तीय सहायता बढ़ाएँ, जो स्कूल के भोजन और घर ले जाने वाले राशन में दूध की आपूर्ति करती हैं। कर्नाटक और गुजरात जैसे राज्य वर्तमान में स्कूल पोषण कार्यक्रमों के माध्यम से दूध प्रदान करते हैं, लेकिन कवरेज का विस्तार करने से बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है। वितरण लागत को कम करने और सामर्थ्य बढ़ाने के लिए मजबूत डेयरी नेटवर्क वाले क्षेत्रों में जरूरतमंद परिवारों के लिए दूध वाउचर पेश करें। गुजरात में डेयरी सहकारी समितियाँ स्थानीय दुकानों पर भुनाए जाने वाले दूध कूपन प्रदान करने के लिए सामाजिक पहलों के साथ काम कर सकती हैं। सब्सिडी वाले दूध वितरण के लिए धन बनाने के लिए सामाजिक बांड, सीएसआर फंडिंग और अस्वास्थ्यकर खाद्य पदार्थों पर कर लगाने की जाँच करें। दूध वितरण को निधि देने के लिए आइसक्रीम जैसे उच्च चीनी वाले डेयरी उत्पादों पर एक छोटा कर लगाया जा सकता है। महिलाओं और परिवारों को दूध के महत्त्व के बारे में शिक्षित करने के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों, स्वयं सहायता समूहों और मीडिया भागीदारी का उपयोग करें। महाराष्ट्र के पोषण माह 2024 अभियान ने संतुलित आहार के बारे में सफलतापूर्वक जागरूकता बढ़ाई, जिससे ग्रामीण समुदायों में आहार विविधता में सुधार हुआ। अत्यधिक डेयरी सेवन को रोकने के लिए, यूके के चेंज4लाइफ शुगर स्वैप अभियान के समान, स्वास्थ्य संदेश के माध्यम से संयम को प्रोत्साहित करें। डॉक्टर और पोषण विशेषज्ञ स्वस्थ डेयरी उपभोग पैटर्न की वकालत कर सकते हैं, जिससे मोटापे और गैर-संचारी रोगों का बोझ कम हो सकता है। दूध की खपत की असमानताओं को पाटने के लिए लक्षित सब्सिडी, मजबूत सार्वजनिक वितरण प्रणाली और छोटे पैमाने पर डेयरी फार्मिंग के लिए प्रोत्साहन की आवश्यकता है।

# कैंसर नहीं है पूरी तरह लाइलाज, जागरूकता जरूरी

गौरतलब | योगेश कुमार गोयल

**यह** जानना भी बहुत जरूरी है कि 'कैंसर' आखिर है क्या? जब हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता काफी कमजोर हो जाती है, तो शरीर पर विभिन्न प्रकार की बीमारियां हमला करना शुरू कर देती हैं। ऐसी परिस्थितियों में कई बार शरीर की कोशिकाएं अनियंत्रित होकर अपने आप तेजी से विकसित और विभाजित होने लगती हैं। कोशिकाओं के समूह की इस अनियंत्रित वृद्धि को ही कैंसर कहा जाता है।

**भारत** में कैंसर के करीब दो तिहाई मामलों का बहुत देर से पता चलता है और कई बार तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। लोगों को कैंसर होने के संभावित कारणों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से ही प्रतिवर्ष 4 फरवरी को 'विश्व कैंसर दिवस' मनाया जाता है। दरअसल आज भी लगभग सभी लोगों के लिए कैंसर एक ऐसा शब्द है, जिसे अपने किसी परिजन के लिए डॉक्टर के मुंह से सुनते ही परिवार के तमाम सदस्यों की सांसें गले में अटक जाती हैं और पैरों तले की जमीन खिसक जाती है। ऐसे में परिजनों को परिवार के उस अभिन्न अंग को सदा के लिए खो देने का डर सताने लगता है। बढ़ते प्रदूषण तथा पोषक खानपान के अभाव में यह बीमारी एक महामारी के रूप में तेजी से फैल रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का मानना है कि हमारे देश में पिछले बीस वर्षों के दौरान कैंसर मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है। प्रतिवर्ष कैंसर से पीड़ित लाखों मरीज मौत के मुंह में समा जाते हैं। हालांकि कुछ वर्ष पूर्व तक कैंसर को लाइलाज रोग माना जाता था लेकिन कुछ वर्षों में कैंसर के उपचार की दिशा में क्रांतिकारी खोजें हुई हैं और अब अगर समय रहते कैंसर की पहचान कर ली जाए तो उसका उपचार किया जाना काफी हद तक संभव हो जाता है। कैंसर के संबंध में यह समझ लेना बेहद जरूरी है कि यह बीमारी किसी भी उम्र में किसी को भी हो सकती है किन्तु अगर इसका सही समय पर पता लग जाए तो लाइलाज मानी जाने वाली इस बीमारी का उपचार अब संभव है। यही वजह है कि देश में कैंसर के मामलों को कम करने के लिए कैंसर तथा उसके कारणों के प्रति लोगों को जागरूक किए जाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है ताकि वे इस बीमारी, इसके लक्षणों और इसके भयावह खतरे के प्रति जागरूक रहें। कैंसर से लड़ने का सबसे बेहतर और मजबूत तरीका यही है कि लोगों में इसके प्रति जागरूकता हो, जिसके चलते जल्द से जल्द इस बीमारी की पहचान हो सके और शुरूआती चरण में ही इसका इलाज संभव हो। यदि कैंसर का पता शीघ्र लगा लिया जाए तो उसके उपचार पर होने वाला खर्च काफी कम हो जाता है। यही वजह है कि जागरूकता के जरिये इस बीमारी को शुरूआती दौर में ही पहचान लेना बेहद जरूरी माना गया है क्योंकि ऐसे मरीजों के इलाज के बाद उनके स्वस्थ एवं सामान्य जीवन जीने की संभावनाएं काफी ज्यादा होती हैं। हालांकि देश में कैंसर के इलाज की तमाम सुविधाओं के बावजूद अगर हम इस बीमारी पर लगाम लगाने में सफल नहीं हो पा रहे हैं तो इसके पीछे इस बीमारी का इलाज महंगा होना सबसे बड़ी समस्या है।

## आज का इतिहास

- बांका महार भागवतभक्त ने 1318 में आज के दिन समाधि ली थी।
- हंगरी के प्रिंस बेथलेन और रोम के सम्राट फर्डीनेंड द्वितीय के बीच 4 फरवरी साल 1620 को शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये गये।
- शाहजहां को आगरा का सम्राट 1628 में घोषित किया गया था।
- इटली के कैलब्रिया में 4 फरवरी 1783 को इतना विनाशकारी भूकम्प आया, जिसमें करीब 50 हजार लोगों की जान चली गयी।
- सन 1789 में जॉर्ज वॉशिंगटन को अमेरिका के प्रथम राष्ट्रपति के रूप में चुना गया।
- इक्वाडोर की राजधानी क्वीटो में 4 फरवरी, 1797 को भीषण भूकम्प आया, जिसमें करीब 41 हजार लोगों की मौत हो गयी।
- अमेरिका की पहली टेलीग्राफ कम्पनी की स्थापना 04 फरवरी, 1847 में मैरीलैंड में की गयी।
- लोकमान्य तिलक के सम्पादन में दैनिक समाचार पत्र 'केसरी' का पहला अंक 1881 में आया था।
- अमेरिका के शिकागों में 04 फरवरी, 1895 को पहले रोलिंग लिफ्ट पुल का उद्घाटन किया गया।
- 04 फरवरी 1920 को लंदन और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहली विमान सेवा की शुरुआत हुई।
- भारत के स्वतंत्रता आन्दोलन समय हुआ चौरीचौरा काण्ड 1922 को हुआ।
- महात्मा गांधी को खराब स्वास्थ्य के कारण 1924 में बिना किसी शर्त के मुम्बई जेल से छोड़ दिया गया।
- न्यूयॉर्क के लेक प्लेसिड में 04 फरवरी, 1932 को तीसरे शीतकालीन ओलंपिक का शुभारम्भ हुआ।
- भारत की सातवीं आर्मी बर्मा पर 1944 में जपान ने हमला किया था।
- RSS ने 1948 में रिजर्व बैंक की राष्ट्रीयता पर बैन लगा दिया।
- श्रीलंका 1948 को ब्रिटिश शासन से स्वतंत्र हुआ।
- भारत पाकितान के बीच 1953 में कश्मीर के मुद्दे पर पहली बार बात हुई थी।




## जहां शांति है, वहीं सुख

**यदि** हमारे पास दुनिया का पूरा वैभव और सुख-साधन उपलब्ध है परंतु शांति नहीं है तो हम भी आम आदमी की तरह ही हैं। संसार में मनुष्यों द्वारा जितने भी कार्य अथवा उद्यम किए जा रहे हैं सबका एक ही उद्देश्य है शांति। सबसे पहले तो हमें ये जान लेना चाहिए कि शांति क्या है? शांति का केवल अर्थ यह नहीं कि केवल मुख से चुप रहें अपितु मन का चुप रहना ही सच्ची सुख-शांति का आधार है। कहते हैं कि जहाँ शांति है वहाँ सुख है। अर्थात सुख का शांति से गहरा नाता है। लड़ाई, दुख और लालच को भंग करने के लिए शांति सशक्त औजार है। कई लोग कहते हैं कि बिना इसके शांति नहीं हो सकती। इसके साथ ही भौतिक सुख-साधनों तथा अन्य संसाधनों से शांति होगी यह कहना भी गलत है। यदि इससे ही शांति हो जाती तो हम मंदिर आदि के चक्कर नहीं लगाते। धन-दौलत और संपदा से संसाधन खरीदे जा सकते हैं परंतु शांति नहीं। हम यही सोचते रह जाते हैं कि यह कर लूँगा तो शांति मिल जाएगी। आवश्यकताओं को पूरा करते-करते पूरा समय निकल जाता है और न तो शांति मिलती है और न ही खुशी। खुशहाल पारिवारिक जीवन के लिए जरूरी है कि पहले शांति रहे। जहाँ शांति है वहाँ विकास है। जहाँ विकास है वहाँ सुख है। इसलिए अमूल्य शांति के लिए सबसे पहले हमें अपने आप को देखना होगा।

## सुविचार

हमारे अन्दर अंधकार और रोशनी ; दोनों हैं। यह हमें चुनना है कि इनमें से हम किस को महत्त्व देते हैं।

**जे. के. रालिंग**

मुझे आनेवाले कल का भय नहीं है, क्योंकि मैंने बीता हुआ कल देखा है और मुझे आज से प्यार है।

**विलियम ए व्हाइट**

# बाल विवाह कानूनी अपराध

संतोष

**बाल** विवाह कानूनी अपराध है, इस पर दो वर्ष का कठोर कारावास एवं एक लाख रुपये के जुर्माने का प्रावधान है। उक्त बातें लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने कही।वे शनिवार को आवासीय सक्रिय महिलाओं का उमंग परियोजना पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम में बाल विवाह रोकथाम बिषय पर आयोजित एक कार्यक्रम में बतौर रिसोर्स पर्सन सम्बोधित कर रहे थे।कार्यक्रम का आयोजन झारखंड स्टेट लाइब्लीहुड प्रमोशन सोसाइटी व पीसीआई इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन होटल एलेक्स इन मे किया गया था। श्री पाण्डेय ने कहा कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार विवाह के लिए वधू की आयु 18 बर्ष एवं वर की आयु 21 बर्ष से अधिक होनी चाहिए। इससे कम आयु की शादी बाल विवाह के श्रेणी में आती है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह से बच्चों के अधिकारों का हनन होता है। और यह उनके जीवन को प्रभावित करता है।उन्होंने कहा कि बाल विवाह से बच्चों के स्वास्थ्य खतरे में पड़ता हैं। उन्होंने कहा कि बाल विवाह से बच्चों के शिक्षा ,स्वास्थ्य और सरक्षंण पर नकारात्मक प्रभाव डालता हैं। इस मौके पर पीएलवी करण थापा ने कहा कि विवाह एक संस्कार है। उन्होंने कहा कि दहेज प्रथा के कारण भी बाल विवाह का प्रचलन है। बिदित हो कि कार्यक्रम में सात प्रखंड के 20 सीएलएफ से 40 सक्रिय महिला भाग लिए। इस मौके पर पीसीआई के जिला प्रतिनिधि सुमन कुमारी, जे एस एल पी एस के कैडर पूजा देवी एवम् रानी देवी ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उन्मुखीकरण गतिबिधियों पर समझ विकसित करना, संकुल स्तर के पदधिकारिया की उमंग परियोजना में भूमिका एवम् जिम्मेदारी व झारखंड में बाल विवाह को कम करने में हितधारको की भूमिका पर चर्चा करना है। इस मौके पर उमंग परियोजना व इसमें शामिल गतिविधियों, किशोरी हेल्प डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी पी सी आई इंडिया के प्रतिनिधि सुमन कुमारी के द्वारा दिया गया। एस आर पी पूजा देवी व रानी देवी के द्वारा समूह व वीओ सत्र के बारे में जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में डॉ तब्रेज, नई संस्कृति सोसाइटी के प्रतिनिधि अजीत पाठक, प्रदान के प्रतिनिधि ओमप्रकाश कुमार, प्रवीण कुमार सिंह भाग लिया। प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि अभी भी झारखंड मे 32 एवम भारत में 23 बाल विवाह होता है।हमारा पलामू जिला बाल विवाह में पांचवें स्थान पर है। इस दर को कम करने में सी एल एफ के ओबी सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। करन थापा ने- बाल विवाह एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। इसका कार्यान्वयन ठीक से तभी होगा जब गांव में शुरूआत अच्छे से करेंगे। सेक्स और जेंडर पर समझाते हुए कहा कि जेंडर भेदभाव की शुरूआत भी घर से ही होती है। हमें लड़कियों के अलावे लड़का को भी अच्छा से समझाने की जरूरत है। उन्होंने 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बाल सभा एवम् महिला सभा करना जरूरी है सबका साथ सबका विकास योजना के अनुसार। आप ग्राम सभा में ज्यादा से ज्यादा भाग ले। भस्मा प्रोजेक्ट के बारे मे जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अगर कोई बच्ची, मानसिक, शरीरिक रूप से तैयार नहीं हैं तो उनका शादी होने पर किशोरीयाँ भी बीमार रहेंगी, उनके बच्चे भी बीमार होंगे। इसीलिए सही उम्र में बच्चे की शादी करें।उत्तम कुमार, डालसा- संवाद कौशल पर चर्चा किये।

## राशिफल

**मेष:** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जायेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी।

**तुला:** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। सतर्कता जरूरी है।

**वृष:** मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जायेगी। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी।

**वृश्चिक:** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। सफलता मिलेगी।

**मिथुन:** स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा।

**धनु:** मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे।

**कर्क:** पर-प्रपंच में ना पड़ कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें, लाभ होगा।

**मकर:** समय नकारात्मक परिणाम देनेवाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**सिंह:** कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिन्ता रहेगी।

**कुंभ:** हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जायेगी। अपने काम आसानी से बनते चले जायेंगे। साथ ही, आगे के लिए रास्ता भी बन जायेगा।

**कन्या:** पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जायेगा।

**मीन:** व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवा कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जायेगी। समय अच्छा है।

# एआई के क्षेत्र में अमेरिका और चीन को टक्कर देगा भारत!

गौरतलब | सुनील कुमार महला

**वास्तव** में आज की इस दुनिया में नवाचार ही असली भविष्य है और भारत नित नवीन नवाचारों की दिशा में अभूतपूर्व और ऐतिहासिक कदम उठा रहा है। यह बहुत ही महत्वपूर्ण है कि भारत ने एआई मिशन का पहला सबसे बड़ा स्तंभ बनाया है, जो 'कॉमन कम्प्यूट फैसिलिटी' है। गौरतलब है कि 10000 जीपीयूज के लक्ष्य के मुकाबले, भारत ने 18693 जीपीयूज को पैनल में शामिल किया है। सच तो यह है कि ये जीपीयूज भारत की कम्प्यूटिंग पावर को और अधिक मजबूत करेगा और गति देगा।

**आज** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का जमाना है। हाल ही में अमेरिका के 'ओपन एआई' और चीन के 'डीपसीक' की प्रतिस्पर्धा के बीच भारत सरकार ने एक बड़ा ऐलान किया है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि भारत आने वाले दस महीनों में ही देश का पहला स्वदेशी 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) मॉडल' तैयार करने जा रहा है। इतना ही नहीं, केंद्रीय मंत्री ने एक एआई सुरक्षा संस्थान स्थापित किए जाने की भी घोषणा की है। गौरतलब है कि इस संबंध में हाल ही में हमारे देश के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा करते हुए यह बात कही है कि 'भारत अपने खुद के लार्ज लैंग्वेज मॉडल यानी कि एलएलएम पर काम कर रहा है और इसके लिए देश में 18,000 हाई-एंड जीपीयूज(ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट्स) की जबरदस्त कंप्यूटिंग फैसिलिटी तैयार की गई है। कहना गलत नहीं होगा कि भारत अब एआई के क्षेत्र में अमरीका और चीन के दबदबे को जबरदस्त चुनौती देने जा रहा है। भारत की स्वदेशी एआई मॉडल की चुनौती निश्चित रूप से दोनों देशों को जबरदस्त टक्कर देगी। वास्तव में यह टक्कर चैटजीपीटी और डीपसीक आर-1 से होगी। उल्लेखनीय है कि हाल ही में 30 जनवरी 2025 को ही भारत के केंद्रीय सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जानकारी दी है कि 10,370 करोड़ रुपए के इंडिया एआइ मिशन के हिस्से के रूप में खुद का बड़ा घरेलू भाषा मॉडल (लॉर्ज लेमोज मॉडल यानी एलएलएम) तैयार किया जाएगा और इसे दस महीने में भारत में लॉन्च कर दिया जाएगा। यहां यह गौरतलब है कि डीपसीक को 2,000 जीपीयूज पर, जबकि चैटजीपीटी को 25,000 जीपीयूज पर ट्रेन किया गया है। अब भारत 15,000 हाई-एंड जीपीयूज के साथ अपने एआई मिशन (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) को लॉन्च करने जा रहा है। वास्तव में जो एआई मिशन भारत द्वारा लांच किया जा रहा है वह भारतीय परिदृश्य और भारतीय संस्कृति को समझेगा। इसका तात्पर्य यह है कि भारत में विकसित किया जाने वाला माडल स्थानीय भाषाओं, भारतीय यूजर्स की जरूरतों और संस्कृति के हिसाब से तैयार किया जाएगा। यानी आने वाले समय में हिंदी, तमिल, तेलुगु, मराठी, बंगाली जैसी भाषाओं में चैटजीपीटी जैसे एआई टूल्स मिल सकते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो भारत का एआई चैटबॉट एक अलग और पॉवरफुल मॉडल होगा, जिसमें भारतीय भाषाओं और सांस्कृतिक विविधताओं को ध्यान में रखा जाएगा। दूसरे शब्दों में कहें तो एआई मॉडल को प्रशिक्षित करने के लिए भारत-केंद्रित डेटासेट का इस्तेमाल किया जाएगा, जो देश की स्थानीय जरूरतों और समस्याओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया जाएगा। हाल फिलहाल, सरकार ने एआई स्टार्टअप्स से प्रस्ताव मांगे थे, जिनमें से 6 डेवलपर्स ने मॉडल पर काम शुरू कर दिया है। यह दशार्ता है कि भारत दुनिया का एक ऐसा देश है जो आर्थिक सोच को समावेशी बनाते हुए एआई की दिशा में काम कर रहा है।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, प्रबंध सम्पादक : नागेंद्र नारायण सिंह, सम्पादक (झारखंड) : विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक झलक

### ससुराल में विवाद के बाद मायके लौटी महिला ने की आत्महत्या

**लातेहार** : सदर थाना के नावाडीह गांव में रविवार देर शाम 45 वर्षीय महिला लालमणि देवी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद सोमवार सुबह परिजनों ने शव को सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां पोस्टमार्टम कराया गया ।प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुछ दिन पहले लालमणि देवी का अपने पति सीटू भुइंया (निवासी कुचिला ग्राम, छिपादोहर थाना क्षेत्र) से झगड़ा हुआ था। इसके बाद वह मायके लौट आई थी। रविवार को उसका पति उसे मनाने और घर ले जाने के लिए आया था, लेकिन इसी बीच लालमणि देवी ने खुद को एक कमरे में बंद कर फांसी लगा ली ।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पति और परिजनों से आत्महत्या के कारणों की गहराई से जांच की जा रही है ।वहीं लालमणि देवी के इस कदम से परिवार में मातम पसरा हुआ है। वह अपने पीछे तीन बच्चों को छोड़ गई हैं।

### पुलिस ने खोई हुई बच्ची को परिजनों से मिलवाया

**मेदिनीनगर** : शहर थाना क्षेत्र के कचहरी परिशर में अपने माता पिता से बिछड़ी एक छोटी बच्ची शहर थाना की पुलिस को मिली ।खोई हुई बच्ची को शहर थाना में लाकर बिल्कुल सुरक्षित रखा गया ।बच्ची रोए ना इसके लिए पुलिस कर्मियों ने बच्ची को खाने पीने की वस्तु दी ।इसके बाद शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार के निर्देश पर एसआई स्वाति गुप्ता ने बच्ची के परिजनों का पता लगाने में जुट गई। काफी खोजबीन के बाद एसआई स्वाति गुप्ता के नेतृत्व में गुमशुदा बच्ची के माता-पिता का पता लगाया गया ।जिसके बाद शाम स्वाति गुप्ता ने गुमशुदा बच्ची को सकुशल परिजनों को सौंप दिया है ।बच्ची के मिल जाने के बाद से माता-पिता व परिजन काफी खुश है। बच्ची के माता-पिता ने पलामू पुलिस को धन्यवाद दिया है।

### बंध्याकरण के बाद महिलाओं को दी गयी गलत दवा की जांच शुरू

**पलामू** : जिले के तरहसी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तरहसी में बंध्याकरण के बाद महिलाओं को दी गयी गलत दवा की जांच शुरू कर दी गयी है। सोमवार को जिले के सिविल सर्जन डा. अनिल कुमार जांच के लिए पीएचसी पहुंचे। उन्होंने डाक्टर के साथ साथ स्वास्थ्यकर्मियों से बात की। मौके पर सीएस ने कहा कि जिस एजेंसी के जरिये बंध्याकरण के बाद दवा दी गयी है, उससे बात की जायेगी। दवा का वाउचर मिलान किया जायेगा और देखा जायेगा कि एक्सपायरी कब हुई थी। एक्सपाइरी दवा क्यों दी गई। इंजेक्शन की बॉटल पर एक्सपायरी समेत अन्य जानकारी मिटाने के मामले की जांच के बाद कार्रवाई होगी। अवैध पैसे लेने के साक्ष्य मिलने पर एनजीओ का अनुबंध समाप्त किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि 23 जनवरी को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में 30 से अधिक महिलाओं का बंध्याकरण ऑपरेशन किया गया था। प्रत्येक मरीज से 250 रूपए की अवैध वसूली की गयी थी। मीडिया में खबर प्रकाशित होने के बाद स्वास्थ्य महकमा हरकत में आया। बंध्याकरण और नसबंदी का जिम्मा रशियन हेल्थ केयर को मिला है। प्रत्येक गुरूवार को शिविर लगाकर महिलाओं का बंध्याकरण ऑपरेशन किया जा रहा है।

# सरस्वती पूजा में दिखी भक्ति भाव के प्रति उमंग

## गुरुकुल प्राइवेट आईटीआई लातेहार में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुई सरस्वती पूजा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिला मुख्यालय के शिव नगर, मंगल बाजार स्थित गुरुकुल प्राइवेट आईटीआई में माँ सरस्वती की पूजा धूमधाम से संपन्न हुई। इस अवसर पर पूरे संस्थान में भक्ति और उल्लास का माहौल रहा। विद्यार्थियों, शिक्षकों और संस्थान के अन्य सदस्यों ने बड़े उत्साह के साथ इस पर्व को मनाया ।पूजा का शुभारंभ सुबह वेद मंत्रों के उच्चारण और हवन से हुआ, जिसमें सभी ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया ।इस अवसर पर माँ सरस्वती की आराधना की गई। विद्यार्थियों ने पुस्तक, कलम और वाद्ययंत्रों को माँ सरस्वती के चरणों में अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया ।इसके पश्चात विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना, भजन, भाषण और कविता पाठ प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान संस्थान के प्राचार्य रवि कुमार ने विद्यार्थियों को शिक्षा और तकनीकी प्रशिक्षण के महत्व पर प्रेरणादायक संदेश दिए ।पूजा के उपरांत महाप्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें सैकड़ों विद्यार्थियों और श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस शुभ अवसर पर संस्थान के निदेशक आलोक कुमार ने इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में नामांकन की प्रक्रिया जारी रहने की भी बात कही ।उन्होंने यह भी बताया कि यहाँ छात्रवृत्ति की सुविधा के साथ सीमित सीटों पर प्रवेश उपलब्ध है, इसलिए इच्छुक विद्यार्थी जल्द आवेदन करने की अपील की ।वहीं श्री कुमार ने सभी को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी और विद्यार्थियों को मेहनत और समर्पण से अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



## सरस्वती विद्या मंदिर में विद्या आरम्भ संस्कार का आयोजन



**लातेहार** : जिला मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सोमवार को विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई ।इस अवसर पर सुबह से ही शहर में चहल-पहल देखी गई, और बच्चों में विशेष उत्साह नजर आया। विभिन्न सरकारी और गैर-सरकारी विद्यालयों में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की गई ।धर्मपुर पथ स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में भव्य रूप से सरस्वती पूजा आयोजित की गई, जिसमें कई छात्रों का विद्या आरंभ संस्कार संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला संघ चालक अनिल कुमार ठाकुर, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन पांडेय, सचिव नरेंद्र पांडेय, प्राचार्य अरुण कुमार चौधरी, आचार्य सुरेश ठाकुर सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इसके अलावा, जवाहर नवोदय विद्यालय, गांधी कॉलेज, और बनवारी साहू महाविद्यालय,राजकीय मध्य विद्यालय बाजार, रामवि आश्रम, रामवि चंदनडीह, रामवि करकट ,चिल्ड्रेंस कॉन्वेंट, लातेहार पब्लिक स्कूल, बीएस डीएवी पब्लिक स्कूल समेत विभिन्न शैक्षणिक और कोचिंग संस्थानों में भी प्रतिमा स्थापित कर मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की गई ।वहीं शहर के विभिन्न पूजा संघों और समुदायों द्वारा भी पूजा-अर्चना की गई। बाईपास चौक में टैगोर विला, कारगिल पार्क में ज्योति समुदाय, जुबली चौक में अमरदीप संघ, मानस पथ में वीर बालक संघ, अंबाकोठी में जवान संघ आदि ने मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की और प्रसाद का वितरण किया। इस मौके पर आकर्षक विद्युत सज्जा की गई और भव्य पंडाल बनाए गए ।



## हुंडरू प्राथमिक विद्यालय में सरस्वती पूजा धूमधाम से सम्पन्न



**लातेहार** : जिले के हुंडरू स्थित राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय में सरस्वती पूजा का आयोजन धूमधाम से किया गया। पूजा का अनुष्ठान पंडित नित्यानंद पांडे द्वारा संपन्न हुआ, जिसमें प्रधानाध्यापक हीरा प्रसाद यादव अपनी पत्नी के साथ यजमान की भूमिका में उपस्थित थे ।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक संजीव कुमार, प्रमोद कुमार पांडे, अध्यक्ष कुसमी देवी, रसोइया उषा देवी, मीना देवी, पूजा कुमारी, सरस्वती कुमारी, अमित कुमार, नितेश कुमार, अमन कुमार, सावित्री कुमारी, रानी कुमारी, रोशनी कुमारी, अनुज कुमार, रोहित कुमार, चैती कुमारी, मंगीता कुमारी, विशाल कुमार, विकास उरांव, शाहिद सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे ।पूजा के दौरान पंडित नित्यानंद पांडे ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां सरस्वती की आराधना की, जिसमें उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने भाग लिया। प्रधानाध्यापक हीरा प्रसाद यादव ने विद्यालय में इस प्रकार के आयोजनों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों में सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विकास को प्रोत्साहित करते हैं ।पूजा के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने भाग लिया और मां सरस्वती से ज्ञान और विद्या की प्राप्ति की कामना की उल्लेखनीय है कि झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों में सरस्वती पूजा धूमधाम से मनाई जाती है।

## मनिका में धूमधाम से की गयी मां सरस्वती की पूजा



**मनिका/लातेहार** : मनिका प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में वसंत पंचमी का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। सभी पूजा स्थलों पर मां सरस्वती की प्रतिमाओं के समक्ष पीले पुष्प चढाकर पूजा की गई। प्रखंड मुख्यालय में न्यू लाइंस क्लब, निकोला टेस्ला इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल, नव ज्योति निकेतन आवासीय विद्यालय, सनराइज रेजिडेंशियल स्कूल, ज्ञान ज्योति आदर्श आवासीय विद्यालय सहित विभिन्न स्कूलों तथा क्लबों में भी पंडाल सजाकर मां सरस्वती की प्रतिमा को विराजमान कर पूजा अर्चना की गई। पशुपालन गेट के समीप न्यू लाइंस क्लब की ओर से आकर्षक सजावट के साथ मां सरस्वती को विराजमान कर पूजन किया गया। जहां महिला श्रद्धालु, छात्र एवं छात्राएं ने मां सरस्वती को वस्त्र, सोलह सिंगार के साथ मां की मांग में सिंदूर लगाकर पूजा की, वहीं बच्चों ने शिक्षा की प्राप्ति के लिए मां के पास पेन और कॉपियां रख पूजा अर्चना किया।

## परिसदन भवन में भाजपा की प्रेस वार्ता सम्पन्न



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : बीजेपी झारखंड के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने परिसदन मे पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में चल रही केंद्र सरकार के वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी को संसद में 2025-26 का आम बजट पेश किया जो देश के आमजन हितकारी एवं आधारभूत संरचना को मजबूती प्रदान करने वाला समावेशी बजट है। इस बजट में गरीब किसान महिलाएं अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग सभी के विकास को बढ़ाने वाला है मिडिल क्लास को आयकर में 12 लाख तक छूट देने से लाभ मिलेगा। टरटए बजट को बढ़ाने से लघु कूटीर उद्योग को फायदा होगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। गरीबों के लिए आवास की सुविधा मे बढ़ोतरी के साथ-साथ महिलाओं के सशक्तिकरण एवं स्वालंबन बनाने में स्वयं सहायता समूह के माध्यम से मजबूती प्रदान करेगा।

## पुलिस ने नक्सली संगठन के प्रमुख को किया गिरफ्तार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : लातेहार पुलिस को एक बार फिर नक्शलियों के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन संघर्ष जनमुक्ति मार्चा के सुप्रीमो राजेश सिंह खेरवार उर्फ राजेश सिंह उर्फ दुला सिंह उर्फ राजेश जी को गिरफ्तार करने में सफल हुई है। इस संबंध में सोमवार को लातेहार पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में जिले के पुलिस कप्तान कुमार गौरव ने प्रेस वार्ता का आयोजन कर इसकी जानकारी पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि थर्ड रेल लाईन निर्माण कार्य में लगे कम्पनी टीटीआईपीएल के संवेदक विकास तिवारी को लेवी के लिए कॉल कर धमकी दिया जा रहा था, जिसके बाद संवेदक विकास तिवारी के आवेदन के आधार पर लातेहार थाना कांड संख्या-



26/2025, दिनांक-29.01. 2025, धारा-308(2)/308 (5) बीएनएस प्रतिवेदित कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया और इसके लिए एक टीम का गठन किया गया। जिसका नेतृत्व लातेहार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविंद कुमार के द्वारा किया गया। एसपी ने बताया कि छापामारी टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए काण्ड के प्राथमिकी अभियुक्त राजेश सिंह उर्फ राजेश जी उर्फ टुला सिंह उर्फ शैतान सिंह उर्फ टोपी पिता स्व० जतन सिंह पता ग्राम चीरो, थाना चन्दवा जिला- लातेहार को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त राजेश सिंह खेरवार के अपराध स्वीकारोक्ति बयान तथा निशानदेही के आधार पर ह्वाट्सप्प कॉल के दौरान धमकी देते हुए दिखाए गए हथियार 9 एम.एम. कैलीबर के एक देशी रिवाल्वर एवं 9 एम.एम. कैलीबर के दो जिंदा कारतुस एवं प्रयुक्त मोबाइल फोन को बरामद किया गया है।

## नेतरहाट में आयोजित होगी दो दिवसीय झारखंड कला जात्रा

- सोहराय आर्ट फेस्टिवल सीजन 2 के दो दिवसीय चित्रकला शिविर का आयोजन 04 और 5 फरवरी को

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : कलाकृति आर्ट फाउंडेशन, कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स, लातेहार टूरिज्म, नेचुरल एंड ह्यूमन रिसोर्स वेलफेयर फाउंडेशन, सोहराय आर्ट झारखंड.कॉम, झूमर रिसॉर्ट एवं लेक व्यू रिसॉर्ट के संयुक्त तत्वावधान में नेतरहाट की धरती पर दो दिवसीय चित्रकला शिविर का आयोजन 4 और 5 फरवरी को किया जा रहा है ।इस शिविर का उद्देश्य झारखंड की पारंपरिक सोहराय चित्रकला को राष्ट्रीय स्तर पर प्रचारित करना है। नेतरहाट के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों पर लाइव चित्रकारी प्रदर्शन किया जाएगा, जहाँ देश-विदेश से आए पर्यटक झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से रूबरू हो सकेंगे। इस शिविर में देश के जाने-माने सोहराय चित्रकार धनंजय कुमार प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे एवं अन्य कलाकार भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे ।लातेहार टूरिज्म के गोविंद पाठक ने बताया कि इस तरह के आयोजनों से कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है, साथ ही झारखंड की कला और संस्कृति को नई पहचान मिलती है। इस आयोजन से पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा।

## सैयद जुन्नू रैन नेशनल गेम्स उत्तराखंड के लिए चयनित

- 38वीं राष्ट्रीय खेल में स्पोर्ट्स अकादमी गुमला ने जिले का नाम और मान बढ़ाया
- दीपक और विक्रम दो खिलाड़ियों का गुमला से चयन



**गुमला** : 38वीं राष्ट्रीय खेल का शुभारंभ हो चुका है भारत के जगह जगह से चयनित खिलाड़ी अपने अपने खेलो में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे है साथ ही जिले और राज्य का मान सम्मान बढ़ा रहे है ।झारखंड बीच हैंडबॉल में टीम प्रबंधक के रूप में सैयद जुन्नू रैन के बाद हैंडबॉल में गुमला स्पोर्ट्स अकादमी के 2 होनहार सितारे दीपक कुमार - पिता गणेश साहू ( विंध्याचल नगर ) विक्रम राज ठाकुर पिता अशोक ठाकुर ( लक्ष्मण नगर ) का चयन झारखंड राज्य के तरफ से खिलाड़ी के रूप में चयन हुआ है यह गुमला जिला के लिए ऐतिहासिक क्षण है गुमला से मात्र इन दोनों का ही चयन इस राष्ट्रीय खेल में हुआ है । जमशेदपुर में एक दिवसीय हैंडबॉल ट्रायल में चयन होने के बाद 10 दिन झारखंड सरकार के हैंडबॉल राष्ट्रीय कैंप पर भाग लिया जिनमें अच्छे प्रदर्शन पर दोनों खिलाड़ी को झारखंड टीम में जगह मिली यह स्पोर्ट्स अकादमी के लिए बड़ी उपलब्धि है । स्पोर्ट्स अकादमी के निदेशक सैयद जुन्नू रैन जी ने बताया 7 फरवरी से 11 फरवरी तक उत्तराखंड के रुद्रपुर जिले में इनडोर हैंडबॉल खेल का आयोजन किया गया है।

## हनुमान जी की प्रतिमा की हुई प्राण प्रतिष्ठा

**चतरा** : गिद्धौर थाना परिसर में सोमवार को नवनिर्मित मंदिर में हनुमान जी की प्रतिमा की विधिवत प्राण प्रतिष्ठा की गई। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में चतरा सांसद कालीचरण सिंह, सिमरिया विधायक उज्जवल कुमार दास सहित अन्य गणमान्य पहुंचे। चतरा एसपी विकास पांडे ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच फीता काटकर उद्घाटन किया। इसके पूर्व थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता और थाना परिवार के सदस्यों ने आचार्यगण के नेतृत्व में विधिवत पूजा अर्चना की। बसंत पंचमी के शुभ मुहूर्त के मौके पर यहां विशेष अनुष्ठान के बाद हनुमान की प्राण प्रतिष्ठा की गई।

## खेल में हार-जीत लगी रहती है : भरदुल सिंह

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**


**मेदिनीनगर** : खेल में हार जीत लगी रहती है पर हार हमें एक नई सीख देती है । हार जीतने के लक्ष्य को प्राप्त करने का संदेश देती है ।यह बातें शिक्षक सह समाज सेवी भरदुल कुमार सिंह ने कही। वे पोलपोल कला पंचायत के दुबा में आयोजित मेदिनीराय क्रिकेट टूनार्मेंट के फाइनल मुकाबला में बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे ।फाइनल मुकाबला पोलपोल व दूबा टीम के बीच खेला गया ।उन्होंने अपने हाथों दोनों टीम को कप प्रदान किया। व खिलाड़ियों का हौसला अफजाई किया। उन्होंने कहा कि हार से हताश होने की जरूरत नही है ।क्योंकि हार ही जीत का राह दिखाती है ।इस मौके पर अधिवक्ता संतोष पांडेय ने कहा कि खेल से तन व मन दोनों स्वस्थ रहता है ।खेल से हमारे मानसिक ,शारिरिक, व बौद्धिक विकास होता हैं ।उन्होंने कहा कि ग्रामीण खिलाड़ी भी अच्छे कर सकते हैं ।पर संसाधन के अभाव उनके समक्ष एक चुनौती हैं ।हमे ग्रामीण खिलाड़ी को भी प्रोत्साहित करने की जरूरत है ।इस मौके पर बारी पंचायत के पूर्व मुखिया रामाशीष सिंह ने कहा कि खेल में अनुशासन का होना जरूरी हैं ।उन्होंने कहा कि खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए ।खेल में हार जीत लगा रहता है ।उन्होंने कहा कि यहाँ के खिलाड़ी काफी मेहनती हैं।



# पुलिस ने 03 अपराधियों को किया गिरफ्तार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : आज गुमला थाना परिसर में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरेश कुमार यादव और थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करके बताया कि
गुमला पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह को कल शाम गुप्त सूचना मिली के कुछ लोग महादेव नदी कुलावीरा पुल के पास हथियार लेकर किसी अपराधी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से आ रहे हैं। इस सूचना पर वरीय पदाधिकारी के आदेश अनुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गुमला के नेतृत्व में एक छापामारी दाल का गठन किया गया ,जिसमें पुलिस अवर निरीक्षक हिमांशु शेखर सिंह ,अवर निरीक्षक सुनील कुमार एवं थाना के सशस्त्र बल के साथ सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु महादेव नदी कुलावीरा पल के पास पहुंचकर इंतजार करने पर एक मोटरसाइकिल आ रहा था जिसे टोर्च की रोशनी में रोकना का इशारा करने पर पुलिस को देखकर मोटरसाइकिल चालक मोटरसाइकिल को घूमर भगाने का प्रयास करने लगे परंतु पुलिस बल के द्वारा भागने के क्रम में मोटरसाइकिल पर सवार तीन व्यक्तियों को पड़ा पूछताछ करने पर तीनों अपराधियों का नाम क्रमशः पहले गुंदर साहू पिता हीरू साहू साकिन कोलेबिरा दूसरा वृंदा साहू पिता स्वर्गीय भोला साहू साकिन कुम्हारी तथा तीसरा कलेश्वर साहू पिता स्वर्गीय खुदी साहू साकिन भंवरी तीनों थाना गुमला जिला गुमला बताया उसके बाद तीनों का बारी-बारी से तलाशी लेने पर गुंदर साहू के कमर में खोंसा हुआ एक देसी कट्टा जिसमें एक 315 का गोली लोड तथा उसके पॉकेट से 315 बोर का दो जिंदा गोली मिला वहीं दूसरा वृंदा साहू के पॉकेट से 5 315 का जिंदा गोली तथा कलेश्वर साहू के पास से एक देशी राइफल मिला इस संबंध में तीनों से पूछताछ करने पर बताया कि हम तीनों लूट एवं फायरिंग करने की योजना बनाकर महादेव नदी पुलावीरा पुल के पास आ रहे थे ताकि लोगों में दहशत हो जिससे फिर से रंगदारी मांगने आ रहे थे पुलिस के द्वारा पूछताछ पर बताया गया। कि पूर्व में अवैध आर्म्स रखने के आरोप में जेल जा चुके हैं पूर्व से दो अभियुक्त वृंदा साहू एवं कलेश्वर साहू का अपराधी इतिहास भी रहा है वृंदा साहू पूर्व में भी आर्म्स एक्ट एवं अन्य कर्म में जेल जा चुका है इन अपराधियों का गुमला थाना मैं कई मामले दर्ज है 2008, 2009 2013 ,2014 एवं 2022 लूट रंगदारी वह अन्य कांडों में जेल जा चुके हैं छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरेश कुमार यादव थाना प्रभारी गुमला सुरेंद्र सिंह पुलिस अवर निरीक्षक गुमला थाना हिमांशु शेखर सिंह अवर निरीक्षक दीनदयाल पाल एवं आरक्षी अविनाश कुमार पांडे सभी गुमला थाना रहे।



## संस्कृत पाठशाला की 64वीं कड़ी एके हंगल साहब को थी समर्पित



**मेदिनीनगर** : संस्कृतिक पाठशाला की 64 वीं कड़ी में इप्टा, ज्ञान विज्ञान समिति एवं भाभा साइंस स्टडी सेंटर के संयुक्त तत्वाधान में इप्टा के महत्वपूर्ण स्तंभ सह स्वतंत्रता सेनानी लोकप्रिय अभिनेता ए के हंगल को समर्पित परिचर्चा का आयोजन किया। परिचर्चा का विषय था विज्ञान और हमारे वैज्ञानिक चेतना। उक्त परिचर्चा प्रगतिशील लेखक संघ के अध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव, इप्टा के कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश सिंह एवं ज्ञान विज्ञान समिति के प्रांतीय शिव शंकर प्रसाद की संयुक्त अध्यक्षता में प्रारंभ हुई। परिचर्चा का विषय

## एक झलक

### कार व ट्रैक्टर की आमने सामने में भिड़ंत

**अनगड़ा** : रांची–मुरी मार्ग पर सोमवार की शाम लुपुंग चरकापखना के समीप एक कार व ट्रैक्टर में भीडंत हो गया. हालांकि घटना में कोई भी गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ. बताया गया कि वसंत पंचमी पर एक नया ट्रैक्टर खरीद कर रांची से सिल्ली ले जाया जा रहा था, इसी दौरान चरकापखना के समीप अधुरे सड़क निर्माण के कारण ट्रैक्टर चालक असंतुलित हो गया, इसी दौरान पीछे से आ रहे कार कार ने ट्रैक्टर को टक्कर मार दिया, जिससे ट्रैक्टर पलट गया वहीं कार डायवर्सन तोड़ते हुए 50 मीटर दूर खेत में जा गिरी. घटना में दोनों वाहनों के चालकों को चोटें आई हैं, ग्रामीणों ने उन्हें इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया।

### मयूरी ट्रस्ट के डायरेक्टर ने नागफेनी एवं सुपाली गांव का किया दौरा

**गुमला** : मयूरी ट्रस्ट कार्यालय मुरगू सिसई में वीर शहीद स्वतंत्रता सेनानी तेलंगा खड़िया जयंती 9फरवरी 2025कोमनाए जाने को लेकर,मुरगू,नागफेनी,सुपाली गांव में भ्रमण कर प्रचार प्रसार किया गया, जिसमें मुख्य रूप से मयूरी ट्रस्ट के डायरेक्टर वसंत कुमार गुप्ता , सचिव चैताली सेनगुप्ता,समाज सेवी मुकेश कुमार साहू देवी चरण साहू मदन सोनी कार्तिक उरांव सरजू प्रसाद साहू रोशन कुमार साहू अनुज केवट अभय गिरी विभय गिरी आशीष ठाकुर सूरज राम केवट उत्तम कुमार साहू प्रकाश साहू राजा सिंह गौतम ठाकुर शुभम, दिव्यम साहू, आशा देवी, आदि शामिल हैं, दौरा में चैताली कॉलेज गुमला झारखंड में इंटर,बीए, एमए बीएड डीएलएड वकालत नर्सिंग एएनएम जीएनएम डीफार्मा बीफार्मा में एडमिशन कराने की अपील की ।

### डाकघर में पोस्टल ऑर्डर की किल्लत

**गुमला** : गुमला के मुख्य डाकघर में पांच और दस रूपए का पोस्टल आर्डर काफी लम्बे समय से नहीं रखा जा रहा है जिसके कारण आम जनता को विभिन्न लोक प्राधिकरण के कार्यालयों में सूचना का अधिकार आवेदन देने में परेशानी उत्पन्न हो रही है और इस मामले पर आरटीआई एवं सामाजिक कार्यकर्ता आनंद किशोर पंडा ने एक लिखित शिकायत झारखण्ड राज्य सूचना आयोग के सचिव के पास किया है ' आयोग के सचिव को लिखे पत्र में उन्होंने कहा है कि सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के प्रयोग हेतु निर्धारित सूचना आवेदन शुल्क के रूप में डाक विभाग द्वारा जारी भारतीय पोस्टल आर्डर सर्वमान्य एवं सर्वसुलभ माध्यम के रुप में नागरिकों के द्वारा सूचना कानून के लिए उपयोग किया जाता है, परन्तु गुमला जिला के मुख्य डाकघर पिछले कई महीनों से पांच एवं दस रूपए का पोस्टल आर्डर की बिक्री नहीं की जा रही है, इस हेतु आमजनो के साथ ही हमारे द्वारा मुख्य डाकघर के डाकपाल को मौखिक रूप से कई बार शिकायत की गई लेकिन उनके द्वारा पोस्टल आर्डर की उपलब्धतता कराने की दिशा में कोई सकारात्मक पहल नहीं होने से आज गुमला जिले के लोग बिना पोस्टल आर्डर के सूचना कानून के प्रयोग कर पाने में असमर्थ हैं ।

### पलामू में धूमधाम से श्रद्धालुओं ने की मां सरस्वती की पूजा

**मेदिनीनगर** : पलामू जिले में सोमवार को विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना पूरी श्रद्धा के साथ की गई।सरस्वती पूजा एक महत्वपूर्ण हिन्दू पर्व है जो पलामू सहित पूरे भारत में खासकर विद्या के प्रतीक सरस्वती माता की पूजा के रूप में मनाई जाती है। यह पर्व बसंत पंचमी के रूप में मनाया जाता है और भारतीय समाज में विद्या और ज्ञान की महत्वपूर्ण भूमिका को दशार्ता है। सरस्वती पूजा के दिन लोग सरस्वती माता की मूर्ति की पूजा करते हैं और विद्या के प्रति अपनी श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक देते हैं। जिला के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की गई।

# ज्ञान की देवी मां सरस्वती की विधिवत हुई पूजा-अर्चना

## विद्यारम्भ दिवस के रूप में ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना हमारे पौराणिक संस्कृति को मजबूत बनाती है : अनिल कुमार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : चेचाई, चाराडीह स्थित विवेकानंद कान्वेंट स्कूल मे विद्यारंभ दिवस / बसंत पंचमी बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय प्रबंधन के साथ-साथ सभी छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर विद्या व सद्बुद्धि की कामना किये। इस अवसर पर निदेशक अनिल कुमार कहा कि भारत के पौराणिक संस्कृति मे से एक विद्यारंभ दिवस भी हैं। जिसे आज बसंत पंचमी व सरस्वती पूजा के रूप मे मनाते हैं। बच्चों को विद्यालय भेजकर विद्या अर्जन कि शुरूआत आज ही के दिन होता रहा हैं। सनातन संस्कृति के सोलह संस्कारो मे एक विद्यारंभ संस्कार भी हैं, जो आज के दिन ही शुभ माना जाता हैं। मां शारदे सभी को अपने ज्ञान की ज्योत से प्रकाशित करें। इस अवसर पर प्राचार्य राधेश्याम पंडित, सह निदेशिका खुशबु गुप्ता, सभी शिक्षक-शिक्षिकाये सहित सैकड़ो अभिभावक व क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

## ग्रिजली विद्यालय में धूमधाम से मनाई गई सरस्वती पूजा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय में पूरे श्रद्धाभाव के साथ ज्ञान, कला, संगीत और साहित्य की देवी माँ सरस्वती की पूजा की गई। विद्यालय के प्रांगण में आयोजित पूजा में विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता, प्राचार्या अंजना कुमारी, शिक्षक संजीव कुमार जायसवाल, रवि दत्त पांडेय, अनुपमा पाठक एवं छात्र-छात्राएं ज्ञान की देवी माँ सरस्वती की पूजा में शामिल हुए, जिन्हें पुरोहित नारायण पांडेय ने पूरे विधि-विधान से पूजा संपन्न कराया। पूजा के अंत में प्रसाद वितरण किया गया। वहीं संध्या में विद्यालय में संध्या आरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता ने अपने संदेश में कहा, ₹माँ सरस्वती से



हम सबको ज्ञान और समझ का आशीर्वाद प्राप्त हो, ताकि हम अपने जीवन में सफलता और शांति की ओर अग्रसर हो सकें। यह दिन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है।₹ वहीं, विद्यालय की प्राचार्या अंजना कुमारी ने कहा, ₹सरस्वती पूजा का आयोजन हमारे जीवन में शिक्षा की महत्ता को पुनः स्थापित करता है। यह दिन हमारे छात्र-छात्राओं को उत्कृष्टता की ओर प्रेरित करता है, ताकि वे अपने ज्ञान और कौशल से समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकें।₹ कार्यक्रम के सफल संचालन में संयोजक विजय कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार चौधरी, बी डी नस्कर, अनुराग सिंह, तुषार रॉय चौधरी, प्रीति जगनानी, सुधांशु कुमार, राजीव रंजन, अमित दास, शिक्षक रवि दत्त पांडेय, अनुपमा पाठक, संजीव जायसवाल, मनोज सिन्हा, कुमार राजीव, संजय कुमार सिन्हा आदि का योगदान सराहनीय था।

## जीएस पब्लिक स्कूल, डोमचांच के प्रांगण में सरस्वती पूजा बड़े धूमधाम से मनायी गयी



**कोडरमा(डोमचांच)** : जीएस पब्लिक स्कूल, डोमचांच के प्रांगण में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया सरस्वती पूजा। सरस्वती पूजा के शुभ अवसर पर बच्चों ने लिए मां शारदे का आशीर्वाद। मां सरस्वती के पूजा अर्चना में बैठे सैकड़ो बच्चे, सैकड़ो अविभावक, अतिथिगण तथा आस पास के क्षेत्रों से सैकड़ो लोग मां सरस्वती के प्रतिमा का दर्शन को आए तथा प्रसाद ग्रहण किये। आज के दिन विद्यालय में भारी संख्या नए बच्चों का नामांकन हुआ तथा साथ ही साथ उन सभी बच्चों का अक्षर अभ्यास कराया गया। विद्यालय के बच्चों ने देवी सरस्वती की प्रतिमा के पास किताबें,और अध्ययन से जुड़े उपकरण रखे, ताकि मां सरस्वती का आशीर्वाद प्राप्त कर सकें।विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह के द्वारा सरस्वती पूजा के शुभ अवसर पर बच्चों को ढेर सारे आशीर्वाद तथा शुभकामनाएं दिये तथा साथ ही साथ अतिथिगणों का स्वागत करते नजर आए तथा साथ ही साथ उन्होंने कहा कि सरस्वती पूजा माता सरस्वती को समर्पित है, जो ज्ञान, बुद्धि, कला और विद्या की देवी हैं। यह दिन उनके दिव्यता का गुणगान करने और शिक्षा और कला में बेहतर होने और के लिए उनसे प्रार्थना करने का दिन है।वहीं विद्यालय के निदेशक नितेश कुमार ने कहा कि सरस्वती पूजा का सांस्कृतिक और आध्यात्मिक दृष्टि से बहुत महत्व है। यह मुख्य रूप से वसंत ऋतु का त्योहार है, जो विकास और खुशहाली के मौसम की शुरूआत का उत्सव है। यह पर्व जीवन में शिक्षा, ज्ञान और कला के महत्व का प्रतीक है। इस दिन विद्यार्थी, कलाकार और विद्वान माता सरस्वती की पूजा करते हैं और अपने क्षेत्र में सफलता के लिए उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।वही विद्यालय के उपनिदेशक नीरज कुमार के द्वारा कहा गया कि स्कूलों में देवी सरस्वती की मूर्ती रखी जाती है, विद्यार्थी सरस्वती वंदना गाते हैं, और देवी से ज्ञान और कौशल का आशीर्वाद माँगते हैं। माता सरस्वती के प्रति श्रद्धा और सम्मान दिखाने के लिए स्कूलों में संगीत, नृत्य, निबंध लेखन जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।वही विद्यालय के प्राचार्य प्रतिमा कुमारी के द्वारा बच्चों को आशीर्वचन दिए गए साथ ही साथ उन्होंने कहा कि सरस्वती पूजा एक सुंदर त्योहार है, जो हमें जीवन में ज्ञान और कला के महत्व की याद दिलाता है। यह पर्व लोगों में आपसी एकता,

## मॉडर्न पब्लिक स्कूल में श्रद्धा और उल्लास के साथ सरस्वती पूजा सम्पन्न

- मॉडर्न पब्लिक स्कूल में श्रद्धा और उल्लास के साथ सरस्वती पूजा सम्पन्न, संध्या बेला भजन संध्या का हुआ आयोजन



**कोडरमा** : झुमरी तिलैया स्तिथ मॉडर्न पब्लिक स्कूल में वसंत पंचमी के पावन अवसर पर माँ सरस्वती की पूजा विधि-विधान से संपन्न हुई। विद्यालय के सभागार में माँ सरस्वती की प्रतिमा को स्थापित कर भव्य रूप से सजाया गया, जहाँ छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावकों ने प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार एवं पुरोहित कमलाकांत पांडेय के द्वारा श्रद्धा भाव से माँ सरस्वती की पूजा एवं आराधना की। पूजा के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया और विद्यार्थियों ने माँ सरस्वती से विद्या, बुद्धि और ज्ञान की प्रार्थना की। पूरे विद्यालय में भक्तिमय वातावरण बना रहा। इस अवसर पर उपस्तिथ छात्रों को संबोधित करते हुए प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार ने कहा की आज का दिन हम सभी के लिए अत्यंत शुभ और पावन है। माँ सरस्वती, जो विद्या, बुद्धि और कला की देवी हैं, उनकी कृपा से ही हमें ज्ञान प्राप्त होता है और हम उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर होते हैं। वहीं शाम को भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों, शिक्षकों और विशेष आमंत्रित कलाकारों ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी। भक्तिरस से सराबोर इस संध्या में उपस्थित सभी लोगों ने भजनों का आनंद लिया और माँ सरस्वती के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में पुरे विद्यालय परिवार की भूमिका सराहनीय रही।

## शंकर सुवन हनुमान मंदिर निर्माण का 9वां वार्षिक महोत्सव मना



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा** : अनगड़ा के चतरा गांव में श्री श्री शंकर सुवन हनुमान मंदिर निर्माण का 9वें वार्षिक महोत्सव मनाया गया।इस मौके पर भव्य भंडारा एवं भक्ति जागरण का आयोजन चतरा समिति द्वारा किया गया।भक्ति जागरण का शुभारंभ मुख्य संरक्षक जैलेंद्र कुमार,उप प्रमुख जयपाल हजाम,मुखिया डोली मुंडा ने फीता काटकर किया।मौके पर सुरेन्द्र महतो,सुनील महतो,पूर्व मुखिया सोहन मुंडा, धर्मेंद्र सिंह,विक्रम ठाकुर आदि उपस्थित रहे।कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष शंकर महतो,सचिव वरुण महतो,आकाश महतो,शुकुल महतो,मुकुल महतो,सहदेव महतो, पुजारी जय किशोर पांडे का सराहनीय योगदान रहा।

## गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज में सरस्वती पूजा उत्साह और भक्ति के साथ मनायी गयी

**गुमला** : सोमवार को गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज ने बुद्धि और ज्ञान की देवी का सम्मान करते हुए, बसंत पंचमी के शुभ अवसर को हर्षोल्लास के साथ सरस्वती पूजा के उत्सव के रूप में मनाया। कॉलेज के वर्कशॉप में पूजा की गई. छात्रों ने कार्यशाला को फूलों, रंगीन पट्टियों और गुब्बारों से सजाया। इस शुभ अवसर पर निदेशक, प्राचार्य, प्रमुख प्रशासनिक अधिकारी, संकाय सदस्यों और समर्पित छात्रों की उपस्थिति देखी गई।यह त्योहार समृद्धि और सौभाग्य से जुड़ा है। ऐसा माना जाता है कि बसंत पंचमी वसंत का पहला दिन है, जो फसल काटने का समय है।

## पर्यटक सलाहकारों की टीम ने किया रामसर साइट उधवा झील का दौरा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**साहिबगंज (उधवा)**: झारखंड राज्य का एक मात्र रामसर साइट पतौड़ा झील में सोमवार को भारतीय प्रसिद्ध फुटबॉलर बाइचुंग भूटिया एवं एशिया के पर्यटक विशेषज्ञ राज बसु ने दौरा किया। इस दौरान पक्षी आश्रयणी के विभिन्न जगहों को देखा और यहां की विशेषता को जाना। साथ ही झील में मौजूद प्रवासी पक्षी को देखा। इस दौरान भारतीय प्रसिद्ध फुटबॉलर बाइचुंग भूटिया ने कहा कि यह जगह बहुत ही सटीक है। यहां के प्रशासन को पर्यटक सलाहकारों के साथ मिलकर आगे बढ़ाने की दिशा में काम करने की जरूरत है। उन्होंने आगे कहा कि हमने राजमहल के कुछ जगहों को देखा इससे पता चला की राजमहल



की इतिहास बहुत पुराना है। लगातार मेहनत किया जाए तो फिर से पुराना राजमहल अपना रुप ले सकता है। इसमें कोई दोहराई नहीं है कि राजमहल पहले जैसा चमकेगा। उन्होंने विधायक के साथ मिलकर राजमहल के युवाओं को निखारने एवं पर्यटक स्थलों को फिर से चमकाने को चाहा। वहीं एशिया के पर्यटक विशेषज्ञ राज बसु ने कहा कि पतौड़ा झील वकाई एक बेहतरीन स्थान है। यहां पर पर्यटन के लिए जो चीज चाहिए होता है वो सब चीजें यहां पर मौजूद हैं। यहां के युवाओं को इसके डेवलपमेंट के लिए प्रशिक्षण कराने है और सरकार से इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट करवाना है। जब ये सब कुछ हो जाएगा तो दो या तीन साल के अंदर हम सबों को डेवलपमेंट देखने को मिलेगा। जिस तरह से विधायक एमटी राजा ने राजमहल डेवलपमेंट के लिए विजन तैयार किया है, जरूर एक दिन सफल होंगे। वहीं विधायक एमटी राजा ने कहा कि पर्यटक सलाहकारों के साथ मिलकर राजमहल को फिर से एक बार पुराने राजमहल बनाएंगे। कोशिश जारी है बस रिजल्ट आना बाकी है। आगे बताया कि राजमहल के लिए पहले से चिंतित थे, जब मौका मिला है तो उसकी शुरूआत भी कर चुके है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि मारुफ उर्फ गुड्डू, प्रेस सलाहकार दीप सिंह, वन रक्षी इंद्रजीत कुमार, मो इब्राहीम, अय्युब अली, अजीजुल रहमान सहित अन्य मौजूद थे।

## छिन्नमस्तिका मंदिर में सप्तमी पूजा कल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गिरिडीह** : गांडेय प्रखंड के अहिल्यापुर के पांडेयडीह स्थित मां छिन्नमस्तिका मंदिर में मंगलवार को सप्तमी पूजा का आयोजन किया जाएगा. मंदिर के मुख्य पुजारी विनोद मिश्रा ने बताया कि पूजा की सारी तैयारी हो चुकी है. उन्होंने कहा कि मंदिर में माघ शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि पर विशेष पूजा की परंपरा वर्षों से चली आ रही है. इस बार सप्तमी तिथि मंगलवार को पड़ रही है. आसपास के गांवों के बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर मईया के चरणों माथा टेकते हैं. ऐसी मान्यता है कि मां से मांगी गई मन्नत जरूर पूरी होती है ।इस अवसर पर मंदरि परिसर में मेले का भी आयोजन होता है. मेले में बच्चों के मनोरंजन के लिए तरह-तरह के झूले लगाए जाते हैं. खाने-पीने के सामान व घरेलू उपयोग की सामग्री की सैकड़ों दुकानें लगती हैं ।

## सोना-चांदी गहना लूटकांड का पुलिस ने किया उद्भेदन, चार गिरफ्तार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गढ़वा**: पुलिस ने सोना-चांदी गहना लूटकांड का उद्भेदन किया है। चार को गिरफ्तार किया है। रंका खुर्द मोड़ के पास अज्ञात तीन मोटरसाईकिल सवार अपराधकर्मियों ने चाकू का भय दिखाकर व्यवसायी एस कुमार सोनी की मोटरसाईकिल के डिक्की से सोना-चांदी का गहना लूट लिये थे। घटना 29 जनवरी को घटी थी। वादी के लिखित आवेदन पर रंका थाना कांड (सं0-16/25) दर्ज किया गया था। कांड के उद्भेदन के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। इसके बाद उक्त टीम द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही थी। इस क्रम में 2 फरवरी, 2025 को साढ़े चार बजे गुप्त सूचना के आधार



पर उक्त दल द्वारा छापेमारी की गई। छापामारी के क्रम में तेनुडीह जंगल में चार संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा गया। पूछने पर बारी-बारी से उन्होंने अपना नाम-पता क्रमशः मनीष कुमार भुईयां उर्फ कुजुर (पिता-श्यामा भुईयां उर्फ श्यामलाल भुईयां, सा०-खटाल टोला यदुवंशी नगर, थाना-नामकुम, जिला-रांची), अभिषेक कुमार चौधरी (पिता-केदार चौधरी, सा०-हॉस्पि?टल रोड रंका, थाना-रंका, जिला-गढ़वा), मिथुन कुमार महतो (पिता-राम स्वरुप महतो, सा०-खटाल टोला यदुवंशी नगर, थाना-नामकुम, जिला-रांची), विशाल कुमार चौधरी (पिता-सुरेन्द्र चौधरी, सा०-कुंड मुहल्ला डालटनगंज, थाना-शहर, जिला-पलामू) बताया। सभी की बारी-बारी से तलाशी लेने पर चारों के पास से 29 जनवरी को रंका खुर्द के पास सोना व्यवसायी से लूटे गये सोना-चांदी बरामद हुए। पकड़े गये मनीष कुमार भुईयां उर्फ कुजुर के पास से 315 बोर का देशी कट्टा और जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। पकड़े गये व्यक्तियों ने रंका थाना क्षेत्र के चिनियां रोड में 29 जनवरी को लूटकांड में संलिप्त होने का बात स्वीकार की। बताया कि अभिषेक कुमार चौधरी के द्वारा षड़यंत्र के तहत अन्य तीनों अपराधकर्मियों को बुलाया गया था। वादी के द्वारा कीमती जेवरात लेकर हर रोज गांव देहात के लिए निकलने और आसानी से सुनसान जगह देखकर लूट की घटना को अंजाम दिये जाने की बात बताया गया।

## पुलिस ने दो अपराधियों को किया गिरफ्तार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : कोडरमा पुलिस प्रशासन को 2/2/2025 की रात्रि को प्राप्त सूचना के अनुसार, देवी मंडप रोड में कोडरमा जेल से रिहा हुए दो अपराधकर्मी, पियूष यादव और अभय कुमार उर्फ मिष्टी, किसी के साथ मारपीट और अप्रीय घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। इन दोनों के पास चाकू और पिस्टल होने की जानकारी मिली थी।पुलिस अधीक्षक कोडरमा के निर्देशन में तिलैया थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए देवी मंडप रोड, बंगाली मोहल्ला से पियूष यादव और अभय कुमार उर्फ मिष्टी को



गिरफ्तार किया। इनके पास से एक देशी पिस्टल और एक चाकू बरामद किया गया। इस संदर्भ में तिलैया थाना में कांड संख्या 39/2025 दिनांक 03.02.2025 के तहत आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-बी), 26 और 35 के तहत मामला दर्ज किया गया है।गिरफ्तार अपराधियों का विवरणः पियूष यादव (उम्र 21 वर्ष), पिता- संतोष यादव, पता-देवी मंडप रोड, बंगाली मोहल्ला, थाना- तिलैया, जिला-कोडरमा।अभय कुमार उर्फ मिष्टी (उम्र 19 वर्ष), पिता- लालदीप मरांडी, पता- देवी मंडप रोड, इन्द्रपुरी मोहल्ला, थाना- तिलैया, जिला- कोडरमा।- पियूष यादव के पास से एक देशी पिस्टल।

- अभय कुमार उर्फ मिष्टी के पास से एक चाकू (गुप्ती)बरामद हुइ।छापेमारी दल में पु०नि० विनय कुमार, थाना प्रभारी तिलैया। पु०अ०नि० महादेव पाण्डेय, तिलैया थाना। पु०अ०नि० क्लाईमेंट लिंडा, तिलैया थाना।सशस्त्र बल और पैंथर आरक्षी, तिलैया थाना शामिल थे।- पियूष यादव के खिलाफ पहले से कई मामले दर्ज हैं, जिनमें चोरी और गंभीर अपराध शामिल हैं।

## खराब सीसी कैमरे को जिला प्रशासन दुरुस्त कराये : मुख्तार आलम



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : मुख्तार आलम जिलाध्यक्ष असंगठित कामगार कांग्रेस सह 20 सूत्री सदस्य ने कहा की सूत्रों से पता चला है कि गुमला जिला के शहरी क्षेत्र में कुल लगभग 98 सीसीटीवी कैमरा लगाए गए थे, परंतु उसमें 70 सीसीटीवी कैमरा खराब पड़े हुए हैं ,इस कारण अपराधियों के द्वारा चोरी, मारपीट, छिनतई, तस्करी एवं अन्य कई घटनाओं का खुलेआम अंजाम देते है।शहरी क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरा खराब पड़े रहने से कैमरे अब सिर्फ शोभा का वस्तु बनकर रह गया है।मुख्तार आलम ने कहा कि अगर पुलिस को अपराधियों तक पहुंचना हो यह कोई भी मामले को अनुसंधान करनी हो तो सीसीटीवी फुटेज की अति आवश्यकता पड़ती है,सीसीटीवी कैमरा प्रशासन का तीसरी आंख होती है। आलम ने कहा कि जानकारी प्राप्त ये भी हुई है कि जिनटेक्नोलॉजी और लिंक स्पीड कंपनी के द्वारा सीसीटीवी कैमरे लगाने एवं रखरखाव करने हेतु। 5 साल का इकरारनामा तय किया गया था । परंतु कैमरे खराब होने के बाद कंपनी द्वारा ठीक करने कि कोई भी पल नहीं की जा रही है।मैं गुमला जिला प्रशासन से मांग करता हूं कि जल्द से जल्द सभी खराब पड़े सीसीटीवी कैमरो को ठीक करवाया जाए।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं.: ईएल-ओपी-आरएनसी-सब मील-मुरी-25, दिनांक 30.01.2025**; भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल विद्युत अभियंता (ओपी)-I, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का संक्षिप्त विवरण:** मुरी स्थित रनिंग रूम में 03 वर्षों (1095 दिन) की अवधि के लिए सब्सिडीयुक्त तथा गैर-सब्सिडीयुक्त भोजन/खाद्य पदार्थों की आपूर्ति हेतु आउटसोर्सिंग। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 77,54,906.40; **ईएमडी/बोली सुरक्षा:** रु. 1,55,100; **बंद होने की तारीख एवं समय:** 20.02.2025 को अपराह्न 03.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। निविदादाताओं/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट अवश्यक होना चाहिए तथा आवश्यक रूप से आईआरईपीएस पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिए। ई-निविदा प्रणाली में सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता भाग ले सकते हैं। **(PR-1090)**

## एक झलक

### निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की गयी

**बिहार :** बिहार विधानमंडल दल के कांग्रेस नेता शकील अहमद खान के इकलौते पुत्र एयान अहमद खान और जिला कांग्रेस के पूर्व महासचिव एवं प्रदेश कांग्रेस सेवादल मे संघटक रहे उमेश चन्द्र प्रकाश के आकस्मिक निधन पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार मुकुल ने शोक व्यक्त करते हुये कहा है कि इस दुखद घड़ी मे जिले के कांग्रेसजनो की संवेदना उनके परिजनो के साथ है। जिलाप्रवक्ता समीर कुमार, महेन्द्र श्रीवास्तव, केदार सिंह पटेल, त्रिभुवन पटेल, कुणाल सहाय, मोजक्कीर रहमान, सविता श्रीवास्तव, प्रभात चन्द्र, गोपाल मिश्र, रितेश कुमार सिन्हा, विकास कुमार टुल्लु, मो अब्दुल्लाह, ललित यादव, मुकेश कुमार राम, हामिद अनवर, मोहन कुमार, नमण शर्मा, मो आदिल रजा, राजु सहनी, शादिक अली ने शोक व्यक्त किया।

### प्रतिबंध के बावजूद पंडाल में डीजे बजाने पर किया गया जब्त

**अररिया :** जिला प्रशासन की ओर से पूजा पंडालों में डीजे के बजाने पर प्रतिबंध लगाया गया था। इसको लेकर खुद डीएम और एसपी ने अनुमंडल स्तर पर शांति समिति की बैठक में स्पष्ट निर्देश दिया था। अनुमंडल प्रशासन की ओर से भी डीजे संचालक के साथ मीटिंग कर पंडाल और विसर्जन में डीजे नहीं बजाने को लेकर सख्त हिदायत दी गई थी और डीजे संचालक के साथ बॉन्ड भी भराया गया था।बावजूद इसके फारबिसगंज थाना क्षेत्र के ढोलबज्जा में पूजा पंडाल में डीजे बजाया जा रहा था। जिसकी शिकायत पर फारबिसगंज थाना पुलिस ने ढोलबज्जा में कार्रवाई करते हुए पूजा पंडाल से डीजे के बांस सहित अन्य समान को जब्त किया।इसकी पुष्टि फारबिसगंज थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह ने भी की। डीजे संचालक के साथ पूजा कमिटी पर कार्रवाई किए जाने की भी बात कही।

### मामूली विवाद में भाई ने की भाई की हत्या

**भागलपुर :** जिले में जगदीशपुर थाना क्षेत्र के अंगारी गांव में सोमवार सुबह इतवारी चौधरी की हत्या उसके बड़े भाई ने गड़ासे से काटकर कर दी। मृतका की पत्नी का कहना है की बीते रविवार को जब उनका बच्चा स्कूल से साइकिल से घर आ रहा था। उसी समय बड़े भाई की पत्नी रास्ते पर खड़ी थी और उसे हटने को कहा गया। जिसको लेकर दोनों भाइयों के बीच मारपीट हुई थी और इसके बाद डायल 112 को सूचना दी गई थी। वहीं डायल 112 की गाड़ी सभी को लेकर थाने गई थी। जहां मृतक के द्वारा मामला दर्ज करने के लिए पुलिस से गुहार लगाई। लेकिन जगदीशपुर पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया और थाने से भगा दिया। मृतका की पत्नी का आरोप है कि थाने के द्वारा पैसे की मांग की जा रही थी। वहीं रात दस बजे पंचायती में मामला सुलह हो गया था। लेकिन सुबह भाई और अन्य परिजनों के द्वारा मृतक पर हमला कर उसकी हत्या कर दी गई। परिजन का कहना है कि अगर पुलिस तत्परता से काम करती और कल मामला दर्ज कर लेती और कार्रवाई करती तो आज हत्या नहीं होती। वहीं सवाल खड़े हो रहे हैं कि कल जब 112 की गाड़ी मौके पर पहुंची थी और सभी को लेकर थाने गई थी तब पुलिस ने आखिर कार्रवाई क्यों नहीं की। आखिर इतवारी के मौत का जिम्मेदार कौन है।

### 08 इंटरमीडिएट परीक्षार्थियों पर प्राथमिकी दर्ज

**नवादा :** नवादा में इंटरमीडिएट परीक्षा के क्रम में दो परीक्षा केंद्रों पर बंद गेट के नीचे और बाउंड्री फांदकर प्रवेश करने के प्रयास के आरोप में आठ परीक्षार्थियों के खिलाफ सोमवार को प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। मामला शहर के कन्हाई इंटर विद्यालय और गांधी इंटर विद्यालय परीक्षा केंद्र से जुड़ा है। जांच पूरी होने पर डीएम के आदेश पर सोमवार को प्राथमिक आदर्श कराई गई। इंटरमीडिएट परीक्षा के क्रम में दो परीक्षा केंद्र पर बाउंड्री फांदकर और बंद गेट के नीचे से परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों के प्रवेश मामले में प्रभारी डीपीआरओ अजय कुमार ने डीईओ के हवाले से बताया है कि दोनों केंद्रों पर विलंब से पहुंचने पर 8 परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने से रोक दिया गया था।

# पुलिस ने 81 एकड़ भूमि पर लगी अफीम की फसल को किया नष्ट



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**बुंडू :** अनुमंडलीय पुलिस ने सोमवार को बुण्डू, तमाड़, दशमफॉल, राहे एवं सोनाहातु थाना क्षेत्र में अभियान चलाकर अवैध रूप से किए जा रहे अफीम की खेती को ट्रैक्टर चला कर नष्ट किया।बुंडू एसडीपीओ ओम प्रकाश से मिली जानकारी के अनुसार बुंडू थाना क्षेत्र में25 एकड़,सोनाहातू थाना क्षेत्र में 05 एकड़, दशम फॉल थाना क्षेत्र में12 एकड़,राहे थाना क्षेत्र में 23 एकड़ एवं तमाड़ थाना क्षेत्र में 16 एकड़ कुल 81 एकड़ भूमि पर अवैध अफीम की फसल नष्ट की गई।

## बिहार कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद के बेटे ने की खुदकुशी

**पटना :** बिहार कांग्रेस कांग्रेस विधायक दल के नेता विधायक शकील अहमद खान के बेटे अयान (18) ने पटना में सरकारी आवास में आत्महत्या कर ली। एफएसएल की टीम घटनास्थल पर तथ्य एकत्र कर रही है। सचिवालय डीएसपी ने आत्महत्या की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच जारी है और घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। विधायक शकील अहमद खान गर्दनीबाग में विधायक आवास में रहते हैं। वहीं पर बेटे ने पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या की। शकील अहमद खान के अयान इकलौते पुत्र थे। अब केवल उनके पास एक बेटी है। शकील खान फिलहाल बिहार से बाहर हैं। उन्हें बेटे की मौत की खबर दे दी गई है। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों राहुल गांधी के बिहार दौरे पर शकील अहमद ने मंच पर ही बेटे को राहुल से मिलवाया था। बेटे ने राहुल गांधी को कुछ दस्तावेज सौंपे थे। शकील अहमद खान कटिहार जिले के कदवा विधानसभा सीट से विधायक हैं। शकील अहमद खान बिहार कांग्रेस के कद्दावर नेता माने जाते हैं। पप्पू यादव ने जताया दुखकांग्रेस विधायक के बेटे के निधन पर पुर्णिया के सांसद पप्पू यादव ने दुख जताया है। उन्होंने एक्स पर कहा कि एक अत्यंत दुःखद सूचना से मर्माहत हूं। मेरी पूरी संवेदना शकील भाई और उनके परिजनों के साथ है। लेकिन एक पिता माता के लिए ढांढस के कोई शब्द नहीं है मेरे पास। ऊपर वाला उन्हें धैर्य और संयम दे।

## शादी रचा कर महिला पुलिसकर्मी को थप्पड़ जड़नेवाला दारोगा निलम्बित

एजेंसी

**नवादा :** नवादा के एसपी अभिनव धीमान ने 2020 बैच के प्रशिक्षु सब इंस्पेक्टर सचिन कुमार को सोमवार को निलंबित कर दिया है। उनके निलंबन का आदेश गोपनीय शाखा द्वारा जारी किया गया है। सचिन कुमार को लाइन क्लोज कर दिया गया है। उन पर एक महिला कांस्टेबल के साथ शादी रचाने के बाद मारपीट करने एवं पुलिस की छवि धूमिल करने के आरोप हैं। सचिन वर्तमान में नरहट थाने में पदस्थापित हैं। इससे संबंधित एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें एसआई व महिला कांस्टेबल दोनों नवादा स्थित शिव मंदिर में शादी के तुरंत बाद मारपीट कर रहे थे। महिला कांस्टेबल द्वारा शादी का वीडियो तैयार करने पर एसआई भड़क गया और महिला कांस्टेबल को एक करारा थप्पड़ मंदिर परिसर में ही जड़ दिया। वायरल वीडियो मामले में एसपी अभिनव धीमान द्वारा जांच कराई गई। जांच रिपोर्ट के बाद एसआई सचिन कुमार को निलंबित कर दिया गया है। एसपी अभिनव धीमान द्वारा एसआई की निलंबन की पुष्टि की गई है। नवादा में दारोगा और सिपाही ने लव मैरिज कर लिया है। चौंकाने वाली बात यह है कि शादी के बाद दारोगा अपनी नई नवेली दुल्हन के साथ मंदिर में ही मारपीट करने लगा। दारोगा ने नई नवेली दुल्हन को जोरदार थप्पड़ जड़ दिया था, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दारोगा सचिन कुमार नरहट थाना और महिला सिपाही सुमन कुमारी महिला थाना नवादा में पदस्थापित हैं। दोनों काफी समय से एक-दूसरे से प्रेम करते थे और अंत में दोनों ने शादी करने का निर्णय ले लिया।

## एमजीसीयू में उमंग 2025 का हुआ समापन



एजेंसी

**पूर्वी चंपारण :** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित वार्षिक एथलेटिक फेस्ट ₹उमंग 2025₹ का समापन सोमवार को हुआ। समापन दिवस पर आयोजित पुरुष क्रिकेट टूनार्मेंट के फाइनल में अनस्टॉपेबल हंक्स ने ट्रॉफी पर कब्जा जमाया,जबकि शिक्षकों और कर्मचारियों के बीच खेले गए फ्रेंडली क्रिकेट मैच में पीच बर्नर्स ने जीत दर्ज की। इस दौरान रस्साकशी प्रतियोगिता ने भी दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। क्रिकेट टूनार्मेंट के फाइनल मुकाबले में अनस्टॉपेबल हंक्स और मैनेजमेंट मेवरिक्स की टीमों के बीच जोरदार टक्कर देखने को मिली। अनस्टॉपेबल हंक्स के कप्तान कुशांक कुमार ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया, जिसे उनके गेंदबाजों ने सही साबित किया। मैनेजमेंट मेवरिक्स की टीम कप्तान अंकित के नेतृत्व में बल्लेबाजी करने उतरी, लेकिन विरोधी टीम की सधी हुई गेंदबाजी और अनुशासित क्षेत्ररक्षण के कारण 12 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर मात्र 68 रन ही बना सकी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अनस्टॉपेबल हंक्स की ओर से सूरज भान (62 रन नाबाद) और दिनेश हुड्डा (7 रन नाबाद) ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। मजबूत रणनीति और आक्रामक शॉट्स की बदौलत अनस्टॉपेबल हंक्स ने महज 4 ओवरों में बिना कोई विकेट गंवाए 69 रन बनाकर 10 विकेट से शानदार जीत दर्ज की और क्रिकेट ट्रॉफी अपने नाम कर ली।शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों के चंपारण वॉरियर्स (प्राध्यापक टीम) और पीच बर्नर्स (पदाधिकारी एवं कर्मचारी टीम) के बीच एक मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मुकाबला खेला गया। चंपारण वॉरियर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और तीन विकेट के नुकसान पर 107 रन बनाए।पीच बर्नर्स ने 108 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए शानदार शुरूआत की और 11 ओवर में तीन विकेट खोकर 112 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया।

## पूर्व विधायक स्व. कृष्णा प्रसाद के आदर्शों को अपनाने का लाया गया संकल्प

**नवादा :** नवादा के पूर्व विधायक स्व. कृष्णा प्रसाद की 31वीं पुण्यतिथि सोमवार को व्यवहार न्यायालय के समक्ष उनके स्मारक स्थल पर मनाई गई, जिसकी अध्यक्षता उनके पुत्र एमएलसी अशोक यादव ने की ।मंच का संचालन प्रो. जितेंद्र यादव ने किया । कार्यक्रम का प्रारंभ स्व कृष्णा प्रसाद की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि से हुआ ।जिसमें उनके सुपुत्र एमएलसी अशोक कुमार , धर्मपत्नी प्रमिला देवी , विधायक विभा देवी समेत राजबल्लभ परिवार के सदस्यों ने पूजा पाठ करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की । स्मारक स्थल पर श्रद्धांजलि देने वालों की लंबी भीड़ देखी गई जो जिले के विभिन्न हिस्सों से आये हुए थे । इस सत्र में सर्वदलीय जमावड़े का अद्भुत नजारा देखा गया जिसमें दलीय भावनाओं से ऊपर उठकर बीजेपी , कांग्रेस , जदयू , आरजेडी , सीपीआई , सीपीएम , माले समेत कईपार्टियों व जनसंगठनों के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए ।

### एक महीने में राहुल गांधी का दूसरा बिहार दौरा

## 05 फरवरी को आयेंगे पटना



एजेंसी

**पटना :** कांग्रेस सांसद एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पांच फरवरी को बिहार आएंगे।राहुल गांधी इस महीने में लगातार दूसरी बार बिहार आ रहे हैं। राहुल गांधी पांच फरवरी को कृष्ण मेमोरियल हॉल पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने बताया है कि राहुल गांधी जगलाल चौधरी जयंती समारोह में शामिल होंगे। उन्होंने एक्स पर बताया कि नेता विपक्ष राहुल गांधी पांच फरवरी को कृष्ण मेमोरियल हॉल पटना में जगलाल चौधरी जयंती समारोह में भाग लेंगे। राहुल गांधी जनवरी पिछले महीने 18 जनवरी को बिहार आए थे। राहुल गांधी ने तब संविधान को लेकर आयोजित हुए कार्यक्रम में हिस्सा लिया था। इस महीने में फिर राहुल गांधी बिहार आ रहे हैं। उनके बिहार दौरे को लेकर सभी तैयारियां की जा रही हैं। मालूम हो कि पांच फरवरी को ही दिल्ली में भी विधानसभा के लिए मतदान हैं। कुछ ही महीनों में बिहार विधानसभा चुनाव भी होने हैं। बिहार में होने वाले इस विधानसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस अभी से ही अपने को सक्रिय कर रही है।

## नवोदय विद्यालय में महाकुम्भ रेखाचित्र एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

एजेंसी

**अररिया :** जवाहर नवोदय विद्यालय में सरस्वती पूजा के मौके पर अखिल भारतीय महाकुंभ रेखाचित्र एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों की भागीदारी के साथ सृजनात्मक एवं रचनात्मक प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर मिला। इसमें बच्चों ने विद्यालय के कला शिक्षक राजेश कुमार के मार्गदर्शन में प्रयास राज में चल रहे महाकुंभ विषय पर केंद्रित चित्रों का निर्माण किया, जिसमें निर्णायक मंडली के द्वारा चित्रकला में पलक प्रिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं गौसिया मजहर ने द्वितीय व सिम्पल कुमारी एवं हीबा शहजादी ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। रेखाचित्र में आफिया नाज को प्रथम, ब्यूटी मघफर को द्वितीय व अनन्या कुमारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। चयनित छात्रों की कला कृतियां अखिल भारतीय महाकुंभ रेखाचित्र एवं चित्रकला प्रतियोगिता में शामिल की जाएगी। पुरस्कृत सभी बच्चों को प्रभारी प्राचार्य ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया। विद्यालय के कला शिक्षक ने बताया बसंत पंचमी पर कला के लिए बच्चों को पुरस्कृत किया जाना श्रेष्ठ कार्यों में गणना होगी। बुद्धि, विद्या, कला , विज्ञान एवं संगीत की देवी मां सरस्वती की पूजा विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया।

## प्रयागराज में लगे महाकुम्भ की तर्ज पर सरस्वती पूजा पंडाल बना आकर्षण का केन्द्र



एजेंसी

**मुजफ्फरपुर :** मुंगेर-जिले में विद्या की देवी माता सरस्वती की पूजा मनाई जा रही है। विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों में प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चणा की जा रही है। कहीं मंदिरों में, कहीं पूजा पंडालों में तो कई छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने घरों में देवी की मूर्ति की स्थापना कर उनकी आराधना की और देश-समाज की उन्नति के लिए ज्ञान की प्राप्ति की प्रार्थना की।हवेली खड़गपुर में पर्यटन स्थल ऋषि कुंड की तर्ज पर पंडाल के अंदरूनी हिस्से को स्वरूप दिया गया। खड़गपुर के पश्चिम आजीमगंज आजाद सेवा सदन में यह मूर्ति स्थापित की गई है। जबकि सदर प्रखंड क्षेत्र के हंस वाहिनी परिषद वारिश टोला नौवागढ़ी में प्रयाग राज में अभी चल रहे कुंभ की तर्ज पर प्रतिमा को स्थापित किया गया है। यह प्रतिमा जिला में श्रद्धालुओं के लिए आकर्षन का केंद्र बना हुआ है, जबकि इस प्रतिमा पंडाल और थीम को कमेटी सदस्यों के द्वारा बिते 15 दिनों में तैयार किया गया है। पंडाल के सजावट में खुबसुरती की गई है। सरस्वती पूजा को लेकर प्रशासनिक अधिकारी भी पूरी तरीके से सजग है। जिसे लेकर एसपी के निर्देश पर पुलिस अधिकारी अलर्ट हैं। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के द्वारा जगह-जगह पर मार्च किया जा रहा है और लोगों से शांति और सद्भाव के साथ सरस्वती पूजा मनाने की अपील की गई। जबकि सरस्वती पूजा को लेकर शहर के सभी चौक-चौराहा पर पुलिस जवानों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अलावा सदर एसडीओ शैलेंद्र कुमार सिंह, सदर एसडीपीओ राजेश कुमार स्वयं अपने से मॉनिटरिंग में लगे हुए है।

## दुकान के अंदर दुकानदार का फंदे से लटका हुआ मिला शव, छानबीन में जुटी पुलिस

एजेंसी

**भागलपुर :** जिले के कजरैली थाना क्षेत्र के गौराचौकी पेट्रोल पंप के सामने सोमवार को एक चाय दुकानदार का दुकान के अंदर ही फंदे से लटका हुआ बरामद किया गया है। घटना की सूचना पर कजरैली थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच पड़ताल की। थानाध्यक्ष ने मृतक के स्वजन एवं एफएसएल टीम के पहुंचने के बाद ताला तोड़कर दुकान के अंदर प्रवेश किया और शव को नीचे उतारा। एफएसएल टीम ने आत्महत्या में प्रयोग किया गया रस्सी को जब्त किया। पुलिस ने मौके से मृतक का मोबाइल भी जब्त किया है। मृतक की पहचान जगदीशपुर थाना क्षेत्र के खीराबांध गांव निवासी मु. अफसर (45) के रूप में हुई है। पुलिस ने इसके बाद कागजी प्रक्रिया को पूरा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल पर अपने अन्य स्वजनों के साथ पहुंची मु. अफसर की बेटी शमा ने बताया कि अम्मी दिल्ली गई है। उनका वहां का राशन कार्ड बना है। उन्होंने हमलोगों से कहा वहां वोट भी डाल देंगे और राशन भी लेते आएंगे। अब्बू दो दिन पहले घर आए थे। बीती रात उनसे बात हुई थी। उन्होंने कहा था सुबह दूध लेकर घर आएंगे लेकिन सुबह सात बजे जब उनको फोन किए तो रिसीव नहीं किए।

# खेलो इंडिया अब हर एथलीट की यात्रा का एक बड़ा हिस्सा क्यों है?



डॉ. मनसुख मांडविया

**सात** वर्ष पूर्व, हमने 2018 में खेलो इंडिया स्कूल गेम्स (केआईएसजी) के शुभारंभ के साथ एक आंदोलन की ज्योति प्रज्वलित की थी। आज जब मैं देखता हूं कि हम इस मामले में कितना आगे निकल चुके हैं, तो मुझे बेहत गर्व होता है, न केवल उन पदकों के लिए जो हमने जीते हैं, बल्कि जिस तरह से खेलो इंडिया ने हमारे देश में खेलों के मूल स्?वरूप में बदलाव किया है, उसको देखते हुए भी यह अनुभूति होती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में संकल्पित, खेलो इंडिया कभी भी केवल पदक जीतने के संदर्भ से जुड़ा नहीं था, सही मायने में यह खेलों के लिए एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन को प्रज्वलित करने के साथ-साथ एक ऐसी संस्कृति को बढ़ावा देने की परिकल्पना थी, जहां हर बच्चे को खेलने और समग्र रूप से विकसित होने का अवसर मिले।

आज, यह आंदोलन खेलो इंडिया गेम्स के 16 संस्करणों में विस्तारित एक बहुआयामी राष्ट्रीय कार्यक्रम के रूप में विकसित हो चुका है, यह एक ऐसी पारिस्थितिकी व्यवस्था बना रहा है जो युवा प्रतिभाओं का पोषण करती है, विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार करती है और खेलों में समावेशिता को बढ़ावा देने के साथ-साथ भारत के एक प्रमुख वैश्विक खेल राष्ट्र बनने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य की आधारशिला भी रखती है।

खेलो इंडिया स्कूल गेम्स (केआईएसजी) के उद्घाटन ने भारत में जमीनी स्तर की खेल क्रांति की दिशा तय की है।

विद्यालय स्तर की प्रतियोगिताओं में अपार संभावनाओं को पहचानते हुए, केआईएसजी ने युवा एथलीटों के लिए अंतर-स्कूल प्रतियोगिताओं से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजनों में शामिल होने के लिए एक व्यवस्थित मार्ग बनाया। पिछले कुछ वर्षों में, इस पहल ने हजारों एथलीटों की पहचान की है और उनका पोषण किया है, जिनमें से कुछ ओलंपिक और एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इस ०?यवस्?था का सबसे बड़ा उदाहरण खेल रत्न पुरस्कार विजेता मनु भाकर हैं, जिन्होंने स्कूल गेम्स से यूनिवर्सिटी गेम्स में पदार्पण किया और वह पेरिस ओलंपिक में दोहरी कांस्य पदक विजेता बनीं।

खेलो इंडिया गेम्स के व्यापक ढांचे में केआईएसजी के विस्तार के साथ, जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं की पहचान अधिक मजबूत हो चुकी है।

विद्यालय, छोटी आयु की प्रतिभाओं के केंद्र बने हुए हैं और खेलो इंडिया ने यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है कि इन युवा एथलीटों को विश्व स्तरीय प्रशिक्षण के साथ-साथ बुनियादी सुविधाएं और प्रदर्शन करने के अवसर मिलें। आज, खेलो इंडिया के विद्यालय और विश्वविद्यालय स्तर के चैंपियन उच्चतम स्तर पर पदक जीत रहे हैं और यह कार्यक्रम की प्रभावशीलता का प्रमाण है।

अपनी स्थापना के बाद से, खेलो इंडिया ने अपने खेलों के 16 संस्करण आयोजित किए हैं, जिनमें छह युवा खेल, चार विश्वविद्यालय खेल, पांच शीतकालीन खेल और एक पैरा-खेल शामिल हैं। प्रत्येक संस्करण ने भारत के खेल परिदृश्य में नए आयाम पेश किए हैं।

स्कूली खेल और उसके बाद के युवा खेल अब युवा एथलीटों के लिए प्रमुख प्रतियोगिता और भारत के भावी ओलंपियनों के लिए एक महत्वपूर्ण प्रतिभा-खोज कार्यक्रम बन चुके हैं। इस विस्तार ने प्रतिस्पर्धा के विभिन्न स्तरों पर एथलीटों के लिए एक सहज प्रोत्?साहन मार्ग सुनिश्चित किया है, जिससे भारत की खेल श्रृंखला मजबूत हुई है।

खेलो इंडिया सिर्फ.एथलीट पहचान कार्यक्रम से कहीं आगे बढ़ चुका है। अब इसमें कॉर्पोरेट, राज्य सरकारें, निजी अकादमियां और जमीनी स्तर के संगठन समेत कई हितधारक शामिल हैं।

निजी क्षेत्र की भूमिका काफी बढ़ गई है, जिसमें निगम प्रायोजन, बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और एथलीट मेंटरशिप कार्यक्रमों के माध्?यम से खेल विकास में निवेश कर रहे हैं। सरकार, राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) और कॉर्पोरेट संस्थाओं के साथ भागीदारी के जरिए लक्षित समर्थन सुनिश्चित करके खेलों में कॉर्पोरेट जुड़ाव को और बढ़ाने के लिए एक कॉर्पोरेट, एक खेल पहल शुंभारभ कर रही है।

राज्य सरकारों ने भी पहल की है, क्षेत्रीय खेल प्राथमिकताओं के आधार पर खेलो इंडिया केंद्र (केआईसी) का प्रस्ताव दिया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि खेल विकास स्थानीय जरूरतों के अनुरूप हो।

इसके अलावा, देश के विभिन्न क्षेत्रों में ओलंपिक प्रशिक्षण केंद्र (ओटीसी) स्थापित करने की योजनाएं हैं। ये विश्व स्तरीय उच्च प्रदर्शन केंद्र पैरा-स्पोर्ट्स और स्वदेशी खेलों सहित शीर्ष एथलीट प्रशिक्षण प्रदान करेंगे और अत्याधुनिक खेल बुनियादी ढांचे, खेल विज्ञान और खेल चिकित्सा सुविधाओं से लैस होंगे। इसके अलावा, उच्च गुणवत्ता वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करने के लिए राज्य उत्कृष्टता केंद्र (एससीओई) स्थापित किए जाएंगे, जो प्राथमिकता वाले खेलों में एथलीटों का समर्थन करेंगे।

समावेशिता खेलो इंडिया की आधारशिला रही है, और ह्यअचीविंग स्पोर्ट्स माइलस्टोन बाय इंस्पायरिंग वीमेन थ्रू एक्शनह्व (एएसएमआईटीए) लीग जैसी पहलों ने खेलों में महिलाओं को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 2021 में अपनी शुरूआत के बाद से, एएसएमआईटीए ने 880 से अधिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया है जिससे मीराबाई चानू जैसी ओलंपिक पदक विजेता सहित 1,00,000 से अधिक महिला एथलीटों को लाभ मिला है।

माननीय प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा ग्रामीण भारत और छोटे शहरों के एथलीटों का समर्थन करने के महत्व पर बल दिया है, जिन्हें अक्सर अतिरिक्त समर्थन की आवश्यकता होती है।

खेलो इंडिया के माध्यम से, हमने सुनिश्चित किया है कि वित्तीय बाधाओं के कारण प्रतिभा पीछे न छूट जाए। खेलो इंडिया के अंतर्गत महिला फुटबॉल लीग अरुणाचल प्रदेश के मोनिगोंग जैसे दूरदराज के इलाकों तक भी पहुंच गई है, इससे संगठित खेल गतिविधियों से अछूते क्षेत्रों में खेल भागीदारी को बढ़ावा मिला है।

पैरा-एथलीटों के लिए, खेलो इंडिया पैरा गेम्स ने एक समावेशी मंच प्रदान किया है, जिसके तहत अब कई एथलीट पैरालिंपिक जैसे वैश्विक आयोजनों के लिए क्वालिफाई कर रहे हैं।

इसके अतिरिक्त, इस पहल ने योगासन, मल्लखंब, कलारीपयट्ठ, थांग-ता और गतका जैसे स्वदेशी खेलों को सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया है तथा उन्हें खेलो इंडिया यूथ एंड यूनिवर्सिटी गेम्स में एकीकृत करके उनके संरक्षण और विकास को सुनिश्चित किया है।

स्वदेशी खेलों को और बढ़ावा देने के लिए कबड्डी और खो-खो जैसे पारंपरिक खेलों के लिए भारत-आधारित अंतर्राष्ट्रीय महासंघों की स्थापना करने का प्रयास किया जाएगा, जिसका उद्देश्य विश्व चैंपियनशिप का आयोजन करना और अंतर्राष्ट्रीय बहु-खेल आयोजनों में उनके समावेशन की दिशा में कार्य करना है।

कोचिंग व्यवस्था को और अधिक पेशेवर बनाने के लिए, हमने पूरे भारत में 1000 से अधिक खेलो इंडिया केंद्रों (केआईसी) में संरक्षक के रूप में भूतपूर्व चैंपियन एथलीटों (पीसीए) का एकीकरण सुनिश्चित किया है। इसके अलावा, राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनआईएस) पटियाला में निःशुल्क प्रमाणन पाठ्यक्रमों के माध्यम से, ये पूर्व अंतर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय एथलीट अब भारत की प्रशिक्षण पारिस्थितिकी व्यवस्था में योगदान करते हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि अगली पीढ़ी उनके अनुभव और विशेषज्ञता से लाभान्वित हो।

जैसे-जैसे भारत आगे बढ़ रहा है, खेलो इंडिया अभियान सिर्फ एक खेल विकास कार्यक्रम से कहीं अधिक ०?यापक रूप ले चुके है; यह एक रणनीतिक पहल है जो वर्ष 2036 में ओलंपिक खेलों की मेजबानी करने और शीर्ष 10 खेल देशों में स्थान पाने के देश के दीर्घकालिक लक्ष्य के उद्देश्?य से भी जुड़ी है।

अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं की मेजबानी करना इस विजन का एक महत्वपूर्ण पहलू होगा, जिसमें राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) को अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों के लिए बोली लगाने और प्रमुख वैश्विक खेल प्रतियोगिताओं को भारत में लाने के लिए समर्थन देने के प्रयास किए जाएंगे।

जब हम वर्ष 2036 की ओर देखते हैं तो यह अनुभव होता है कि खेलो इंडिया का प्रभाव न सिर्फ जीते गए पदकों से है बल्कि इसने लाखों लोगों के जीवन को भी छुआ है। इसके माध्?यम से जमीनी स्तर पर क्रांति लाई गई है और इसने भारतीय समाज में खेल और फिटनेस की संस्कृति को समाहित किया है और उस वक्?त यह सभी उदाहरण प्रत्?यक्ष होंगे। निरंतर निवेश, सहयोग और नवाचार के साथ, भारत एक वैश्विक खेल महाशक्ति बनने के अपने स्वप्न को साकार करने के मार्ग पर अग्रसर है।

**(लेखक केन्द्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री हैं। )**

## एक झलक

### अपने पास मोबाइल भी नहीं रखते धोनी : शुक्ला

**नयी दिल्ली :** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा है कि पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का स्वभाव ऐसा है कि वह हमेशा अलग रहते हैं। यहां तक कि अपने पास मोबाइल फोन तक नहीं रखते। ऐसे में कई बार चयन समिति को भी उसने संपर्क करने में परेशानी आती है।
बीसीसीआई उपाध्यक्ष ने कहा कि पर धोनी हो कमिटमेंट करते हैं, उसे जरुर पूरा करते हैं। साथह कहा कि धोनी के अंदर कोई हल्कापन नहीं है। वह बेकार की बातें नहीं करते।
जब उनसे पूछा गया कि धोनी समाज से अलग क्यों रहते हैं? इस पर उन्होंने कहा, वह उनका स्वभाव है। वह मोबाइल फोन ही नहीं रखते अपने पास। यहां तक कि बीसीसीआई चयनकताओं के लिए भी उनसे संपर्क करना मुश्किल होता है।
मैंने देखा है कि वह सिद्धांतवादी हैं। जो कमिटमेंट करते हैं, उसे वह गंभीरता से लेते हैं। वह गंभीर हैं औरउनमें कोई हल्कापन नहीं नहीं है। वह फिजूल की बातें नहीं करते। धोनी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से काफी समय पहले रिटायर हो चुके हैं और अब केवल आईपीएल में खेल रहे हैं। आईपीएल के इस सत्र में भी वह खेलेंगे।

### प्रज्ञानानंदा टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बने

**विज्क आन जी :** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने नीदरलैंड के विज्क आन जी में हुए टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज खिताब को जीत लिया है। प्रज्ञानानंदा ये खिताब जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी हैं। प्रज्ञानानंदा ने अपने ही हमवतन और विश्व चैंपियन डी गुकेश को सडन डेथ में हराकर ये खिताब अपने नाम किया। इस मैच में गुकेश ने एक गलती की और प्रज्ञानानंदा ने उन्हें मात दे दी। दोनो ने अंतिम दौर में टाई-ब्रेकर सेट किया था जिसमें प्रज्ञानानंदा ने बाजी मार ली। वहीं इससे पहले गुकेश का मुकाबला नीदरलैंड के जोर्डन वान फॉरेस्ट के साथ बराबरी पर रहा जबकि प्रज्ञानानंदा ने सर्बिया के एलेक्सी सेराना को शिकस्त दी। इन दोनो ही भारतीय खिलाड़ियों ने टाटा स्टील मास्टर्स में 12वें दौर के बाद संयुक्त रूप से बढ़त हासिल कर ली।

### रोहित और विराट ने एकदिवसीय सीरीज के लिए शुरू किया अभ्यास

**नागपुर :** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए अभ्यास शुरू कर दिया है। ये दोनो ही रविवार को यहां पहुंचे। हैरानी की बात ये थी कि दोनो ने ही एक सी टी शर्ट पहनी हुई थी। भारत और इंग्लैंड के बीच पहला एकदिवसीय मैच 6 फरवरी को नागपुर के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन (वीसीए) में खेला जाएगा। रोहित और विराट रविवार शाम को नागपुर हवाई अड्डे से बाहर निकलते हुए देखे गए। रोहित मुंबई में शनिवार को बीसीसीआई नमन पुरस्कार समारोह में शामिल होने के बाद सीधे नागपुर पहुंचे। वहीं कोहली दिल्ली से नागपुर पहुंचे हैं। विराट पिछले सप्ताह सोमवार से शनिवार तक दिल्ली में रेलवे के खिलाफ रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मैच खेल रहे थे। रोहित और विराट के अलावा नागपुर एयरपोर्ट पर यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत, श्रेयर अय्यर और शुभमन गिल को भी देखा गया।

### गंभीर ने कन्कशन सब्सटीट्यूट को लेकर विरोधियों को दिया करारा जवाब

**मुंबई :** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने चौथे मुकाबले में शिवम दुबे के हेलमेट पर गेंद लगने के बाद हर्षित राणा को कन्कशन सब्सटीट्यूट के तौर पवर मैदान पर उतारे जाने की आलोचना करने वालों को करार जवाब दिया है। इस फैसल पर इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने भी सवाल उठाये थे। इसी को लेकर गंभीर ने पांचवें टी20 में जीत के बाद मजाकिया अंदाज में कहा कि आज शिवम चार ओवर फेंक देता।

# कबड्डी में उप्र की टीम ने जीता स्वर्ण



**एजेंसी**
**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश की पुरुष कबड्डी टीम ने उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेल में फुर्ती, रणनीति और शानदार टीमवर्क के सहारे बेहतरीन धमाल मचाते हुए स्वर्णिम सफलता हासिल की। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश के लिए दूसरा स्वर्ण योगासन में आर्टिस्टिक पुरुष एकल में प्रवीण कुमार पाठक ने जीता। इस सफलता पर उत्तर प्रदेश के खिखाड़ियों और खेल प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ गयी। उप्र ओलंपिक संघ के महासचिव आनंदेश्वर पांडेय ने कहा कि इस समय शासन स्तर से खिलाड़ियों को मिल रहे प्रोत्साहन का असर दिख रहा है। आगे चलकर प्रदेश के खिलाड़ियों की प्रतिभा में और अधिक निखार आएगा। उप्र के युवा वर्ग में खेल के प्रति उत्साह बढ़ा है। वहीं खेल निदेशक आर.पी. सिंह ने कहा कि उप्र में खिलाड़ियों में ऊर्जा बनी रहे। उनको किसी तरह की परेशानी न हो, इसका ध्यान शासन स्तर से विशेष रूप से देखा जा रहा है। योगासन के आर्टिस्टिक महिला पेयर में आर्यांशी स्वामी व सिमरन की जोड़ी ने रजत पदक जीता। वहीं महिला टीम इवेंट में उत्तर प्रदेश की स्क्वाश टीम को कांस्य पदक मिला। उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने रविवार को 2 स्वर्ण, 2 रजत व 1 कांस्य पदक जीते। इसी के साथ उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय खेल में अब तक 6 स्वर्ण, 4 रजत व 5 कांस्य पदक सहित कुल 15 पदक के साथ तालिका में नौवें स्थान पर पहुंच गया है।हरिद्वार में आयोजित कबड्डी के मुकाबलो में पुरुष कबड्डी के फाइनल में उत्तर प्रदेश ने चंडीगढ़ को रोमांचक मैच में 57-43 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। इसी के साथ यूपी ने चंडीगढ़ से पूल मैच में मिली हार का बदला ले लिया। इससे पहले सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश ने सर्विसेजह्न की बेहद मजबूत टीम को 43-42 से हराकर फाइनल में जगह बनायी थी। उत्तर प्रदेश की पुरुष कबड्डी टीम ने राष्ट्रीय खेल में दूसरी बार स्वर्ण पदक जीता। इससे पहले यूपी ने 36वें राष्ट्रीय खेल-2022 में स्वर्ण पदक जीता था।अल्मोड़ा में आयोजित योगासन की स्पर्धा में आर्टिस्टिक पुरुष एकल में उत्तर प्रदेश के प्रवीण कुमार पाठक ने 118.91 अंक के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया। इस वर्ग में महाराष्ट्र के रूपेश मोगशाली संगे (117.88 अंक) को रजत व छत्तीसगढ़ के प्रकाश कुमार (117.25 अंक) को कांस्य पदक मिला। योगासन के आर्टिस्टिक महिला पेयर में यूपी की आर्यांशी स्वामी व सिमरन ने कांटे के मुकाबले में 102.57 अंक हासिल करते हुए रजत पदक जीता। इस स्पर्धा का स्वर्ण हरियाणा की कुसुम व गुंजन (102.93 अंक) एवं कांस्य राजस्थान की तमन्ना व पायल (100.06) अंक ने जीता। देहरादून में स्क्वाश की स्पधाओं में महिला टीम इवेंट में उत्तर प्रदेश की स्क्वाश टीम को कांस्य पदक मिला। उत्तर प्रदेश को सेमीफाइनल में महाराष्ट्र ने शिकस्त देकर खिताबी होड़ में जगह बनाई।

### युवराज ने अपने शिष्य अभिषेक की जम कर की सराहना

**नयी दिल्ली :** भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज ऑलराउंडर युवराज सिंह ने अभिषेक शर्मा की आक्रामक पारी की जमकर प्रशंसा की है। अभिषेक ने युवराज को अपना गुरु बताया था क्योंकि वह उन्हें बल्लेबाजी को बेहतर करने समय समय पर नये नये टिप्स भी देते रहे हैं। ऐसे में युवराज का खुश होना स्वभाविक है। अभिषेक ने इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए पांचवें टी20 मैच में 54 गेंद में 135 रनों की तूफानी पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 17 गेदों पर अर्धशतक और 37 गेंद में शतक बना दिया। अभिषेक ने अपनी इस पारी में 13 छक्के और 7 चौके लगाये। इससे वह टी20 में भारतीय टीम की ओर से दूसरे सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। युवराज सिंह ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, ह्यअच्छ खेले अभिषेक यही वह स्तर पर जहां मैं आपको देखना चाहता हूं।


## 38वीं राष्ट्रीय खेल में सूरज उरांव झारखंड राज्य का करेंगे प्रतिनिधित्व



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची :** उत्तराखंड में आयोजित हो रहे हैं 38वीं राष्ट्रीय खेल में 07-11 फरवरी 2025 तक हैंडबॉल प्रतियोगिता होना जिसमें हैंडबॉल खेल स्पर्धा के लिए हैंडबॉल ट्रेनिंग सेंटर रातु, रांची के सूरज उरांव का चयन झारखंड हैंडबॉल टीम में किया गया जो, झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसके पूर्व झारखंड ओलंपिक संघ के तत्वाधान में 10 जनवरी 2025 को चयन ट्रायल का आयोजन किया गया था जिसमे रांची से सूरज उरांव चयन किया गया। वर्तमान में सूरज उरांव हैंडबॉल ट्रेनिंग सेंटर के प्रशिक्षक विष्णु कुमार के देखरेख में प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। इनके चयन होने पर सभी बालक/बालिका खिलाड़ियों में खुशी का माहौल है सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षक और संघ के समस्त पदाधिकारीयो ने ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाई दी ।

## झारखंड ने बिहार को एक पारी व 97 रनों से हराया

■ सीके नायडू अंडर -23 स्टेट ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची :** झारखंड ने जेएससीए इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में सीके नायडू अंडर - 23 स्टेट ट्रॉफी क्रिकेट टूनार्मेंट के तहत खेले गए मैच में बिहार को एक पारी व 97 से हरा दिया। इस तरह झारखंड ने अपने सभी छह मैच खेल कर कुल 65 अंक प्राप्त किए। ग्रुप डी से झारखंड व मुंबई ने नाक आउट के लिए क्वालीफाई कर लिया है। इससे पहले तीसरे दिन आज सुबह झारखंड ने अपनी पहली पारी सात विकेट पर 621 रनों पर समाप्त घोषित कर दी ।कुनैन कुरैशी ने सात छक्के एवं 11 चौकी की मदद से नाबाद 155 रन बनाए। अभिनव शरण ने नौ चौके की मदद से 53 रन बनाए। बिहार की ओर से सूरज कश्यप, आकाश राज एवं मनीष ने दो-दो विकेट लिए। इस तरह झारखंड को पहली पारी में कुल 424 रनों की बढ़त मिली। इसके बाद बिहार ने अपनी दूसरी पारी में 327 रन बनाए। बिहार की ओर से पृथ्वीराज ने शतकीय पारी खेल कर अपनी टीम को पारी की हार से बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन कामयाब नहीं हो सके। पृथ्वीराज ने 104 रनों की अपनी संघर्षपूर्ण पारी में 6 छक्के एवं दस चौके लगाए। इसके अलावा उत्कर्ष सिंह ने 36, सूरज कश्यप ने 31, प्रशांत कुमार ने 38 एवं सुमन ने 38 रन बनाए। रोहित ने 21 रनों का योगदान किया। झारखंड की ओर से साहिल राज, अभिषेक एवं ओम सिंह ने तीन-तीन विकेट लिए।

## सिफ्त कौर समरा और जोनाथन एंथनी ने जीता स्वर्ण पदक

**एजेंसी**
**देहरादून :** उत्तराखंड के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज त्रिशूल हॉल में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में पंजाब की सिफ्ट कौर समरा ने सटीक निशानेबाजी का शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की 50 मीटर 3 पोजीशन स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। समरा के शानदार प्रदर्शन ने उन्हें 461.2 अंक दिलाकर प्रतिस्पर्धी फाइनल में शीर्ष स्थान दिलाया। पंजाब की ही उनकी साथी अंजुम मौदगिल ने 458.7 अंकों के साथ रजत पदक जीता, जबकि तेलंगाना की सुरभि भारद्वाज रापोले ने 448.8 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता। इस इवेंट में देश के कुछ शीर्ष निशानेबाजों ने हिस्सा लिया और यह शुरू से लेकर आखिर तक एक कड़ी टक्कर थी। केरल की विदर्शा विनोद ने नील पोजीशन के बाद बढ़त बनाई, लेकिन अंतिम चरणों में अपनी गति बरकरार नहीं रख सकीं, जिससे समरा आगे निकल गईं। अपनी जीत पर समरा ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा, यह ओलंपिक के बाद मेरे लिए वापसी जैसा है।

## आईसीसी अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप की टीम ऑफ द टूर्नामेंट में चार भारतीय शामिल



**एजेंसी**
**नयी दिल्ली :** चार भारतीय खिलाड़ियों को आईसीसी अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप 2025 की टीम ऑफ द टूनार्मेंट में चुना गया है। भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 9 विकेट से हराकर अंडर-19 विश्व कप का खिताब जीता था। टीम में सलामी बल्लेबाज के तौर पर प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट गोंगडी त्रिशा हैं, जिन्होंने शीर्ष क्रम में 309 रन बनाए। त्रिशा को फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, उन्होंने गेंद से 15 रन देकर तीन विकेट लिए और फिर नाबाद 44 रन बनाए, जिससे भारत ने नौ विकेट से खिताबी जीत हासिल की। टीम में उनके साथ साथी ओपनर जी कमलिनी भी हैं, जिन्होंने टूर्नामेंट में 143 रन बनाए, और गेंदबाज आयुषी शुक्ला और वैष्णवी शर्मा भी हैं। वैष्णवी ने टूनार्मेंट में 17 विकेट लिए, जिसमें बेयुमास ओवल में फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के दो विकेट भी शामिल हैं, जो किसी भी खिलाड़ी द्वारा सबसे अधिक है, जबकि 17 वर्षीय आयुषी 14 विकेट लेकर दूसरे स्थान पर रहीं। दक्षिण अफ्रीका, जो दो साल पहले सुपर सिक्स चरण से आगे बढ़ने में विफल रहा था, की दो खिलाड़ियों को नामित किया है। 11 विकेट लेने के बाद कायला रेनेके को टीम का कप्तान बनाया गया है, जबकि जेम्मा बोथा - जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में 24 गेंदों पर 37 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली थी - को त्रिशा के साथ ओपनिंग के लिए चुना गया है। तेज गेंदबाज नथाबिसेंग निनी को 12वें खिलाड़ी के रूप में चुना गया है।

## कुलदीप सेन पंजाब किंग्स से जुड़ने पर उत्साहित



**एजेंसी**
**नयी दिल्ली :** पंजाब किंग्स की टीम में शामिल हुए नए खिलाड़ी कुलदीप सेन, जो आईपीएल 2025 की नीलामी में फ्रैंचाइज में शामिल हुए थे, इस चुनौती से उत्साहित हैं और इस सीजन को अपने और टीम के लिए यादगार बनाना चाहते हैं। बचपन से ही क्रिकेट के दीवाने सेन ने 15 साल की छोटी उम्र में ही इस खेल को खेलना शुरू कर दिया था।उनकी प्रतिबद्धता और धैर्य ने उन्हें 2022 में भारत के लिए अपना वनडे डेब्यू करने में मदद की। हालाँकि, शुरूआती प्रशिक्षण के दिनों में, उनकी माँ के अलावा उनके परिवार में किसी को भी नहीं पता था कि वह क्रिकेट खेलते हैं क्योंकि उनके पिता को यह खेल कभी पसंद नहीं था। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने फ्रेंजाइजी द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में कहा, मेरे परिवार में कोई भी क्रिकेट के बारे में ज्यादा नहीं जानता था। चूंकि मैं एक मध्यम वर्गीय परिवार से आता हूं, इसलिए उन्हें क्रिकेट खेलने, कहां प्रशिक्षण लेना चाहिए आदि के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं थी। सभी को क्रिकेट देखना पसंद था, लेकिन मेरे पिता को यह बिल्कुल पसंद नहीं था। उन्होंने मेरे खेलने के बाद ही क्रिकेट देखना शुरू किया; अन्यथा, वे प्रशंसक नहीं होते। जब मैंने क्रिकेट खेलना शुरू किया, तो मेरे परिवार में मेरी मां के अलावा किसी को भी इसके बारे में पता नहीं था। शुरूआती सालों में आर्थिक तंगी ने कुलदीप के संघर्ष को और बढ़ा दिया; 2019 में घरेलू क्रिकेट के लिए मध्य प्रदेश की टीम में उनके चयन ने न केवल उनके पिता का समर्थन प्राप्त किया, बल्कि उन्हें वित्तीय मदद भी की। तब से, उन्होंने 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ भारत के लिए अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण भी किया है। भारत के लिए बुलाए जाने के अपने पल को याद करते हुए, सेन ने कहा, जब मुझे भारत के लिए बुलाया गया, तब मैं एनसीए में था। मुझे नहीं पता था कि मेरा चयन होने वाला है। राजस्थान रॉयल्स में मेरे दोस्त ने मुझे फोन किया और बताया कि मेरा चयन हो गया है। मैं उस समय सो रहा था और मुझे अपने कॉल-अप के बारे में पता नहीं था। बांग्लादेश के खिलाफ मैच से एक रात पहले मैं सो नहीं सका...मैं मैच खेलने के लिए बहुत उत्साहित भी था। देश के लिए खेलना अभी भी मेरे लिए सबसे अच्छी बात है, और मैं इसे कभी नहीं भूलूंगा।

## सैमसन रोहित और यशस्वी के क्लब में हुए शामिल



**एजेंसी**
**मुम्बई :** भारतीय क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टी20 मैच में केवल 16 रन बनाकर भी एक रिकार्ड अपने नाम कर गये। इसी के साथ ही सैमसन पहली गेंद पर छक्का मारने वाले तीसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। इससे पहले कप्तान रोहित शर्मा और राजस्थान रॉयल्स के यशस्वी जायसवाल ने ही पहली गेंद पर छक्का लगाया था। सैमसन ने पूरी सीरीज में परेशान करने वाले आर्चर को पहली गेंद पर छक्का मारा। वहीं आर्चर ने लगातार अपनी बाउंसर से सीरीज के पिछले 4 मैच में सैमसन को परेशान रखा था। इस बार उन्हें पहली गेंद पर बाउंसर डालना भारी पड़ा। सैमसन ने गेंद को हवा में उछल दिय जो सीधे बाउंड्री से बाहर चली गयी। रोहित ने इससे हपले 2021 में नरेंद्र मोदी स्टेडियम में इंग्लिश स्पिनर आदिल रशीद के खिलाफ पहली ही गेंद पर छक्का लगाया था जबकि यशस्वी ने पिछले साल हरारे में सिकंदर रजा के खिलाफ छक्का लगाया था।

## महिला फुटबॉल में हरियाणा, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और दिल्ली का दबदबा



**एजेंसी**
**हल्द्वानी :** राष्ट्रीय खेल 2024 के तहत रविवार को महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में कड़ी टक्कर देखने को मिली, जहां टीमें अपने-अपने पूल में दबदबा बनाने के लिए संघर्ष कर रही हैं। शुरूआती मुकाबलों में हरियाणा, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और दिल्ली ने जीत दर्ज कर अपने इरादे स्पष्ट कर दिए।

**हरियाणा की धमाकेदार जीत**

**पूल** ए के तहत खेले गए मुकाबले में हरियाणा ने तमिलनाडु के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए 7-0 की शानदार जीत दर्ज की। टीम ने शुरू से ही आक्रामक खेल दिखाया और विरोधियों को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। इसी पूल के एक अन्य मुकाबले में ओडिशा ने सिक्किम को 5-1 से हराकर अपनी ताकत का प्रदर्शन किया।

**पश्चिम बंगाल और दिल्ली की प्रभावी शुरूआत**

**पूल** बी के मुकाबलों में पश्चिम बंगाल ने मेजबान उत्तराखंड को 2-0 से हराया। पूरे खेल के दौरान पश्चिम बंगाल की टीम ने नियंत्रण बनाए रखा और अपने विरोधी को हावी होने का मौका नहीं दिया। दूसरी ओर, दिल्ली ने एक कड़े मुकाबले में मणिपुर को 2-1 से मात देकर शानदार शुरूआत की।

## रांची ने वेस्ट सिंहभूम को 09 विकेट से हराया




**रांची :** रांची के जेएससीए ओवल ग्राउंड में खेले जा रहे जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 19 एलीट ग्रुप के सुपर लीग के मुकाबले में रांची ने वेस्ट सिंहभूम को 9 विकेट से हरा दिया पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्ट सिंहभूम की पूरी टीम 27.1 ओवरों में 78 रन पर सिमट गई । डेविड सागर ने 27 रन बनाए रांची की तरफ से योगेश भास्कर ने 3 और प्रशांत सुमन ने 4 विकेट प्राप्त किए । जवाब में रांची ने 12.4 ओवरों में 1 विकेट खोकर 79 रन बनाकर मैच जीत लिया वत्सल तिवारी ने 32 और अमन कुमार ने 26 रन बनाए । श्याम को 1 विकेट प्राप्त हुआ । रांची के योगेश भास्कर को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया

# महिला वॉलीबॉल वर्ग में केरल ने जीता स्वर्ण



**एजेंसी**
**देहरादून :** 38वें राष्ट्रीय खेलों की वॉलीबॉल प्रतियोगिता का रविवार को शिवालिक हॉल, रुद्रपुर में समापन हो गया। पांच दिनों के कड़े मुकाबलों के बाद पुरुषों के फाइनल में, सर्विसेज ने केरल को 3-1 से हराकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि महिलाओं के फाइनल में, केरल ने रोमांचक मुकाबले में तमिलनाडु को 3-2 से हराकर चैंपियनशिप हासिल की।

**पुरुष वर्ग**

**पुरुषों** के फाइनल में, सर्विसेज ने केरल पर 3-1 से जीत दर्ज की। सर्विसेज ने पहले दो सेटों में अपना दबदबा बनाते हुए 25-20 और 25-22 से जीत हासिल की। हालांकि, केरला ने तीसरे सेट में जोरदार वापसी करते हुए 25-19 से जीत दर्ज की। चौथे सेट में जबरदस्त संघर्ष देखने को मिला और सर्विसेज ने इसे 28-26 से जीतकर खिताब अपने नाम कर लिया। कांस्य पदक के मुकाबले में तमिलनाडु ने उत्तराखंड को 3-0 से हराया। तमिलनाडु ने 25-22, 25-16 और 25-20 के स्कोर के साथ तीनों सेट जीतकर तीसरा स्थान हासिल किया।

**महिला वर्ग**

**महिलाओं** के फाइनल में केरल और तमिलनाडु के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। केरल ने पहला सेट 25-19 से जीता, लेकिन तमिलनाडु ने वापसी करते हुए अगले दो सेट 25-22, 25-22 से जीतकर बढ़त बना ली। केरल ने चौथे सेट में अविश्वसनीय वापसी करते हुए 25-14 से शानदार जीत हासिल की और पांचवें सेट को निर्णायक रूप से अपने नाम किया। इसके बाद केरल ने अंतिम सेट में 15-7 से जीत हासिल कर मैच 3-2 से अपने नाम कर स्वर्ण हासिल किया। महिलाओं के कांस्य पदक मैच में, राजस्थान ने चंडीगढ़ को 3-0 से हराया। मैच में राजस्थान का दबदबा रहा और उसने तीनों सेट 25-18, 25-15 और 25-20 से जीतकर कांस्य पदक अपने नाम किया। इस प्रकार, 38वें राष्ट्रीय खेलों की वॉलीबॉल प्रतियोगिता में, सर्विसेज ने पुरुष वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि महिला वर्ग में केरल चैंपियन बनकर उभरा।



जर्मनी में बुंदेलशगा लीग फुटबॉल में खेलते बेयर्न और लेवरकुशन के खिलाड़ी।

## एक झलक

### मौद्रिक नीति समिति रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कर सकती है कटौती

**नयी दिल्ली** : रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में इस हफ्ते होने वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती होने की संभावना है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 में आरबीआई की तीन दिवसीय द्विमासिक एमपीसी बैठक 5 से 7 फरवरी तक चलेगी। गवर्नर संजय मल्होत्रा 7 फरवरी को बैठक के नतीजे का ऐलान करेंगे। वित्त सचिव तुहिन कांता पांडे ने एक दिन पहले रविवार को जारी एक बयान में कहा कि यह समय ब्याज दरों में कटौती के लिए सही है। उन्होंने कहा कि सरकार राजकोषीय नीति के साथ ही विकास को बढ़ावा देने के लिए काम कर रही है, जबकि महंगाई में घरेलू और बाहरी स्तर पर गिरावट आई है।

**क्या होता है रेपो रेट**

रेपो रेट वह ब्याज दर है, जिस पर रिजर्व बैंक अन्य बैंको को कर्ज देता है। इस दर में कटौती होने से बैंकों को सस्ता कर्ज मिलता है, जिससे होम लोन, कार लोन और पर्सनल लोन की दरें भी घटती हैं। रेपो रेट की दर फरवरी, 2023 से 6.50 फीसदी पर यथावत बनी हुई है। रिजर्व बैंक यदि इस बार 0.25 फीसदी की कटौती करता है, तो यह 6.25 फीसदी हो जायेगी।

### भारतीय रुपया 67 पैसा लुढ़क कर 87.29 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर

**नयी दिल्ली** : बजट के बाद हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को शुरूआती कारोबार में भारतीय मुद्रा रुपया में गिरावट देखने को मिल रहा है। रुपया 67 पैसे की गिरावट के साथ 87.29 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंच गया है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.00 प्रति डॉलर पर खुला और शुरूआती कारोबार के बाद भारतीय रुपया 67 पैसे की गिरावट के साथ डॉलर के मुकाबले 87.29 पर आ गया। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति दशार्ने वाला डॉलर सूचकांक 1.30 फीसदी की बढ़त के साथ 109.77 पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों का कहना है कि विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी तथा तेल आयातकों की ओर से डॉलर की निरंतर मांग के कारण विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा की व्यापक मजबूती से रुपये पर दबाव जारी है। कारोबारियों का कहना है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कनाडा, मेक्सिको और चीन पर शुल्क लगाने संबंधी आदेश पर हस्ताक्षर के बाद व्यापार संघर्ष की आशंकाओं के बीच रुपया में यह गिरावट आई है।

### गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

**नयी दिल्ली** : अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अपने कुछ व्यापारिक साझेदारों पर शुल्क लगाने और कमजोर वैश्विक रुझानों का असर सोमवार को हफ्ते के पहले कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार पर भी दिखा। यही कारण रहा कि दोनों प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी गिरावट के साथ बंद हुए। इसके साथ ही सेंसेक्स में पिछले पांच कारोबारी दिनों से जारी तेजी थम गई। कारोबार के अंत में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 319.22 अंक यानी 0.41 फीसदी टूट कर 77,186.74 के स्तर पर बंद हुआ।

# रिलायंस डिजिटल 30 मिनट में डिलीवर करेगा सैमसंग गैलेक्सी एस25 सीरीज

**नयी दिल्ली** : भारत की अग्रणी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन, रिलायंस डिजिटल, 4 फरवरी 2025 को लॉन्च होने वाले सभी नए सैमसंग गैलेक्सी एस25 सीरीज फोन के लिए बिजली की गति से 30 मिनट की डिलीवरी की पेशकश कर रही है। www.reliancedigital.in के माध्यम से ऑर्डर करने वाले ग्राहक अब भारत भर में 650 से अधिक स्टोर्स के अपने विशाल नेटवर्क का लाभ उठाते हुए उसी दिन अपने डिवाइस प्राप्त कर सकते हैं।




इससे यह सुनिश्चित होता है कि सैमसंग के प्रशंसकों को अब अत्याधुनिक तकनीक का अनुभव करने के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा। निर्बाध पूर्ति प्रक्रिया कंपनी की गहन ओमनीचैनल क्षमताओं द्वारा संचालित होती है, जो कुशल अंतिम-मील डिलीवरी सुनिश्चित करती है।

ग्राहक चुनिंदा शहरों में www.reliancedigital.in पर अपना ऑर्डर देकर, चेकआउट के समय 'सबसे तेज डिलीवरी' विकल्प चुनकर और 30 मिनट के भीतर परेशानी मुक्त डोरस्टेप डिलीवरी का आनंद लेकर इस सेवा का लाभ उठा सकते हैं। यह सेवा स्टोर की उपलब्धता और स्थान की निकटता पर निर्भर करती है। रिलायंस डिजिटल के साथ अगले स्तर की गति का अनुभव करें - अपना सैमसंग गैलेक्सी S25 केवल 30 मिनट में प्राप्त करें।

**रिलायंस डिजिटल के बारे में**

**रिलायंस** डिजिटल भारत का सबसे बड़ा इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर है जिसकी उपस्थिति 800 से अधिक शहरों में है, जिसमें 610+ बड़े फॉर्मेट वाले रिलायंस डिजिटल स्टोर और 1800+ माय जियो स्टोर हैं, जो देश के हर नुक्कड़ पर ग्राहकों की सेवा करते हुए सभी के लिए नवीनतम तकनीक सुलभ बनाते हैं। 300 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय ब्रांडों और सर्वोत्तम मूल्यों पर 5000 से अधिक उत्पादों के साथ, रिलायंस डिजिटल के पास ग्राहकों को उनकी जीवनशैली के लिए सही तकनीकी समाधान खोजने में मदद करने के लिए मॉडलों का सबसे बड़ा चयन है। रिलायंस डिजिटल में, हर स्टोर में प्रशिक्षित और अच्छी तरह से सूचित कर्मचारी हमेशा ग्राहकों को प्रत्येक उत्पाद के बारे में हर विवरण के बारे में सलाह देने में खुश होते हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि रिलायंस डिजिटल अपने सभी उत्पादों के लिए बिक्री के बाद की सेवा प्रदान करता है।

खरीदारी में आसानी के लिए उपभोक्ता किसी भी रिलायंस डिजिटल स्टोर पर जा सकते हैं या www.reliancedigital.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए www.reliancedigital.in पर लॉग ऑन करें।

## कोयला उत्पादन में तेजी, कैप्टिव, वाणिज्यिक खदानों का मजबूत योगदान

**नयी दिल्ली** : देश का कोयला क्षेत्र मजबूती के साथ विकास के मार्ग पर अग्रसर है। अप्रैल 2024 से जनवरी 2025 के दौरान उत्पादन और ढुलाई दोनों में निरंतर वृद्धि हुई है। ये आंकड़े निरंतर ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने में इस क्षेत्र के मजबूत प्रदर्शन को रेखांकित करते हैं। कोयला मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में बताया कि जनवरी 2025 में कुल कोयला उत्पादन 104.43 मीट्रिक टन तक पहुंच गया है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान दर्ज 100.05 मीट्रिक टन से 4.38 प्रतिशत अधिक है। जनवरी 2025 के लिए कैप्टिव, वाणिज्यिक और अन्य संस्थाओं का योगदान विशेष रूप से मजबूत रहा है। इसका उत्पादन बढ़कर 19.68 मीट्रिक टन हो गया जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 15.01 मीट्रिक टन से 31.07 फीसदी अधिक है। बयान के मुताबिक जनवरी 2025 तक संचयी कोयला उत्पादन 830.66 मीट्रिक टन तक पहुंच गया है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान दर्ज 784.51 मीट्रिक टन से 5.88 फीसदी अधिक है। इसी तरह कोयला ढुलाई भी इस वृद्धि के अनुरूप रहा। जनवरी 2025 के दौरान कुल कोयला प्रेषण 92.40 मीट्रिक टन रहा जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 86.92 मीट्रिक टन से 6.31 फीसदी अधिक है। जनवरी 2025 में कैप्टिव और अन्य संस्थाओं से कोयला ढुलाई में भी उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि में 13.64 मीट्रिक टन की तुलना में उछल कर 17.72 मीट्रिक टन तक पहुंच गया है, जो 29.94 फीसदी की वृद्धि दशार्ता है। इसके साथ ही जनवरी 2025 तक संचयी कोयला ढुलाई बढ़कर 843.75 मीट्रिक टन हो गया है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान दर्ज 798.02 मीट्रिक टन से 5.73 फीसदी की वृद्धि दर्शाता है।

## पीडब्लूएनसैट ने विद्यार्थियों की सफलता के सम्मान में 2.2 करोड़ से अधिक के कैश पुरस्कार किये वितरित

**रांची** : एजुकेशन प्लेटफॉर्म, फिजिक्सवाला (पीडब्लू) ने पूरे देश में आयोजित नेशनल स्कॉलरशिप एडमिशन टेस्ट (पीडब्लूएनसैट) 2024 में सबसे अच्छे अंक प्राप्त करने वाले 1,581 विद्यार्थियों को सम्मानित किया है। अकेले रांची में पीडब्लू ने 33 विद्यार्थियों को सम्मानित किया है। शिक्षा प्राप्त करना आसान बनाने के लिए पीडब्लू ने इस पुरस्कार समारोह में विद्यार्थियों को 2.2 करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार वितरित करके उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों को सम्मानित किया। देश में स्कॉलरशिप के लिए एक महत्वपूर्ण टेस्ट, पीडब्लूएनसैट में पूरे देश से 15.5 लाख विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था। 250 करोड़ रुपये के पीडब्लूएनसैट 2024 स्कॉलरशिप फंड द्वारा पीडब्लू का उद्देश्य विद्यार्थियों को ट्यूशन फीस की फिक्र किए बगैर कोचिंग प्राप्त करने में समर्थ बनाना है। पीडब्लूएनसैट 2024 का उद्देश्य जेईई और नीट प्रत्याशियों को फैकल्टी, संसाधन और अध्ययन का वातावरण प्रदान करना है। यह स्कॉलरशिप प्रोग्राम वित्तीय सहायता के अलावा, रहने की व्यवस्था में सहयोग और मेंटरशिप भी उपलब्ध करायेगा ताकि प्रतिभाशाली विद्यार्थी अपने शैक्षणिक उद्देश्य प्राप्त कर सकें। इस साल, 5 लाख से अधिक विद्यार्थियों को कम से कम 50 प्रतिशत की स्कॉलरशिप मिली। पीडब्लू के फाउंडर एवं सीईओ, अलख पांडे ने कहा, हमने शिक्षा को किफायती बनाने और सभी तक पहुंचाने के सरल से लक्ष्य के साथ इसकी शुरुआत की थी।




## सोना और चांदी की फीकी पड़ी चमक

**नयी दिल्ली** : सर्राफा बाजार में गिरावट का रुख नजर आ रहा है। कीमत में आई इस गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 84,480 रुपये से लेकर 84,630 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 77,440 रुपये से लेकर 77,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी आज गिरावट आने की वजह से ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 99,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गयी है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 84,630 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 77,590 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 84,480 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 77,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## किआ सिरोस ने 8.99 लाख रुपये में पेश किया एक नया एसयूवी सेगमेंट

**नयी दिल्ली** : किआ इंडिया, प्रीमियम गाड़ियां बनाने वाली एक प्रमुख कंपनी, ने अपनी नई किआ सिरोस को लॉन्च किया है। यह मिड और कॉम्पैक्ट एसयूवी कैटेगरी के बीच एक नया सेगमेंट पेश करता है। इसकी कीमत 8.99 लाख रुपये रखी गई है। किआ सिरोस का डिजाइन अपने प्रीमियम मॉडल्स एव9 और कार्निवल से प्रेरित है, जिसमें अत्याधुनिक तकनीक, प्रीमियम कम्फर्ट और बोल्ड डिजाइन का बेहतरीन संयोजन देखने को मिलता है। यह भारतीय उपभोक्ताओं के लिए एक बेहतरीन विकल्प साबित हो सकता है।



**असाधारण टेक्नोलॉजी और स्मार्ट कनेक्टिविटी**

**किआ** सिरोस में असाधारण तकनीक और स्मार्ट कनेक्टिविटी का खास ध्यान रखा गया है। इस सेगमेंट में पहली बार ओवर-द-एयर सॉफ्टवेयर अपडेट सिस्टम पेश किया गया है, जो 16 कंट्रोलर्स के ऑटोमैटिक अपडेट की अनुमति देता है। इसके लिए डीलरशिप पर जाने की जरूरत नहीं होती, जो आमतौर पर लग्जरी वाहनों में देखा जाता है। किआ कनेक्ट 2.0 सिस्टम में 80 से अधिक फीचर्स दिए गए हैं, जो शानदार कनेक्टिविटी और इंटेलिजेंट व्हीकल मैनेजमेंट के जरिए गाड़ी चलाने का अनुभव और भी बेहतर बनाते हैं। इसके साथ ही, किआ कनेक्ट डायग्नोसिस फीचर भी मौजूद है, जो यूजर्स को अपने वाहन की स्थिति को दूर से ही जांचने की सुविधा देता है। साथ ही, किआ एडवांस्ड टोटल केयर ग्राहकों को टायर बदलने और रखरखाव जैसी सेवाओं के बारे में पहले से अलर्ट करता है, जिससे गाड़ी की ओनरशिप का अनुभव बिना किसी चिंता के और भी सुखद बन जाता है।

**जबर्दस्त कम्फर्ट एवं स्पेशियस इंटीरियर्स**

**किआ** सिरोस में शानदार कम्फर्ट और स्पेशियस इंटीरियर्स दिए गए हैं। इसकी लंबाई 2550 एमएम है, जो यात्रियों के लिए अधिक से अधिक आरामदायक जगह बनाती है। इसमें 76.2 सेंटीमीटर (30) का पैनोरैमिक डिस्प्ले पैनल है, जो कार के नैविगेशन को कंट्रोल करने के लिए एक डिजिटल इंटरफेस के रूप में काम करता है।

किआ सिरोस के कम्फर्ट फीचर्स में शामिल हैं:

एक 5-इंच का क्लाइमेट कंट्रोल डिस्प्ले, जिससे आप तापमान सेटिंग्स को जल्दी और आसानी से बदल सकते हैं।

वायरलेस एप्पल कारप्ले और एंड्रॉयड ऑटो, साथ ही बेहतरीन साउंड अनुभव के लिए हार्मन कार्डन का 8-स्पीकर साउंड सिस्टम।

रियर सीट वेंटिलेशन, जो पीछे बैठने वालों के लिए भी शानदार आराम देता है। स्लाइडिंग और रिक्लाइनिंग 60:40 स्प्लिट रियर सीट्स, जो ज्यादा लचीलापन और बेहतर कम्फर्ट देती हैं।

ड्युअल-पेन पैनोरैमिक सनरूफ, जो कार के भीतर ताजगी और खुलेपन का अहसास कराता है।

**सुरक्षा एवं प्रदर्शन**

**किआ** सिरोस सुरक्षा और प्रदर्शन दोनों में बेहतरीन है।

## ओला इलेक्ट्रिक ने अपने एस1 पोर्टफोलियो को जेन 3 में किया विकसित



**जमशेदपुर** : भारत की सबसे बड़ी प्योर-प्ले ईवी कंपनी, ओला इलेक्ट्रिक ने अपने एस1 जेन 3 पोर्टफोलियो का लॉन्च करके इलेक्ट्रिक वाहन की टेक्नोलॉजी को नैक्स्ट लेवल में पहुँचा दिया है। ये इलेक्ट्रिक स्कूटर एडवांस्ड जेन 3 प्लेटफॉर्म पर बने हैं। इस नए पोर्टफोलियो में एस1 एक्स (2 किलोवाट-घंटा) का मूल्य 79,999 रुपये से शुरू होता है। पोर्टफोलियो का सबसे महंगा सकूटर एस1 प्रो प्लस 5.3 (किलोवाट-घंटा) 1,69,999 रुपये (इंट्रोडक्टरी मूल्य) में मिलेगा। जेन 3 पोर्टफोलियो में सबसे ज्यादा चर्चा में फ्लैगशिप एस1 प्रो+ 5.3 किलोवाट-घंटा (4680 भारत सैल के साथ) और 4 किलोवाट-घंटा हैं, जिनके मूल्य क्रमशः 1,69,999 रुपये और 1,54,999 रुपये हैं। एस1 प्रो 4 किलोवाट-घंटा और 3 किलोवाट-घंटा बैटरी विकल्पों में क्रमशः 1,34,999 और 1,14,999 रुपये में उपलब्ध है। ओला इलेक्ट्रिक के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, भाविश अग्रवाल ने कहा, हमारे पहले जनरेशन के स्कूटर्स के साथ हमने ग्राहकों को एक एस्पायरेशनल इलेक्ट्रिक स्कूटर पेश किया था, जिसने देश में एक मुहिम छेड़ दी। दूसरी जनरेशन के स्कूटरों को हमने ज्यादा स्मार्ट बनाया और अपने पोर्टफोलियो का विस्तार किया, जिसके साथ हर भारतीय को अलग-अलग मूल्य वर्ग में स्कूटर मिल सके। आज हम जेन 3 पेश कर रहे हैं।

## 'मैं दिल तुम धड़कन' के एपिसोड ने दिलायी बोरवेल ट्रेजेडी की याद



**मुंबई** : शेमारू उमंग के शो 'मैं दिल तुम धड़कन' ने हाल ही में ऐसा ही एक मार्मिक सीन प्रस्तुत किया, इस कहानी में, नन्हें कान्हा को पंकज एक खुले बोरवेल में धक्का दे देता है। ऐसा करके वह वृंदा से बदला लेना चाहता है। जहां कान्हा के माता-पिता, वृंदा और केशव, भय, बेबसी और दर्द से जूझते नजर आते हैं। इस बीच, रेस्क्यू टीम पूरी ताकत झोंक देती है, ताकि मासूम कान्हा को सुरक्षित बाहर निकाला जा सके। इस भावुक सीन में राधिका मुथुकुमार ने कहा, इस सीन में भावनाएं स्वाभाविक रूप से उमड़ आईं। कविश के साथ काम करते हुए मुझे लगभग दो महीने हो चुके हैं और अब वह मुझे सेट पर अपने ही बेटे जैसा लगता है। जब मुझे इस सीन के बारे में पता चला, तो मैंने इस पर खूब रिसर्च की और ऐसे हादसों से गुजरे माता-पिता और ग्रामीणों के इंटरव्यू देखे। जो परिवार ऐसी घटनाओं से गुजरते हैं, उनके दर्द को महसूस कर पाना भी हमारे लिए संभव नहीं है। ऐसे संकट के समय परिवारों की अटूट हिम्मत और संघर्ष की याद भी दिला दी। जब रेस्क्यू टीम पूरी मेहनत से कान्हा को बचाने की कोशिश कर रही होती है, तब वृंदा और केशव भी अपने बेटे को वापस लाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ते।

# रिलायंस कर रहा है महाकुम्भ में लाखों तीर्थयात्रियों की सेवा

- हर रोज हजारों को परोसा जा रहा है मुफ्त भोजन
- मुफ्त ओपीडी की भी व्यवस्था की गयी है
- जियो दे रहा है महाकुम्भ क्षेत्र में मजबूत कनेक्टिविटी



**प्रयागराज** : देश के सबसे बड़े उद्योगपति मुकेश अंबानी की कम्पनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड महाकुंभ में रोजाना लाखों तीर्थयात्रियों की सेवा में जुटी है। रिलायंस तीर्थयात्रियों को पौष्टिक भोजन, आवश्यक स्वास्थ्य सेवा, सुरक्षित परिवहन और कनेक्टिविटी जैसी कई सेवाएं दे रहा है। 'तीर्थ यात्री सेवा' के माध्यम से, रिलायंस यात्रा को सुरक्षित, आरामदायक और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध बनाने की कोशिश कर रहा है। कम्पनी के मुताबिक 08 तरह से तीर्थयात्रियों की सेवा की जा रही है। इनमें सबसे बड़ा है अन्न सेवा, जिसके तहत हर दिन हजारों यात्रियों को खाना परोसा जा रहा है। रिलायंस के स्वयंसेवक विभिन्न अखाड़ों में मुफ्त भोजन और पानी परोस रहे हैं। रिलायंस फाउंडेशन पुरुषों और महिलाओं के लिए वार्ड, ओपीडी और दंत चिकित्सा सेवा जैसी 24x7 सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है। महिलाओं को मुफ्त सैनिटरी नैपकिन भी वितरित किये जा रहे हैं। इसके अलावा यात्रा को सुगम व सुरक्षित बनाने के भी कई प्रयास किये जा रहे हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के निदेशक अनंत अंबानी ने कहा, ऐसा कहा जाता है कि जब हम तीर्थयात्रियों की सेवा करते हैं, तो हमें भी आशीर्वाद मिलता है। सहस्त्राब्दी में एक बार होनेवाले इस आयोजन में, तीर्थयात्रियों को हमारी सेवाओं का उद्देश्य उनकी जरूरतों को पूरा करने में मदद करना है। हम अपने 'वी केयर' दर्शन में विश्वास करते हैं। दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक और सांस्कृतिक समागम महाकुम्भ में, लाखों तीर्थयात्रियों के स्वास्थ्य, कल्याण और सुरक्षा को बेहतर बनाने और उनकी यात्रा को सुरक्षित और आसान बनाने और उनकी सेवा करने का हमें मौका मिला है। रिलायंस जियो भी प्रयागराज में मजबूत कनेक्टिविटी प्रदान कर रहा है। नये 4G और 5G BTS लगाये गये हैं। बुनियादी ढांचे को अपग्रेड करने के साथ साथ, महत्त्वपूर्ण स्थानों पर टावर और छोटे सेल तैनात किये गये हैं। सभी के लिए निर्बाध संचार सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख क्षेत्रों में नये ऑप्टिकल फाइबर भी बिछाये गये हैं। रिलायंस अधिक से अधिक तीर्थयात्रियों तक पहुंचने के लिए शारदा पीठ मठ ट्रस्ट द्वारका, शंकराचार्य उत्सव सेवालय फाउंडेशन, निरंजनी अखाड़ा, प्रभु प्रेमी संघ चैरिटेबल ट्रस्ट और परमार्थ निकेतन आश्रम सहित प्रसिद्ध आध्यात्मिक संगठनों के साथ मिल कर सेवाकार्य कर रहा है।

## पेज एक के शेष

**राज्य में स्टार्टअप को बढ़ावा ...**

**ऑनलाइन आइडिया प्राप्त करने के लिए बनाया गया है डिजिटल प्लेटफॉर्म**

**इस** पॉलिसी के तहत ऑनलाइन डिजिटल प्लेटफॉर्म बनाया गया है। इसका URL http://abvil.jharkhand.gov.in है। इसके माध्यम से नयी स्टार्टअप आइडिया को एप्लीकेंट द्वारा ऑनलाइन प्राप्त किया जायेगा तथा विभाग द्वारा स्टेट इवैल्यूएशन बोर्ड की बैठक बुला कर स्टार्टअप की चयन प्रक्रिया 04 फरवरी 2025 से प्रारम्भ की जायेगी।

**2028 तक राज्य में 01 हजार स्टार्टअप विकसित करने का लक्ष्य**

**मुख्यमंत्री** हेमन्त सोरेन ने पुरानी स्टार्टअप पॉलिसी 2016 को रद्द करते हुए 07 दिसम्बर 2023 को नयी पॉलिसी(नयी झारखंड स्टार्टअप नीति 2023) को स्वीकृति दी। कैबिनेट की स्वीकृति के बाद सूचना तकनीक एवं ई-गवर्नेंस विभाग ने इसे अधिसूचित कर दिया है। इसी के साथ 2016 में लागू नीति रद्द कर दी गयी है। नयी स्टार्टअप पॉलिसी अगले पांच साल के लिए लागू की गयी है। इस दौरान (साल 2028 तक) राज्य में कम से कम एक हजार स्टार्टअप को विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। इस अवधि तक राज्य में अनुकूल इकोसिस्टम तैयार कर अग्रणी 10 राज्यों में झारखंड को सम्मिलित करने का लक्ष्य रखा गया है।

**महिलाओं को सशक्त बना रही राज्य सरकार : मुख्यमंत्री...**

के साथ 'मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना' के माध्यम से राज्य में महिलाओं को सशक्त बनाने का कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा, 'हमारी सरकार ने जो भी वादे किये, उन सभी वादों को पूरा करते हुए राज्य को सकारात्मक दिशा की ओर ले जाने का कार्य हो रहा है।

**विधानसभा चुनाव से पहले महाराष्ट्र में जोड़े गये हिमाचल जितने मतदाता...**

राहुल गांधी ने कहा कि इसमें कुछ नया नहीं था। उन्हीं बातों को दोहराया गया है, जिन्हें पहले भी कहा जाता रहा है। राहुल ने चुनाव आयोग की चयन प्रक्रिया पर सवाल खड़े किये और कहा कि आनेवाले दिनों में चुनाव आयुक्त को तय किया जाना है और उन्हें लगता कि वह केवल समिति की बैठक में भाग ही ले पायेंगे, भागीदारी नहीं कर पायेंगे। उन्होंने कहा कि वह आरोप नहीं लगा रहे, सिर्फ सवाल पूछ रहे हैं और मांग कर रहे हैं कि चुनाव आयोग लोकसभा और विधानसभा चुनावों की मतदाता सूची प्रदान करे। उन्हें लगता है कि ज्यादातर मतदाता उन क्षेत्रों में जोड़े गये, जहां भाजपा हारती रही है।

राहुल ने अपने भाषण की शुरुआत में वैज्ञानिक प्रगति का विषय उठाया और कहा कि इस देश का भविष्य भारत के युवा तय करेंगे। आनेवाले समय में बैटरी, इलेक्ट्रिक मोटर और ऑपटिक्स जैसे क्षेत्रों में रिवोल्यूशन ला रहे हैं। इससे दुनिया बदल रही है। इसका भागीदार बनने के लिए देश में इनका बड़े स्तर पर उत्पादन होना चाहिए। चीन इस मामले में हमसे आगे है।

उन्होंने कृत्रिम मेधा (एआई) का विषय भी उठाया और कहा कि एआई के लिए डाटा की आवश्यकता है। हमारे पास डेटा नहीं है। ज्यादार सोशल मीडिया कम्पनियां अमेरिकी हैं और सारा डेटा उन्हीं के पास है। हमें एआई में आगे बढ़ने के लिए डेटा की आवश्यता है। राहुल ने डेटा का विषय जातीय जनगणना से भी जोड़ा और सरकार पर निशाना साधा। राहुल ने कहा कि तेलंगाना का जातीय सर्वे बताता है कि वहां 90 प्रतिशत दलित, आदिवासी और अल्पसंख्यक हैं। भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए हमें डेटा की आवश्यकता है। वे जातीय जनगणना की मांग करते हैं।

**राहुल गांधी का राजनीतिक झूठ राष्ट्र के लिए नुकसानदायक : जयशंकर...**

तौर पर विशेष दूत करते हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने जान-बूझ कर दिसम्बर-2024 में उनकी अमेरिकी यात्रा के बारे में एक झूठ बोला है। वह तत्कालीन बिडेन प्रशासन के विदेश मंत्री और एनएसए से मिलने गये थे। इसके अलावा एक बैठक भी थी। अपने प्रवास के दौरान नये बनने जा रहे एनएसए ने उनसे मुलाकात की।

**बिधूड़ी ने आम आदमी पार्टी पर साधा निशाना...**

मोदी का देश के मध्यमवर्ग को आयकर में दी गयी छूट के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने बताया कि मोदी सरकार ने दिल्ली वासियों के विकास के लिए कई काम किये हैं। दूसरी ओर, आम आदमी पार्टी पर उन्होंने राजधानी के विकास में अड़चन डालने का आरोप लगाया।

बिधूड़ी ने अरविंद केजरीवाल को शीश महल और यमुना के मुद्दे पर घेरा। उन्होंने कहा कि यमुना की सफाई को रोकने का काम किया है। शिक्षा पर उन्होंने कहा कि वादों के बावजूद हालात में सुधार नहीं है। यमुना की सफाई के लिए दिये गये 07 हजार करोड़ का कोई हिसाब नहीं है। मुनाफे में चल रहे दिल्ली जल बोर्ड में हजारों करोड़ का घाटा है। मुख्यमंत्री रहते हुए केजरीवाल ने दिल्लीवालों का नया राशन कार्ड नहीं बनने दिया।

भाजपा सदस्य बिधूड़ी ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दिल्ली में हुए विकास कार्यों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि प्रदूषण से बचाने के लिए दिल्ली के दोनों ओर विशेष कोरिडोर बनाये गये। 'जहां झुग्गी, वहीं मकान' के तहत घर बनाये गये। जाम से बचाने के लिए मथुरा रोड, प्रगति मैदान की टनल बनायी और वंदना पार्क, शहीदों से जुड़ा समर समारक और संसद का भी निर्माण किया गया।

**'त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय' विधेयक लोकसभा में पेश**

**लोकसभा** में सोमवार को 'ग्रामीण प्रबंधन संस्थान, आनंद' (आईआरएमए) को एक विश्वविद्यालय के तौर पर स्थापित करने से जुड़ा विधेयक पेश किया गया। इस विश्वविद्यालय को 'त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय' के तौर पर जाना जायेगा।

केन्द्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने आज लोकसभा में 'त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय, विधेयक-2025' विचार के लिए पेश किया। विधेयक से संस्थान को राष्ट्रीय महत्त्व का दर्जा प्राप्त होगा। विश्वविद्यालय सहकारी क्षेत्र में तकनीकी और प्रबंधन से जुड़ी शिक्षा पर केन्द्रित होगा। इसका उद्देश्य सहकारी क्षेत्र में शोध और विकास, वैश्विक उत्कृष्टता और सहकारी आन्दोलन को मजबूती प्रदान करना है। यह सरकार के 'सहकार से समृद्धि' के विजन का हिस्सा है।

**राज्यसभा में महाकुम्भ त्रासदी पर तत्काल चर्चा से इनकार के बाद विपक्ष ने किया सदन से वॉकआउट...**

सभापति धनखड़ ने नियम 267 के तहत नोटिस के बारे में अपने पहले के निर्णयों का हवाला देते हुए इन नोटिसों को मंजूरी नहीं दी और निर्धारित शून्यकाल के साथ कार्यवाही आगे बढ़ा दी, जिसके दौरान सदस्य अध्यक्ष की अनुमति से मुद्दे उठाते हैं। इन नोटिसों को अस्वीकृत करने के कारण सुबह के सत्र में विपक्षी पार्टी के सांसदों ने जोरदार विरोध किया, जिसमें कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, द्रविड़ मुनेत्र कड़गम, आम आदमी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी-मार्क्सवादी के सांसद शामिल थे। मौनी अमावस्या पर महाकुम्भ में हुई भगदड़ को लेकर सरकार पर नाकामी के आरोप लगाते हुए विपक्ष के कई सांसदों ने नारेबाजी की। महाकुम्भ में इस हादसे में कम से कम 30 लोग मारे गये थे। इसके बाद विपक्षी सदस्यों ने सदन से वॉकआउट कर दिया। हालांकि, सदन में शून्यकाल के उल्लेख जारी रहे।

बाद में संसद भवन में पत्रकारों से बातचीत में सागरिका घोष ने कहा कि कुम्भ में एक नहीं, बल्कि दो स्थानों पर भगदड़ हुई। मृतकों की संख्या और भगदड़ को लेकर सरकार सही आंकड़े नहीं दे रही है। 267 की हमारी नोटिसों पर चर्चा को सभापति ने अनुमति नहीं दी, इसलिए हम लोगों ने विरोध स्वरूप सदन से वॉकआउट किया।

**महाकुम्भ भगदड़ में हुई मौतों पर खड़गे की टिप्पणी को लेकर हंगामा...**

कहा, 'मेरा कहना है कि वहां (महाकुम्भ भगदड़ में) हजारों लोग मारे गये। अगर आप कहते हैं कि मैं गलत हूं, तो कम से कम वहां हुई मौतों की सही संख्या की रिपोर्ट जारी कर दें।' उनके इस बयान पर सत्ता पक्ष के सदस्यों ने हंगामा किया। इस पर खड़गे ने कहा, 'मैंने किसी को दोषी ठहराने के लिए 'हजारों' नहीं कहा, लेकिन कितने लोग मारे गये, कम से कम यह जानकारी तो दें। यह मेरा अंदाजा है, अगर मैं गलत हूं, तो मैं सुधार करने के लिए तैयार हूं। उन्हें (सरकार को) आंकड़ा देना चाहिए कि कितने लोग मारे गये, कितने लापता हैं।' इस पर सभापति जगदीप धनखड़ ने उनसे अपने बयान को वापस लेने का आग्रह किया। सभापति ने कहा, 'विपक्ष के नेता ने हजारों की संख्या में आंकड़े देकर एक परिदृश्य का संकेत दिया है। मैं उनसे अपील करता हूं कि इस सदन में जो भी कहा जाता है, उसका बहुत महत्त्व होता है। आपने कुछ ऐसा कहा है, जिससे सभी स्तब्ध हैं। यहां से पूरी दुनिया में संदेश जाता है, भले ही उसका खंडन हो। क्या आप उस हद तक जा सकते हैं? आप इस देश के एक वरिष्ठ नेता हैं, इस नाते मैं आपसे अपील करूंगा, अगर आप हजारों में आंकड़ा देते हैं, तो मैं केवल आपकी अंतरात्मा से अपील कर सकता हूं।' सभापति के इस आग्रह के बाद खड़गे ने स्पष्ट किया कि उन्होंने किसी को दोषी ठहराने के लिए यह आंकड़ा नहीं बताया।

दरअसल, महाकुम्भ में 29 जनवरी को मौनी अमावस्या पर अमृत स्नान के दौरान भगदड़ मच गयी थी। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उपलब्ध कराये गये आंकड़ों के अनुसार भगदड़ में 30 लोगों की मौत हो गयी और 60 अन्य घायल हो गये।

**महाकुम्भ भगदड़ की घटना पर पर्दा डालने की हो रही कोशिश : जया...**

बच्चन ने आरोप लगाया कि भगदड़ में जान गंवानेवाले लोगों के शवों को नदी में फेंक दिया गया है, जिससे जल प्रदूषित हो गया है।

## एक झलक

### पाकिस्तान में पोलियो विरोधी अभियान शुरू

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने देशव्यापी ह्यपोलियो विरोध अभियानह्ण की शुरूआत की है। इसके साथ ही उन्होंने दक्षिण एशिया से पूरी तरह से पोलियो को मिटाने के लिए अपनी सरकार के संकल्प की पुष्टि की। पोलियो विरोधी अभियान के शुरूआत करने के साथ ही पीएम शहबाज ने कहा कि टीकाकरण अभियान 3 फरवरी से 9 फरवरी तक चलेगा। इस अभियान के तहत लाखों बच्चों को टीका लगाया जाएगा, ताकि उनका भविष्य सुरक्षित किया जा सके।

### चीन के बीआरआई समझौते को आगे नहीं बढ़ायेगा पनामा

**काठमांडू :** अमेरिकी दबाव के बाद पनामा ने चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) से खुद को किनारा करते हुए इसे नवीनीकरण नहीं करने का फैसला किया है। पनामा की तरह अब नेपाल सरकार पर भी बीआरआई से अलग होने का व्यापक दबाव पड़ने लगा है।
पनामा के राष्ट्रपति जोस राउल मुलिनो ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार पनामा नहर पर अमेरिकी नियंत्रण को फिर से लागू करने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की बार-बार धमकियों के बाद चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव में शामिल होने के लिए 2017 के सौदे को नवीनीकृत नहीं करेगी। यह निर्णय मुलिनो और अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो के बीच एक बैठक के बाद आया है। अमेरिका ने पनामा के नेताओं को चेतावनी जारी करते हुए कहा था कि पनामा नहर पर चीनी प्रभाव को तुरंत कम करें या अमेरिका से संभावित प्रतिशोध का सामना करें।

### जापान ने एच3 रॉकेट से नेविगेशन उपग्रह किया लॉन्च

**टोक्यो :** जापान ने अपनी अंतरिक्ष क्षमताओं को और मजबूत करते हुए रविवार को एच3 रॉकेट के माध्यम से एक महत्वपूर्ण नेविगेशन उपग्रह का सफल प्रक्षेपण किया। यह उपग्रह जापान की अधिक सटीक और स्वायत्त स्थान निर्धारण प्रणाली विकसित करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। मिचिबिकी-6 नामक इस उपग्रह को तनेगाशिमा अंतरिक्ष केंद्र से लॉन्च किया गया, जो जापान के दक्षिण-पश्चिमी द्वीप पर स्थित है। जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (खअअ) ने पुष्टि की कि लॉन्च के सभी चरण सफलतापूर्वक पूरे हुए और उपग्रह को सही कक्षा में स्थापित कर दिया गया।

# आप ने दिल्लीवालों के साथ किया धोखा : शाह

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज जंगपुरा विधानसभा क्षेत्र में एक जनसभा में आम आदमी पार्टी पर जमकर हमला बोला। अमित शाह ने कहा कि देशभर में एक ही शिक्षा मंत्री है, जो शराब घोटाला मामले में जेल गया है। शिक्षा मंत्री का काम होता है, बच्चों को शिक्षा देना, स्कूल बनाना, शिक्षकों का कल्याण करना, नए कॉलेज बनाना। ये सब तो कुछ उन्होंने किया नहीं, बल्कि दिल्ली में गली-गली में शराब की दुकानें खोल दी हैं।
जंगपुरा विधानसभा क्षेत्र में एक जनसभा में केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि 10 वर्षों तक अनेक वादे कर केजरीवाल और उनके चट्टे-बट्टों ने दिल्ली को क्या दिया? भ्रष्टाचार दिया, कूड़ा कचरा दिया, जहरीला पानी दिया और तुष्टिकरण दिया। इन्होंने दिल्ली को धोखा दिया है। दिल्लीवाले आप-दा सरकार को 8 फरवरी को झाड़ू लगाकर बाहर फेंकने वाले हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने वादा किया था कि वे यमुनाजी के पानी को साफ करेंगे। केजरीवाल ने तो यमुनाजी को स्वच्छ नहीं किया, लेकिन दिल्ली में भाजपा की सरकार बना दीजिए, तीन साल में हम यमुना रिवर फ्रंट बनाने का काम करेंगे।
उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी वाले कह रहे हैं कि भाजपा आएगी तो सारी गरीब कल्याण की योजनाएं बंद हो जाएंगी, जबकि मोदी ने वादा किया है कि गरीब कल्याण की एक भी योजना बंद नहीं होगी। इसके अलावा दिल्ली की हर गरीब महिला को प्रतिमाह 2,500 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार 500 रुपये में एलपीजी सिलेंडर देगी और होली व दीपावली पर दो सिलेंडर मुफ्त दिये जाएंगे। 10 लाख तक का मुफ्त इलाज दिया जाएगा और हर झुग्गी-झोपड़ी को मालिकाना हक देने का काम किया जाएगा।
केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि भाजपा ने वादा किया था कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाएंगे। केजरीवाल, राहुल बाबा, अखिलेश, ममता इन सभी ने विरोध किया और कहा कि अनुच्छेद 370 हटाओगे तो कश्मीर में खून की नदियां बह जाएंगी।



प्रधानमंत्री मोदी ने 5 अगस्त, 2019 को जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हमेशा के लिए समाप्त कर दिया। खून की नदियां छोड़ो किसी की पत्थर चलाने की भी हिम्मत नहीं हुई। उन्होंने कहा कि भाजपा एक अकेली ऐसी पार्टी है, जो कहती है वो करती है। मोदी की गारंटी मतलब पत्थर पर खींची लकीर।
2014 में भाजपा ने वादा किया था कि हम इस देश से आतंकवाद को समाप्त कर देंगे। 10 साल के अंदर इस देश से आतंकवाद को समाप्त करने का काम प्रधानमंत्री मोदी ने किया है। 31 मार्च, 2026 तक हम इस देश से नक्सलवाद को भी समाप्त कर देंगे।

## दिल्ली में आप सरकार बच्चों को 9वीं कक्षा से आगे पढ़ाई नहीं करने देती : प्रधानमंत्री

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के बीच आज दिल्ली के स्कूली बच्चों से मुलाकात की। बच्चों से बातचीत में प्रधानमंत्री ने आम आदमी पार्टी सरकार पर शिक्षा क्षेत्र में बेईमानी करने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने कहा, मैंने सुना है कि दिल्ली में वे (आम आदमी पार्टी सरकार) बच्चों को 9वीं कक्षा के बाद आगे नहीं जाने देते हैं। केवल उन्हीं बच्चों को आगे जाने दिया जाता है, जिनको पास होने की गारंटी होती है। क्योंकि अगर उनका रिजल्ट खराब आया तो उनकी सरकार की इज्जत खराब हो जाएगी। इसलिए बहुत



## भाजपा सरकार को चुनने के लिए उत्सुक हैं दिल्ली के वोटर : गोयल

**भाजपा** के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि आठ फरवरी को दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने वाली है। दिल्ली के वोटर भाजपा सरकार को चुनने के लिए उत्सुक हैं।
पीयूष गोयल ने प्रदेश भाजपा मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान केंद्र सरकार द्वारा सर्व समाज को आर्थिक मजबूती और एक समावेशी बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि अब आप-दा से दिल्ली को मुक्त होने के लिए चंद घंटे शेष रह गए हैं। इस दौरान दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा भी मौजूद रहे।
प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भाजपा ने अरविंद केजरीवाल के पिछले 10 वर्षों के झूठे वादों, छलावों एवं भ्रष्टाचार के कृत्यों को उजागर करती एक वीडियो भी जारी की। उन्होंने कहा कि दिल्ली को एक ऐसी सरकार मिलने जा रही है जो विकास से प्रेरित हो, लोककल्याण के कार्य ईमानदारी से करे, लोगों को पक्के मकान बनाकर दे और इसके लिए भाजपा सरकार को चुनने के लिए दिल्ली के वोटर उत्सुक हैं।
मिडिल क्लास को तो लगभग टैक्स से मुक्त कर दिया गया है। बजट में अलग-अलग विषयों पर बल दिया गया है और लघु उद्योग को बढ़ावा दिया गया है।
देश का नया बजट अर्थ व्यवस्था को नई दिशा देता है और सभी को विश्वास दिलाता है कि भारत अब रुकने वाला नहीं है और विश्व पटल पर हमारा वर्चस्व बढ़ेगा।
गोयल ने कहा कि ₹आप-दा₹ वालों ने दिल्ली को विकास से वंचित रखा है चाहे वह आयुष्मान योजना हो या गरीबों को प्रधानमंत्री आवास के जरीए पक्के मकान देने की बात हो। उन्होंने कहा कि एक लाख करोड़ रुपये से अधिक के दिल्ली में विकास कार्य करवा कर मोदी जी ने दिखाया है कि उनके दिल में दिल्लीवाले बसे हैं। अब प्रचार के आखिरी पलों में दिल्ली के हर भाजपा प्रत्याशी को जिताने के लिए पार्टी कार्यकर्ता हीं नहीं, लोग भी जमीन पर उतरना शुरू कर चुके हैं। जिस प्रकार से हरियाणा और महाराष्ट्र में भाजपा को लोगों ने आशीर्वाद दिया है अब दिल्लीवाले भी आशीर्वाद देने को तैयार हैं।
केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि मदन लाल खुराना और साहिब सिंह वर्मा के दिनों को एक बार फिर से दिल्ली याद करना चाहती है जब विकास की लहर थी, उसमें जीना चाहती है इसलिए भाजपा को एक बार फिर से मौका देने के लिए दिल्ली तैयार है।
उन्होंने कहा की 5 फरवरी दिल्ली के लोगों के लिए एक स्वर्णिम दिन बनेगा और भाजपा के लिए ऐतिहासिक दिन के रूप में याद रखा जाएगा जब दिल्ली में डबल इंजन की सरकार बनाने के लिए दिल्ली के लोग भाजपा को वोट करेंगे।




## पिछले दस साल में दिल्ली में रोहिंग्या की संख्या बढ़ने में 'आप-दा' की बड़ी भूमिका : भाजपा

- चुपके से दिल्ली में रोहिंग्याओं की संख्या बढ़ना खतरे की सूचक : संबित पात्रा
- जेएनयू की एक रिपोर्ट के आधार पर संबित पात्रा ने आआपा पर किया प्रहार

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद संबित पात्रा ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की दिल्ली में अवैध प्रवासियों पर एक विश्लेषणात्मक रिपोर्ट को लेकर आम आदमी पार्टी (आआपा) पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ये लोग तुष्टिकरण की राजनीति करते हैं। पिछले दस सालों में दिल्ली की डेमोग्राफी तेजी से बदली है। दिल्ली में रोहिंग्याओं की संख्या बढ़ने के पीछे आआपा की बड़ी भूमिका है और खतरे की सूचक भी है।
भाजपा प्रवक्ता व सांसद संबित पात्रा सोमवार को 14 पंतमार्ग पर दिल्ली भाजपा कार्यालय में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। भाजपा नेता संबित पात्रा ने कहा कि दिल्ली में अवैध प्रवासियों के सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक परिणामों का



विश्लेषण विषय पर 114 पन्नों से अधिक की जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की एक शोध रिपोर्ट जारी हुई है। पात्रा ने बताया कि इस रिपोर्ट में कहा गया है कि बांग्लादेश और म्यांमार से अवैध प्रवास के कारण मुस्लिम आबादी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि शहर की जनसांख्यिकी में बदलाव आया है। इस रिपोर्ट में सामाजिक-राजनीतिक प्रभाव सहित हर पहलू का उल्लेख किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि राजनीतिक संरक्षण के कारण डेमोग्राफी में बदलाव हुआ है। बिना दस्तावेज वाले रोहिंग्या और बांग्लादेशियों की आमद में आआपा की अहम भूमिका है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि कैसे ये राजनीतिक दल प्रवासियों के लिए फर्जी मतदाता पंजीकरण की सुविधा दे रहे हैं।

## यह चुनाव दिल्ली की तकदीर और तस्वीर बदलनेवाला चुनाव है : नड्डा

**नयी दिल्ली :** भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने सोमवार को उत्तर पूर्वी दिल्ली की बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित एक जनसभा में कहा कि यह चुनाव, दिल्ली की तकदीर और तस्वीर बदलने, आप-दा से मुक्ति पाने और विकसित दिल्ली बनाने का चुनाव है। उत्तर पूर्वी दिल्ली की बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित एनडीए की 'विशाल जनसभा' में मिल रहा प्रचंड जनसमर्थन यह बता रहा है कि दिल्लीवासी इस 'आप-दा' सरकार से त्रस्त हैं। सभा में भाजपा के वरिष्ठ नेता जेपी नड्डा ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ने का वादा कर आई केजरीवाल सरकार विगत एक दशक में दिल्ली को लूटने में कोर-कसर नहीं छोड़ी है। इस सरकार के मंत्री आकंठ घोटालों में डूबे हैं। भ्रष्टाचार, कुशासन व तुष्टिकरण इनकी स्थापित नीति बन गई है।



प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एनडीए का प्रत्येक कार्यकर्ता दिल्ली में सेवा, सुशासन और विकास की स्थापना के लिए कृतसंकल्पित है। जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संसद में प्रस्तुत बजट में हर वर्ग समेत मध्यम वर्ग को बड़ी राहत दी है। दिसम्बर-2025 तक दिल्ली को 2026 नई इलेक्ट्रिक बसें दी जाएंगी। दिल्ली की बसों में महिलाओं की सुरक्षा के लिए पैनिक बटन लगना था, लेकिन आप-दा सरकार ने नहीं लगाया। नड्डा ने आरोप लगाया कि केजरीवाल के नेतृत्व में आप-दा नेताओं ने 4500 रुपये का घोटाला प खरीद में किया। सीसीटीवी कैमरा के नाम पर 571 करोड़ का घोटाला किया।

## सोनाक्षी सिन्हा ने बेचा अपना बांद्रा पश्चिम का मकान

**मुम्बई :** बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने मुंबई में अपना एक मकान 22.50 करोड़ रुपये में बेच दिया है। यह घर बांद्रा पश्चिम के एमजे शाह ग्रुप 81 ओरिएंटल इलाके में स्थित था। इस इलाके में सुनील शेट्टी, रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण जैसे कुछ बड़े अभिनेताओं के घर भी हैं। एमजे शाह ग्रुप 81 ऑरियट परियोजना 4.48 एकड़ क्षेत्र में फैली हुई है। इसमें कई 4 बीएचके मकान हैं। अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने 2020 में यह मकान 14 करोड़ रुपये में खरीदा था। अब उन्होंने उसी घर को 22.50 करोड़ रुपये में बेच दिया है। सोनाक्षी ने जिस प्रोजेक्ट में मकान बेचा है, उसमें उनका एक और मकान भी है। उन्होंने 2023 में यह मकान 11 करोड़ रुपये में खरीदा था। रिपोर्ट के अनुसार, सोनाक्षी सिन्हा और उनके पति जहीर इकबाल की संयुक्त कुल संपत्ति वर्तमान में 100 करोड़ रुपये है। महंगे मकानों के अलावा उनके पास 1.42 करोड़ रुपये की मर्सिडीज बेंज भी है।



### सत्यम बालाजी ग्रुप में आयकर का छापा

## 1000 करोड़ रुपये के कच्चे लेन-देन की मिली गड़बड़ी

एजेंसी

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ में आयकर विभाग ने सत्यम बालाजी ग्रुप और इसकी सहयोगी कंपनी साईं हनुमंत इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड ,राइस मिलर्स, एक्सपोर्ट्स कमीशन एजेंट्स, राइस ब्रोकर्स के ठिकानों पर की गई छापे की कार्रवाई में करीब एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की गड़बड़ियों के दस्तावेज जब्त किये हैं।
छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश के 25 कारोबारी-आवासीय परिसर में छापेमारी कर आयकर अन्वेषण की सभी टीमें शनिवार देर रात कार्रवाई पूरी कर मुख्यालय लौट गई हैं। आयकर अन्वेषण की टीमों ने कैश, ज्वेलरी के साथ-साथ गड़बड़ियों के ढेरों दस्तावेज भी सीज किए हैं।
आयकर विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी है कि छापेमारी में 10 करोड़ नकद और साढ़े तीन करोड़ की ज्वेलरी जब्त की गई है। बीती शाम को राजधानी के एक दफ्तर और एक आवासीय परिसर में आयकर टीम ने सत्यम बालाजी समूह के संचालकों का बयान दर्ज कर छापे की कारवाई पूरी कर ली। सभी ठिकानों की जांच में कैश में कामकाज किए जाने के साथ-साथ बुक्स के रिकाड्र्स में भी अनियमितताएं मिली हैं।




हिंदी दैनिक
फ्रीडम फाइटर
आपके यहाँ ग्रुप गैदरिंग हो रहा है तो हमें कॉल करे
8210401562, 0651 3501612

संत माइकल्स कोलांबी में वार्षिक खेल आयोजन का आयोजन किया गया। इसमें संत माइकल्स प्ले स्कूल के नन्हे छात्रों ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरूआत सीनियर स्कूल के प्रधानाचार्य ने की, जिन्होंने छात्रों को खेल भावना और टीम वर्क के महत्त्व के बारे में बताया। इसके बाद विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें कलेक्ट द बॉल, फ्रॉग रेस और एम द बॉल इंटू द बास्केट जैसे खेल थे। यही नहीं, बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों ने भी अपने बच्चों संग विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले कर इस कार्यक्रम को और भी यादगार बना दिया। छात्रों ने अपनी पूरी ऊर्जा और उत्साह के साथ प्रतिस्पर्द्धा की।